ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 29 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-283 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

स्टार प्रभास का हैक फेसबुक अकाउंट ... पेज 10 पर



### निवर्तमान उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सौंपा कार्यभार, दी शुभकामनाएं

## पलामू में 104वें उपायुक्त के रूप में शशि रंजन ने दिया योगदान

### विकास योजनाओं को ससमय पूरा करना पहली प्राथमिकता : शशिरंजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के 104 वें उपायुक्त के पद पर शुक्रवार को आइएएस अधिकारी शशि रंजन ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे से पदभार लिया। इस मौके पर पदभार सौंपने के पश्चात निवर्तमान उपायुक्त श्री दोड्डे ने उन्हें शुभकामनाएं दी और अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने पलामू की प्रशासनिक टीम को बेहतर बताते हुए कहा कि विकास के लिए अच्छा काम किया जा रहा है। पलामू के नये उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का बेहतर प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित विकासात्मक योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित रखना और उसे ससमय पूर्ण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। इस मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह सहित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद सहित अन्य पदाधिकारियों ने बुके देकर नवपदस्थापित उपायुक्त का स्वागत किया।

### चार्जशीटेड दारोगा का पुलिस मुख्यालय ने किया तबादला

**रांची।** पुलिस मुख्यालय ने स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट के बाद कुख्यात अपराधी अमन साव को भगाने के मामले में चार्जशीटेड दारोगा का तबादला कर दिया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से गुरुवार को आदेश जारी किया गया है। चार्जशीटेड दारोगा मुकेश यादव को हजारीबाग जिला बल से तबादला करते हुए जंगल वारफेयर नेतरहाट कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, कि बीते 15 सितंबर 2019 को गिरफ्तार अभियुक्त अमन साहू को थाना हाजत में ना बंद कर आरोपित को फरार होने का मौका देने के लिए उसे थाना प्रभारी कक्ष से सटे गेस्ट हाउस में रखा गया। आरोप की पुष्टि के आधार पर मुकेश कुमार के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किए जाने का उल्लेख है। अमन साव को 27 सितंबर 2019 की रात बड़कागांव थाना के अतिथि कक्ष से भगाया गया था। इस मामले में तत्कालीन डीआइजी एवी होमकर ने मुकेश कुमार को बर्खास्त कर दिया था। बाद में तत्कालीन प्रभारी डीजीपी एमवी राव ने मुकेश कुमार की सेवा बहाल कर दी थी।

## रांची जमीन घोटाला- प्रेम प्रकाश को रिमांड पर लेगी ईडी

### अवैध खनन केस में जेल में बंद है प्रेम प्रकाश



**रांची।** रांची जमीन घोटाले में पहले से जेल में बंद प्रेम प्रकाश को ईडी रिमांड पर लेगी। प्रेम प्रकाश को ईडी ने बीते साल साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के केस में गिरफ्तार किया था। अब ईडी ने चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की डील से जुड़े केस में रिमांड पर लेने का फैसला लिया है। सोमवार को ईडी प्रेम प्रकाश को रिमांड पर लेने का आवेदन ईडी की विशेष अदालत में देगी।

**जमीन घोटाले में ईडी ने दस्तावेजों में कहां पायी प्रेम की भूमिका :** ईडी ने चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की डील में प्रेम प्रकाश की मुख्य भूमिका पायी है। प्रेम प्रकाश के शागिर्द पुनीत भार्गव के नाम पर एक एकड़ जमीन की डीड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 6 फरवरी 2021 को हुई थी। बाद में पुनीत भार्गव ने यह जमीन एक अप्रैल 2021 को विष्णु अग्रवाल को बेची थी। इस जमीन की डील में तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपये प्रेम प्रकाश को मिलने की बात पुनीत भार्गव ने कही थी। ईडी ने जांच में पाया है कि यह पूरी जमीन विष्णु अग्रवाल ने पुनीत भार्गव से 1.80 करोड़ में ली थी। जमीन में फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड अफसर अली के करीबी के खाते में 25 लाख पुनीत भार्गव ने डाले थे।जिसमें से 18 लाख सद्दाम के ग्रीन ट्रेडर्स के खाते में डाले गए थे। इस मामले में ईडी प्रेम प्रकाश से उसकी भूमिका को लेकर पूछताछ करेगी।

**पूर्व डीसी का नाम लेकर डेढ़ करोड़ में सौदा :** रांची में चेशायर होम रोड की 3.61 एकड़ जमीन को रिस्ट्रिक्टेड लिस्ट से हटवाने में भी प्रेम प्रकाश की भूमिका सामने आयी है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, जमीन को रिस्ट्रिक्टेड लिस्ट से हटाने के बदले प्रेम प्रकाश ने डेढ़ करोड़ पूर्व डीसी छवि रंजन के नाम पर मांगे थे। बाद में यह जमीन रिस्ट्रिक्टेड लिस्ट से हटा दी गई थी।

## NEWS इन ब्रीफ

### दुष्कर्म के आरोपित को कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मो. शाहजाद की अदालत ने शुक्रवार को दुष्कर्म के आरोपित राजीव कुमार को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। राजीव पर एक युवती ने यौन शोषण और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद अदालत ने राजीव कुमार को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। अदालत ने अरोपित को दस-दस हजार के दो निजी मुचलकों पर अग्रिम जमानत दी है। इस संबंध में युवती की ओर से महिला थाना में कांड संख्या 17/23 दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी में युवती ने यह आरोप लगाया था कि युवक और युवती एक ही जगह कार्यरत थे। युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अदालत को बताया कि जिस जगह दुष्कर्म की बात कही गई है, वह पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस है। उन्होंने कहा कि जो भी आरोप लगाए गए हैं वह निराधार हैं।

### मानव तस्कर पन्ना लाल महतो के नाम पर धमकी देने का मामला दर्ज

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद मानव तस्कर पन्ना लाल महतो के नाम पर पुंदाग इलाके में जमीन मालिक को जमीन छोड़ देने की धमकी देने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित साहू चौक के समीप रहने वाले प्रतिश ने पुंदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि विगत कुछ महीनों से पन्ना लाल मुझे मेरी खतियानी जमीन को उसके साथ ब्रिकी करने के लिए जबरदस्ती दबाव बनाने के लिए फोन पर धमका रहा है। साथ ही धमकी भरे शब्दों में जमीन बिक्री नहीं करने पर अंजाम भुगतने की बात कर रहा है। इसकी सूचना पुलिस को ना देने की धमकी भी दे रहा है। पन्ना लाल महतो ने मालिक को कहा कि यदि पुलिस के पास गये तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना। जेल में बंद पन्नालाल दो अलग-अलग नंबर से फोन पर धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार व बाइक में सीधी टक्कर, दो की मौत

**खूंटी।** खूंटी-तमाड़ रोड पर खूंटी थानांतर्गत जिकिलता गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक कार व बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तमाड़ के बीरडीह गांव निवासी रामनवमी गौंझू के पुत्र संदीप गौंझू (23) और पश्चिम बंगाल के झालदा निवासी तारापदो गौंझू (59) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार संदीप गौंझू शुक्रवार सुबह अपने घर से अपने रिश्तेदार झालदा निवासी तारापदो गौंझू के साथ बाइक से किसी काम से तोरपा में रहनेवाले अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहा था। उसी दौरान जिकिलता गांव के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक लाल रंग की मारुति स्विफ्ट डिजायर कार से बाइक की सीधी टक्कर होगा।

## सीएम ने पर्यटन स्थलों के विकास व स्टेडियम का निर्माण जल्द कराने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को राज्य के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के विकास और खेल स्टेडियम के निर्माण को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इससे संबंधित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों इस निमित उपायुक्त रांची को वन क्षेत्रों में आने वाले पर्यटन स्थलों के विकास का प्रस्ताव व प्राक्कलन संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी से प्राप्त कर उपलब्ध कराने, डीपीआर तैयार करने में भवन निर्माण विभाग द्वारा सूचीबद्ध परामर्शी की सेवा लेने और इको टूरिज्म के मानकों का ध्यान रखते हुए प्राकृतिक सौंदर्य से मेल रखने वाले संरचनाओं की प्रधानता रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने गेतलसुद डैम के पास पर्यटन विकास के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित कर भूमि प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। रांची के गेतलसूद में चिन्हित भूमि पर रिसोर्ट बनाने के लिए डीपीआर और आगे की आवश्यक कार्रवाई जल्द पूरी करने का निर्देश मिला है। इसको लेकर उपायुक्त रांची द्वारा भूमि चिन्हित कर उसके हस्तांतरण की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त रामगढ़ को रजरप्पा में पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं जरूरतों का आकलन तथा उसके लिए भूमि चिन्हित कर आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने रजरप्पा पर्यटन क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के लिए विशेष तंत्र विकसित करते हुए क्षेत्र को स्वच्छ रखने को प्राथमिकता देने की बात कही है। इस कार्य हेतु आवश्यकतानुसार कंसल्टेंट की सहायता लेने का निर्देश दिया है।

**खेल स्टेडियम का निर्माण मानकों के अनुरूप हो :** मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तो को कहा है कि वैसे प्रखण्ड जहां पूर्व से स्टेडियम स्वीकृत नहीं है, वहां स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्ताव विभागीय निदेशों के अनुरूप प्रेषित करें। स्थल का निरीक्षण करते हुए स्टेडियम निर्माण के सभी मानकों के अनुरूप प्राक्कलन तैयार कराया जाय। प्रेषित प्रस्ताव में स्टेडियम निर्माण के औचित्य -आवश्यकता, भूमि विवरणी, गूगल मैप आदि समाहित हो। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्थल का चयन करते समय इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाय कि चयनित स्थल महाविद्यालय-विद्यालय से ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### धार्मिक एवं इको टूरिज्म पर जोर

मुख्यमंत्री ने उपायुक्त चतरा को ऐतिहासिक ईटखोरी एवं कौलेश्वरी में पर्यटकों की सुविधा हेतु आवश्यक कार्यों का आकलन तथा कार्यों के लिए भूमि चिन्हित कर आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराने कहा है। वहीं, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम को सारंडा, थलकोबाद एवं किरीबुरू में इको टूरिज्म विकास हेतु संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी से प्रस्ताव प्राप्त कर भूमि विवरणी तथा आवश्यक अनापत्ति के साथ विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने गुमला के डुमरी स्थित सिरा -सीता धाम पर्यटन स्थल का सौंदर्यीकरण एवं विकास, आंजनधाम, नवरत्नगढ़ और टांगीनाथ पर्यटकीय विकास परियोजनाओं कार्यान्वयन जल्द करने का आदेश दिया है।

### मुख्यमंत्री 74वें वन महोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा

## विकास कार्य व पर्यावरण में संतुलन जरूरी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन वर्तमान समय में महत्वपूर्ण विषय है। राज्य सरकार पर्यावरण और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयासरत है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग इस निमित्त कई नए कड़ियों को जोड़ने का कार्य निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्लाइमेट चेंज को लेकर पूरी दुनिया चिंतित है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों में भागीदारी का संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। झारखंड नाम से ही यह समझ सकते हैं कि हमारा राज्य जंगल-झार से भरा प्रदेश है। झारखंड प्रदेश देश में सबसे अलग और कहा जाए कि बहुत ही महत्वपूर्ण राज्यों में से एक है। इस राज्य को जल, जंगल, जमीन के लिए जाना जाता है। क्योंकि, यहां के आदिवासी-मूलवासी जल, जंगल, जमीन से ही प्रेम करते हैं। झारखंड प्रदेश को देश के अन्य राज्यों के लोग खनिज संपदा के लिए प्रेम करते हैं। प्रकृति ने देश की 40 प्रतिशत खनिज संपदा से इस राज्य को नवाजा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली नामकुम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वृक्षों के संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। इस वर्ष राज्य में दो करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में 50 हजार एकड़ भूमि पर बिरसा हरित ग्राम योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री वन धन योजना के तहत पेड़ लगाने पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का विचरण समय-समय पर होता है। क्योंकि, जानवर भी गतिशील प्राणी होते हैं। हाथी का भी संरक्षण और मानव जीवन का भी संरक्षण हम सभी की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## कैश कांड के आरोपित कांग्रेस विधायक इरफान, राजेश व नमन विधायक निलंबन मुक्त

**रांची।** कैश कांड के आरोपित कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाडी और राजेश कच्छप निलंबन मुक्त कर दिए गए हैं। कैश कांड में तीनों विधायकों का पक्ष सुनने के बाद पार्टी ने यह फैसला किया है। विधानसभा परिसर में शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। पिछले साल कांग्रेस के तीन विधायक डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप पश्चिम बंगाल में काफी मात्रा में नकदी साथ पकड़े गए थे। गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने तीनों विधायकों को निलंबित कर दिया था। स्पीकर के न्यायाधिकरण में भी मामला पहुंचा था। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने स्पीकर कोर्ट में शिकायत दर्ज की थी। राजेश ठाकुर ने बताया कि तीनों को निलंबन मुक्त करने को लेकर पार्टी की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई, 2022 को कैश कांड मामले में पार्टी ने तीनों विधायकों को निलंबित कर दिया गया था।

### जमीन घोटाला : छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। छवि रंजन के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि उन्हें सिर्फ मौखिक बयान के आधार पर आरोपित बनाया गया है। इसलिए छवि रंजन को जमानत दी जानी चाहिए। जबकि ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने अपनी बहस में कहा कि जमीन घोटाले के प्रमुख आरोपित छवि रंजन ही हैं, इसलिए इन्हें बेल नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## झारखंड के एक और आईएएस ईडी के रडार पर, राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड में अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही ईडी ने राज्य सरकार से सीनियर आईएएस के श्रीनिवासन के बारे में रिपोर्ट मांगी है। वह राज्य में खान एवं उद्योग सचिव सहित कई वरिष्ठ पदों पर रह चुके हैं। ईडी ने सरकार के गृह विभाग से जानना चाहा है कि श्रीनिवासन पर पूर्व में कोई एफआईआर दर्ज हुई है या किसी तरह की जांच हुई है तो उसका ब्यौरा, कॉपी और चार्जशीट उपलब्ध कराई जाए। ईडी ने राज्य के पत्र की कॉपी राज्य के पुलिस मुख्यालय और एंटी करप्शन ब्यूरो को भेजी है। झारखंड के खनन घोटाले में जांच के दौरान ईडी ने पूर्व खान सचिव पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था। वह पिछले एक साल से जेल में हैं। सिंघल के पहले खान और उद्योग विभाग के सचिव के पद पर के श्रीनिवासन पोस्टेड थे। उस समय उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से संबंधित छह से ज्यादा शिकायतें एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) तक पहुंची। उस समय उन पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए एसीबी ने मंत्रिमंडल सचिवालय तथा निगरानी विभाग से अनुमति मांगी थी।

### कावायद | विधानसभा ने 31 जुलाई तक मांगे हैं विधेयकों पर संशोधन

## सदन में पेश होने के लिए चार विधेयक तैयार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में चार विधेयक लाने की तैयारी है। झारखंड विधानसभा सचिवालय ने कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक 2023, आरोग्यम इंटरनेशनल विवि विधेयक 2023, झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक 2023 और सीवी रमन ग्लोबल विवि विधेयक 2023 को पुनर्स्थापित करने की सूचना विधायकों को दी है। विधानसभा ने इन चार विधेयकों पर संशोधन 31 जुलाई तक मांगे हैं।

**कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक :** इस विधेयक के पारित होने के बाद महिलाएं रात्रि पाली में भी काम कर पाएंगी। राज्य में रोजगार व औद्योगिकीकरण को बढ़ाने के लिए उदेश्य से बदलाव किए गए हैं। महिला व पुरूष कामगारों को जीवनयापन के लिए समान अवसर मिलेगा।

**अरोग्यम इंटरनेशनल विवि विधेयक 2023 :** राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान के उदेश्यों की प्राप्ति के लिए राज्य में सकल नामांकन अनुपात बढ़ाना जरूरी है। प्रतिवेदन के मुताबिक, राज्य में सकल नामांकन अनुपात महज 17 फीसदी है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निजी विवि की सथापना के लिए मॉडल दिशा निर्देश पूर्व के संकल्प से जारी किए गए हैं। इसी के तहत अरोग्यम इंटरनेशनल विवि विधेयक 2023 प्रस्तावित है।

**सीवी रमन ग्लोबल विवि विधेयक 2023 :** सीवी रमन ग्लोबल विवि की स्थापना का उदेश्य मानव विकास से जुड़े विषयों में अनुसंधान, अभ्यास का है। कोडरमा जिले में यह अवस्थित करने का प्रस्ताव है। यह विवि गैर संबद्ध विवि के रुप में कार्य करेगा। विवि को राज्य या केंद्र सरकार से कोई अनुदान या वित्तिय सहायता नहीं दी जाएगी।

**झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023 :** इस संशोधन के द्वारा झारखंड कल्याण निधि अधिनियम के तहत वकालतनामा पर लगने वाले स्टांप शुल्क को 15 रुपये से 30 रुपये करने का प्रस्ताव है। स्टांप से अर्जित राशि कल्याण ट्रस्टी कमेटी के कोष में जमा की जाएगी, इसका उपभोग अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए किया जाएगा।

## राजधानी के 50 भू माफियाओं को पुलिस ने उठाया

### बांड भरवा कर, संपत्ति की जानकारी लेकर छोड़ा

**रांची।** राजधानी में जमीन विवाद से जुड़े भू माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. आईजी रांची रेंज पंकज कंबोज के निर्देश पर गुरुवार की आधी रात से शुरू हुए इस अभियान के दौरान 50 भू माफियाओं को उठाकर थाने लाया गया। रांची के 17 थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई इस कार्रवाई से जमीन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

**थाने में भरा शपथ पत्र :** थाना लाए गए सभी भू माफियाओं पर उनके थाना क्षेत्रों में 3 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना लाए गए अधिकांश जमीन माफिया जमानत पर बाहर हैं। छापेमारी में कुछ वारंटी जमीन माफिया भी पकड़े गए हैं जिन्हें पुलिस ने जेल भेज दिया है। रांची पुलिस के तैयार किए गए एक शपथ पत्र पर सभी भू माफियाओं ने दो गवाहों के साथ हस्ताक्षर किया. शपथ पत्र में भू माफिया का नाम, पिता का नाम ,एड्रेस ,मोबाइल फोन सभी परिवार वालों के मोबाइल फोन ,सभी परिवार वालों के पैन नंबर ,आधार नंबर ,सभी परिवार वालों के अकाउंट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### किन थानों से कितने लोग उठाए गए

रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहरी और ग्रामीण कुल मिलाकर 17 थाना क्षेत्रों में रहने वाले दागी जमीन कारोबारियों के खिलाफ 24 से ज्यादा पुलिस टीमो ने एक साथ दबिश डाली. वैसे जमीन कारोबारी जिनके ऊपर 3 से ज्यादा मामले दर्ज हैं उन सबको पुलिस उठा कर थाने ले आई। रांची के एयरपोर्ट थाने से 05, पुंदाग से 05, बीआईटी मेसरा से 01, पंडरा से 04, तुपुदाना से 03, कांके से 03, टाटीसिलवे से 05, खलारी से 05, नगड़ी से 03, ओरमांझी से 03, रातू से 03 ,जगगनाथपुर से 04 और मांडर - चान्हो से 04 जमीन माफिया को थाने लाया गया था।

NEWS इन ब्रीफ

## बिजली विभाग ने चलाया बिल वसूली शिविर

**मोहम्मदगंज।** झारखंड बिजली वितरण निगम द्वारा शुक्रवार को मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में बिजली बिल वसूली का शिविर लगाया गया। शिविर में मौजूद कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हर माह की 28 तारीख को यहां बिजली बिल वसूली के लिए कैंप लगाया जाता है। इस बार इस कैंप में 150 घरेलू व व्यावसायिक बकायादारों से 2 लाख के बिजली बिल की वसूली की गई। उन्होंने बताया कि समय पर बिजली बिल जमा नहीं करने वाले बकाएदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेद कर दिया जाएगा। उन्होंने इससे बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल जमा करने की बात कही है।

### युवाओ ने किया मातम, गोल लगाकर लाठी, तलवारबाजी का किया प्रदर्शन

# छोटी ताजिया के साथ मुहर्रम का नौवीं जुलूस निकाला

**सभी संवेदनशील स्थानो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस तैनात**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** मुहर्रम की नौवीं तिथि शुक्रवार को परम्परागत तरीके से छोटी चौकी का जुलूस निकाला गया। इसमें सतगावा, सियारभुका , बनजारी , अररूआ , मेन रोड , महाराजगंज सहित कई स्थानो के मुस्लिम धर्मावलम्बी छोटी ताजिए के साथ शामिल हुए। जुलूस मेन रोड , मेन बाजार , अररूआ खुर्द सहित अन्य स्थानो का भ्रमण किया। इस दौरान युवाओ ने मातम किया। साथ ही जगह- जगह गोल लगाकर लाठी , तलवारबाजी आदि शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। वही जुलूस में पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता सहित आजसू के कई नेता शामिल हुए। जुलूस को शांति पूवक संपन्न कराने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास,एस आई निर्भय कुमार, नितीश कुमार,शिवशंकर उरांव, प्रकाश कुमार,एएसआई संजय सिंह सशस्त्र बल के साथ सक्रिय रहे। सभी संवेदनशील स्थानो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस तैनात देखा गया। जुलूस में शामिल अतहर हुसैन इरफान शाहिद माता साहिब टुडे आलम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।



# मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** प्रखंड क्षेत्र के इटको में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सको द्वारा विभिन्न रोगों से ग्रसित 191 मरीजो का जांचोपरांत इलाज किया गया। इसके अलावा सभी मरीजों के बीच मुफ्त दवा का भी वितरण किया गया। शिविर का आयोजन नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा किया गया। चिकित्सको ने बताया कि क्षेत्र के सभी जगहों पर हर रोज शिविर का आयोजन कर मरीजो का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। शिविर का आयोजन अभी लगातर जारी रहेगा। मरीजो का इलाज डॉ. सूरज कुमार व डॉ उज्ज्वल कुमार के टीम द्वारा किया गया। जिसमें एएनएम किरण कुमारी, वर्षा कुमारी, मुबारक हुसैन, रंभा कुमारी, निराला कुमार, संतोष कुमार, नितेश चंद्रवंशी, रंधीर शर्मा व गौरव कुमार ने सहयोग किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, जगदीश सिंह, निर्मल कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



## मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज बाजार क्षेत्र में मुहर्रम पर्व को लेकर शुक्रवार को हरिहरगंज पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। अधिकारी व जवानों ने प्रखंड के शहरी क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों से पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन व अधिकारियों सहित जवानों ने पैदल शहर के एनएच 98 मेन रोड, बाजार दुर्गा मंदिर, अररुआ जामा मस्जिद, बंजारी मस्जिद सहित बाजार आदि क्षेत्र में भ्रमण किया।

## संयोजिका के आरोप बेबुनियाद : मुखिया



**पाटन।** मेराल मुखिया छोटू सिंह पर महिला द्वारा शोषण के आरोप लगाने पर मुखिया जिला संघ ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है और मुखिया छोटू सिंह के सपोर्ट में एकजुट होकर आन्दोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर मुखिया संघ जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि उदय सिंह, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, उपाध्यक्ष विवेक सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, मुखिया छोटू सिंह, मुखिया जैनुल सिद्दीकी, मुखिया रणजीत कुमार, मुखिया जयशंकर प्रसाद, मुखिया अजय पासवान, मुखिया पति शिव शंकर प्रसाद, मुखिया पति हरेन्द्र सिंह व मुखिया अखिलेश पासवान मौजूद रहे। मौके पर जिलाध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि दुर्भाग्य है कि अब के प्रतिद्वंदी महिला के सहारा लेकर चुनाव में हार का प्रतिशोध निकालना चाह रहे हैं जो काफी निंदनीय है। छोटू सिंह के साथ देने के लिए जरूरत पड़ी तो पूरे जिला के 244 मुखिया यहाँ आकर साथ देंगे। मुखिया छोटू सिंह ने कहा कि मुझे फंसाने के लिए पूर्व मुखिया की यह चाल है। जिसमें कामयाब होने की बात नहीं है। छोटू सिंह ने कहा कि पूर्व मुखिया विद्यालय की जमीन का अधिग्रहण कर रखे हैं। इसका विरोध करने पर मेरे खिलाफ यह साजिश रची गई है। मौके पर पुनम देवी,सविता देवी,रंजू देवी,सविता देवी,देवी देवी,सरस्वती देवी,लव पासवान, सफीक अंसारी,प्रवीण सिंह, शयमबिहारी सिंह, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में मासिक जांच परीक्षा का आयोजन

**सतबरवा।** सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को पिछले माह की तरह विज्ञान संकाय के वर्ग 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की मासिक जांच परीक्षा का आयोजन विद्यालय के विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा किया गया।। परीक्षा पूर्ण रूप से बहुविकल्पी ,ओएमआर शीट तथा अन्य विद्यालय गतिविधि पर आधारित थी । आकलन की विशेषता यह रही कि परीक्षा के साथ-साथ परिणाम भी आज के ही दिन विद्यार्थियों के बीच प्रकाशित किया गया जिसमें प्रथम स्थान सपना पांडेय, दूसरे स्थान मंदीप चौधरी जबकि तीसरे स्थान मे गौरव मिश्रा को प्राप्त हुआ । नवाचार के उद्देश्य से अब इन तीनों विद्यार्थियों को 31 जुलाई को कौन बनेगा हजार पति कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा और किसी एक को नकद 1000 का इनाम शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी अपने तरफ से देंगे। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह आयोजित होते रहेगा। बाल मनोविज्ञान और विद्यार्थी के शिक्षण स्तर को जानने के लिए ये आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री सत्य प्रकाश शर्मा शिक्षक मनीष दीपांकर , राम रक्षा प्रसाद अरविंद कुमार, दिलीप प्रसाद , नरेंद्र राम मुकेश तिवारी सुशील टोपो रामरक्षा प्रसाद इत्यादि ने सहयोग किया।

## जहाजी नदी से निकलने वाली पइन के जीर्णोद्धार का शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के दर्जनों गांव के किसानों की भूमि सिंचित करने वलवली जहाजी नदी पाइन के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास हैदरनगर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिमलेश सिंह व संजय सिंह एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष व प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस पाइन के जीर्णोद्धार हो जाने से नौडीहा, बिलासपुर, भीखा बिगहा,चौकड़ी, बहेरा, बिंदु बिगहा, हैदरनगर व भाई बिगहा गांव के किसानों के खेतों की सिंचाई होगी। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किसानों व ग्रामीणों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए किसानों के आग्रह पर उन्होंने जहाजी नदी से निकलने वाली पाइन के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि किसानों को लगातार सुखाड़ का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए किसानों के आग्रह पर जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का काम आगे भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता की एक एक समस्या का वह समाधान कर रहे हैं। किसानों व ग्रामीणों के द्वारा जिस कार्य को कराने का आदेश उन्हे मिलता है, उसे टीम भेज कर निरीक्षण कराने के बाद योजनाओं की स्वीकृति दिलाने का काम वह करते है। कार्यक्रम में नौडीहा गांव के ग्रामीण व किसानों के अलावा, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुडु सिंह, हैदरनगर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, उदित सिंह ,दिलीप पाल, विनीत सिंह ,विनोद सिंह, अजय सिंह,भोला सिंह,प्रमोद प्रजापति, हंसराज सिंह, शिव प्रसाद रजवार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थें।

# ग्रामीण की मौत पर बंद रखा स्कूल एमडीएम में भी मिली गड़बड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**


**हरिहरगंज।** सरकार और जिला शिक्षा विभाग के लाख सख्ती के बावजूद सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। यह आलम है, हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया के एचएम युवराज सिंह के मनमानी रवैये का। जिस कारण विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से चौपट है। स्कूल का संचालन एचएम मनमाने तरीके से करते हैं। जिसे कोई विभागीय स्तर पर देखने वाला नहीं है। ग्रामीणों की शिकायत पर सलैया पंचायत की मुखिया कमला देवी ने शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान कई अभिभावक विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने बताया कि गत बुधवार को बगैर किसी कारण के एचएम ने प्रार्थना के बाद छात्रों को छुट्टी दे दी। जबकि सभी छात्रों के जाने के बाद एचएम द्वारा विद्यार्थियों के उपस्थिति रजिस्टर में हाजिरी बना दी गयी। वही गुरुवार को एचएम अपनी उपस्थिति बनाकर स्कूल अवधि तक विद्यालय से गायब रहे। वहीं छात्रों ने बताया कि विद्यालय में कभी भी मीनू के अनुसार भोजन नही दिया जाता है। अंडा या फल के जगह बिस्किट दिया जाता है। ग्रामीण मनदीप कुमार, राजन साव तथा रामदेनी साव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि एचएम की मनमानी के खिलाफ कई बार उपायुक्त के जनता दरबार व शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों को आवेदन देने के बावजूद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है। मुखिया कमला देवी, समाजसेवी मनोज गुप्ता सहित कई ग्रामीण ने बताया कि एचएम से विद्यालय का सही संचालन करने की बात कहने पर जेल भेजवा देने की धमकी देते हैं। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय बंद, मीनू के अनुसार भोजन, विद्यालय विकास फंड तथा विद्यालय से गायब रहने मामले की निष्पक्ष जांच कर करवाई हो अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में पूछे जाने पर एचएम युवराज सिंह ने कहा कि सलैया गांव में एक ग्रामीण की मौत हो गयी थी। जिस कारण विद्यालय बंद कर दिया। साथ ही कहा कि अंडा फल के जगह हम बिस्कुट देते हैं। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर पलामू डीएसइ मनोज कुमार ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिलते पर जांचकर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, अशोक साव, गोपाल कुमार, अनिल प्रसाद, दीपक कुमार, मदन साव, शोभी साव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### अस्पताल व निजी क्लीनिक में पहुंच रहे है मरीज

# तेजी से फैल रहा है आंखों का आई फ्लू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में बदलते मौसम में वायरल बीमारियों के साथ आंखों में संक्रमण की समस्या भी तेजी से फैल रही है। इन दिनों लोग आई फ्लू बीमारी से ग्रसित हो रहे है। इस आई फ्लू को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पिछले कई दिनों से दो दर्जन से अधिक मरीज इस बीमारी की चपेट में आ कर अपना इलाज करवा रहे हैं। इसके अलावा निजी क्लीनिक में भी लोग इलाज के लिए आ रहे हैं। इस बीमारी को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी स्वास्थ उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि इस वक्त कांजिक्टवाइटिस बीमारी फैली हुई है। इस बीमारी में आंखों में सूजन , लालीपन, आंखों से पानी बहना शूरू हो जाता है। संक्रमण फैलने व पीड़ित मरीजों के सम्पर्क में आने से दूसरे लोग भी इसकी चपेट में आ रहे है। वहीं घर के अन्य सदस्य भी इस संक्रमण की जद में आकर मरीज बन जा रहे है। डॉ. दीपक सिन्हा ने बताया कि संक्रमित मरीज अपनी आखों को छूने और पोछने से बचें। संक्रमण होने पर घबराने की जरुरत नहीं है, इन समस्या को लेकर पहुंच रहे मरीजों को इलाज के साथ दवा भी दी जा रही है।



## जिप सदस्य ने उपायुक्त का किया स्वागत

**हुसैनाबाद ।** शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में नव पदस्थापित पलामू उपायुक्त शशि रंजन से हुसैनाबाद उतरी जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता ने शिष्टाचार मुलाकात कर बुके देकर स्वागत किया। मौके पर जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि नए उपायुक्त से क्षेत्र के अधूरे विकास कार्य को पूरा करने में अहम योगदान की अपेक्षा है । उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास में प्रशासनिक पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

## मृतक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**हुसैनाबाद।** पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने ग्राम कुशा नारायणपुर में सड़क दुर्घटना में मृतक अतुल कुमार के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और श्मशान घाट भी पहुंचे। साथ ही उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके वारदात पर ही घायल आतिस कुमार एवं रंजन कुमार जो डालटेनगंज सदर अस्पताल में इलाजरत है, तुरंत सिविल सर्जन अशोक कुमार से बात कर दोनों घायलों का हालचाल पूछा एवं बेहतर इलाज के लिए सिविल सर्जन पलामू से आग्रह किया। सिविल सर्जन पलामू ने आश्वस्त किया कि मैं व्यक्तिगत रूप से उन लोगों को बेहतर इलाज की व्यवस्था कराऊंगा। इस मौके पर उनके साथ प्रखंड अध्यक्ष रमेश प्रजापति, जिला सचिव अक्षय कुमार मेहता, प्रखंड मीडिया प्रभारी विकास चंद्रवंशी, दीपक मेहता, राजू मेहता, ओम प्रकाश मेहता, प्रमोद मेहता, अखिलेश चौधरी, बिहारी पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोशियार हुसैनी यंग कमेटी ने मिलादुन्नबी का किया आयोजन

**विश्रामपुर।** मोहर्रम की संध्या पर कोशीयर हुसैनी यंग कमिटी के द्वारा मस्जिद में मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। जिसमें शहादते हुसैन जिक्रो आसार किया गया। जिसका संचालन हाफिज जमालुद्दीन ने किया। वहीं आस मोहम्मद,सैय्यद मोहम्मद रजा व सैय्यद सजायत हुसैन ने शहिदे कर्बला पर एक से बढकर एक नात पढी। जबकि मुफ्ती जाकिर हुसैन मिस्बाही ने कर्बला की वाक्यात पर जम कर रौशनी डाली। फातहा ख्वानी के बाद लंगर का भी इन्तजाम हुसैनी यंग कमिटी के लोगों ने किया था,जिसमे काफी लोग शरीक हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हुसैनी यंग कमिटी के सदर गुलाम सरवर सेक्रेटरी मंजर अंसारी,खजांची गुलाम मुस्तफा,अकरम अंसारी,मोबारक अंसारी,एकबाल अंसारी,आफताब अंसारी ,सहारे हुसैन,महबूब आलम,वसीम अकरम आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन

**सतबरवा।** बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज गेट के पास शुक्रवार को वित्त रहित शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ झारखंड प्रदेश के आह्वान पर झारखंड सरकार की गलत नीतियों का जोरदार विरोध किया गया। हाथ में तख्ती लेकर कॉलेज के कर्मचारी गण सरकार से मांग में वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करो , इंटर कॉलेज का अधिग्रहण करो व घाटा अनुदान चालू करो की मांग कर रहे थे। कॉलेज के प्रोफेसर अजय प्रसाद के साथ सभी कर्मचारियों ने हाथ में तख्तियों में लिखे हुए नारे लगाते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।


**न्यायालय: प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल**

**उपस्थिति सूचना**

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई दिनांक 11.08.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित है।

अतः जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | वनवाद संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ एवं अन्य | घटना स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | C 188/2023 | 17 / 2023 | साल सूट – 135 पीस, साईकल – 5 पीस, टांगी – 2 पीस | खजुरी सुरक्षित वन |
| 02 | C 718/2023 | 18 / 2023 | कहुआ (अर्जुन) जलावन – 20 क्विंटल लगभग | बोड़ी सुरक्षित वन |
| 03 | C720 / 2023 | 19 / 2023 | कहुआ (अर्जुन) जलावन – 2 क्विंटल लगभग | बोड़ी सुरक्षित वन |
| 04 | C454/2023 | 20 / 2023 | साल चिरान – 45 पीस | चटकमान |
| 05 | C 362/2023 | 21 / 2023 | 500 कि0ग्रा0 जलावन | डोल सुरक्षित वन |
| 06 | C 406/2023 | 22 / 2023 | साल बोटा – 16 पीस | दुधवल सुरक्षित वन |
| 07 | C 427/2023 | 23 / 2023 | 2 क्विंटल साल, आसन, भरहुल प्रजाति की लकड़ी | गड़िया सुरक्षित वन |
| 08 | C 512/2023 | 24 / 2023 | हरा साल सुट – 16 पीस, टांगी – 2 पीस, साईकल – 2 पीस | जमौति सुरक्षित वन |
| 09 | C 979/2023 | 05 / 2023 | मोटरसाईकल हिरो HF DELUXE No. – CG30C – 5375, साल चौपहल – 03 पीस। | हेताड़कला सुरक्षित वन। |

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 303503 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D



**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**

**प्री मैट्रिक छात्रवृति के लिए आवश्यक सूचना**

शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु पलामू जिला अन्तर्गत विद्यालयों में प्री–मैट्रिक पाठ्यक्रम (कक्षा 1 से 10) में अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं को प्री–मैट्रिक छात्रवृति हेतु ई–कल्याण पोर्टल (ekalyan.cgg.gov.in) आवेदन हेतु खोला गया है, जो निम्नप्रकार है:–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कारवाई | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक सत्र 2023–24 में नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं का INO द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर प्रविष्टि एवं आवेदन का सत्यापन। | 20.07.2023 | 20.10.2023 |
| 2 | DNO स्तर पर संबंधित विद्यालयों के छात्र–छात्राओं का सत्यापन एवं भुगतान की प्रक्रिया। | 20.08.2023 | 20.11.2023 |

सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/सभी प्रधानाध्यापक को सूचित किया जाता है कि सभी योग्य लाभार्थियों को छात्रवृति के लाभ से आच्छादित करना सुनिश्चित करेंगें। यदि छात्र–छात्राओं को छात्रवृति से वंचित रहते हैं तो इसकी सारी जवाबदेही आप सबों की होगी।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 303505 (District) 23-24 (D)



**कार्यालयः–**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................/ दिनांक ................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2023 को ग्राम–जिरमी, थाना–कुरूमगढ़, जिला–गुमला के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 04:30 बजे अपराह्न 101 पीस साल बोटा को जप्त कर चैनपुर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 101 पीस साल बोटा के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

:–वन है,तो जीवन है–:

PR303520 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर–मेदिनीनगर**

पत्रांक................/ मंडल, लातेहार शिविर – मेदिनीनगर दिनांक............/2023

**अति–अल्पकालीन निविदा (तृतीय आमंत्रण) सूचना संख्या 01/2023–24 दिनांक 28.07.2023**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर – मेदिनीनगर।
2. विभाग का नाम :– जल संसाधन विभाग, झारखण्ड राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्र की का स्थान :– मुख्य अभियंता(यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, राँची/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक अंचल, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर – मेदिनीनगर का कार्यालय।
4. अग्रधन की राशि :– रू0. 6600.00( रूपेय छः हजार छः सौ)
4. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– कार्यालय यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर – मेदिनीनगर।
5. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 31.07.2023 से 08.08.2023 तक (कार्यालय अवधि में)
6. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 10.08.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक।
7. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 10.08.2023 को 3:30 बजे अपराह्न ।

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नकटीनाला वीयर योजना के यॉंत्रिक कार्य। | 3,29,480.00 | 750.00 | 04(चार) माह। |

नोट : 1. निविदा की शर्तें प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता हैं।
2. निविदा बिना कारण बताऍं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर–मेदिनीनगर

PR 303519 District(23-24)#D



**कार्यालय:सहायक निबंधक सहयोग समितियां मेदिनीनगर अंचल पलामू**

**पैक्सो (प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति) में निर्वाचन सम्बंधी सूचना**

| पैक्स का नाम प्रखंड | नमांकन की तिथि | निर्वाचन (विशेष आम सभा) की तिथि | निर्वाचन पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|
| चेचन्हा पैक्स/नावाबाजार | 16.08.2023 | 25.08.2023 | श्री निषितोष ठाकुर |
| मड़गाव पैक्स/ चैनपुर | 16.08.2023 | 25.08.2023 | श्री आशीष खलको |
| गुरी पैक्स/ विश्रामपुर | 16.08.2023 | 25.08.2023 | श्री संजय कुमार (विश्रामपुर) |
| नावाडीह पैक्स/ रामगढ | 16.08.2023 | 25.08.2023 | श्री बसंत राय |
| लोहड़ी बोहिता पैक्स/सतबरवा | 16.08.2023 | 25.08.2023 | श्री सखी चन्द्र दास |
| बारालोटा पैक्स/ मेदिनीनगर | 16.08.2023 | 25.08.2023 | श्री देवशंकर प्रसाद |
| हुटुंगदाग पैक्स/ छतरपुर | 21.08.2023 | 31.08.2023 | श्री आशीष खलको |
| लहरबंजारी पैक्स / ऊंटारी रोड़ | 21.08.2023 | 31.08.2023 | श्री बसंत राय |
| शाहपुर दक्षिणी पैक्स / चैनपुर | 21.08.2023 | 31.08.2023 | श्री निषितोष ठाकुर |
| गुलाब झरी पैक्स/ नौडिहाबाजार | 21.08.2023 | 31.08.2023 | श्री सखी चन्द्र दास |
| हैदरनगर पैक्स/ हैदरनगर | 21.08.2023 | 31.08.2023 | श्री देवशंकर प्रसाद |
| घुटुआ पैक्स/ सतबरवा | 21.08.2023 | 31.08.2023 | श्री संजय कुमार (विश्रामपुर) |
| पतरिया खुर्द पैक्स/ चैनपुर | 26.08.2023 | 05.09.2023 | श्री संजय कुमार (विश्रामपुर) |
| विशुनपुर पैक्स/ नौडिहाबाजार | 26.08.2023 | 05.09.2023 | श्री आशीष खलको |
| सिंगरा खुर्द पैक्स/ मेदिनीनगर | 26.08.2023 | 05.09.2023 | श्री देवशंकर प्रसाद |
| बेड़मा बभंडी पैक्स/ रामगढ | 26.08.2023 | 05.09.2023 | श्री निषितोष ठाकुर |
| चराई 2 पैक्स / नौडिहाबाजार | 26.08.2023 | 05.09.2023 | श्री सखी चन्द्र दास |
| लटपौरी पैक्स / मोहम्मदगंज | 26.08.2023 | 05.09.2023 | श्री बसंत राय |

विश्वासभाजन
ह/-
सहायक निबंधक
सहयोग समितियां,मेदिनीनगर अंचल, पलामू

PR 303542 District(23-24).D

# जन कल्याण ट्रस्ट ने किया पौधारोपण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत पूर्वडीहा गांव में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ। इस कार्य को संपन्न बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, वरिष्ठ सदस्य संतोष दुबे, बंटी कुमार गुप्ता, अखिलेश पाठक, मिथिलेश दुबे प्रमुख थे। मौके पर अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि जिस प्रकार से वृक्ष काटे जा रहे हैं, उस अनुपात में वृक्ष लगाए नहीं जा रहे हैं। जिसका असर स्पष्ट दिखाई दे रहा



है। जल, जीवन, ऑक्सीजन, गर्मी बहुत सारे चीजों से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए हमें चाहिए कि वृक्ष अवश्य लगे। लोगों से यह अपील करता हूं कि ज्यादा से ज्यादा वृक्ष को लगायें। ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य संकल्पित हैं कि युद्ध स्तर पर पेड़ लगाने का कार्य करेंगे, जिससे समस्याओं का निदान हो सके। उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने बताया कि धरती मां के हम सब पुत्र हैं, इस प्रकार वृक्ष भी उन्हीं के संतान हैं उसे भी जीने का अधिकार है। वृक्षों को ज्यादा से ज्यादा लगाने की जरूरत है, जिसके लिए ट्रस्ट के पदाधिकारी समर्पित हैं।

# जमीनी विवाद में महिला को तलवार से मारकर किया घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा छेछानी टोला में गुरुवार की शाम करीब 7:00 बजे दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में कलिंदा देवी नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा छेछानी टोला निवासी लक्ष्मण तिवारी का अपने गोतीया रामाकांत तिवारी से पिछले कई वर्षों से जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा चल रहा है। इसी बीच गुरुवार की रात जमीन से संबंधित मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि रमाकांत तिवारी के घर के लोग लक्ष्मण तिवारी की पत्नी कलिंदा देवी को तलवार से सिर में मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिये। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना के बाद घायल के परिजनों द्वारा मारपीट से संबंधित मामला मेदिनीनगर शहर थाना में दर्ज करा दिया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बहुजन समाज पार्टी के शिष्ट मंडल ने पलामू एसपी का किया स्वागत

**मेदिनीनगर।** बहुजन समाज पार्टी के पलामू जिला शिष्ट मंडल ने,पलामू जिले के नए उपायुक्त एवं जिला कप्तान से मुलाकात की। शिष्ट मंडल में पलामू लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार सोनी,पूर्व प्रदेश प्रभारी पुनीत कुमार अंबेडकर, पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती, सुनील कुमार रवि,रवि शंकर , कपिल कुमार रवि ने मिलकर बधाई शुभकामना दी।

### पलामू डीसी पैरवी किए गए लोगों के लिए काम करते थे : रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आम लोगों के लिए नहीं पैरवी किए हुए लोगों का बात सुनते थे। आम जनता के लिए कोई काम नहीं किया। यहां तक की मजदूर को दो वक्त की रोटी देने वाला बालू घाट चिन्हित करने में भी मजाक कर गए। जिसके चलते व्यवसायियों का भी हाल खराब हो गया, छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम का अक्षरशः पालन नहीं किया। इन्होंने बड़े पैमाने पर आदिवासियों की जमीन एवं गैर कानूनी रूप से पत्थर माइंस भी देने का काम किया है। नाम बड़े और दर्शन छोटे का हिसाब किताब था पलामू डीसी का। जनता दरबार में केवल भीड़ लगाकर लोगों का आवेदन लेते थे। लेकिन उस पर काम नहीं होता था। पलामू जिला एक गरीब जिला रहा है। यहां के लोग भोले भाले रहे हैं ऐसी परिस्थिति में अफसरशाही के रूप में और बड़े लोगों के पक्ष में काम करने वाले पलामू उपायुक्त का यहां से चला जाना पलामू वासियों के लिए हितकर था। पलामू की जनता उनको जाने पर हार्दिक बधाई देती है।

### भाजपा नेत्री ने एसपी चंदन सिन्हा को धन्यवाद प्रेषित किया

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा, स्वतंत्र निदेशक भारत सरकार सह पूर्व जिला पार्षद पांकी की श्रीमती लवली गुप्ता ने पलामू जिला के कर्मठ निवर्तमान पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को पलामू में उनके बेहतरीन कार्यकाल के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। लवली गुप्ता ने कहा कि इंसानियत और मानवता की मिसाल के रूप में याद किए जाएंगे पूर्व पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा। पलामू जिला में गरीब गुरबों को न्याय दिलाने की बात हो या प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त करना या रक्त के सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को एक आवाज पर रक्त उपलब्ध कराना हो इस तरह के सराहनीय कार्य कर इंसानियत और मानवता की मिसाल कायम रखने के लिए पलामू के पूर्व पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को पलामूवासी हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने पुर्व एसपी के उज्जवल व स्वर्णिम भविष्य की कामना की।गुप्ता ने कहा कि एसपी चंदन सिन्हा पलामू में किसी भी गरीब व्यक्ति को किसी भी समय ब्लड की आवश्यकता होती थी वह बिना सोचे समझे उस गरीब को ब्लड दिलाकर जान बचाने का काम किया है। उनके यहां से चले जाने से गरीब जनता मायूस है।

# टाइगर मोबाइल के जवान ने मरीज को ब्लड उपलब्ध कराया

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मरीज के परिजनों के आग्रह पर शहर थाना टीओपी वन के टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान ने मरीज को ब्लड उपलब्ध कराया। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो निवासी मुमताज अंसारी पिछले कई महीनों से शरीर में इंफेक्शन होने की वजह से बीमारी से जूझ रहा है। मुमताज अंसारी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसे ब्लड की आवश्यकता थी। इसी बीच टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान सदर अस्पताल पहुंचे तो मरीज के परिजन टाइगर मोबाइल के जवान से ब्लड व्यवस्था कराने की अपील किये। टाइगर मोबाइल के जवान ने अपने किसी परिचित से ब्लड व्यवस्था करा कर मरीज मुमताज अंसारी को दिया। इस नेक काम के लिए मुमताज अंसारी और उसके परिजनों ने टाइगर मोबाइल को धन्यवाद दिया है। बताते चलें कि मुमताज अंसारी बेहद ही गरीब व्यक्ति है उसकी पत्नी फातिमा बीवी किसी तरह लोगों से कर्ज मांग कर अपने पति का इलाज करवा रही है। महिला फातिमा के पति मुमताज अंसारी को एक यूनिट ब्लड की अभी भी अति आवश्यकता है। यदि कोई भी व्यक्ति इस गरीब व्यक्ति को ब्लड देकर सहयोग करना चाहते है तो सदर अस्पताल पहुंचकर इनका सहयोग करे।

### वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या। जानकारी के अनुसार गढ़वा नगर उंटारी निवासी अर्जुन प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार उम्र 14 वर्ष जो वर्तमान में मेदिनीनगर शहर के आबादगंज अपने मां शशि देवी के साथ रहता था। इस घटना के बारे में मृतक की मां शशि देवी ने बताया कि गुरुवार की शाम 5:00 बजे घर पर कोई व्यक्ति नहीं था। सभी लोग बाजार गए थे। इसी बीच दीपक के फांसी लगाने की सूचना मिलने पर परिजन घर पहुंचे तो देखा कि दीपक फांसी के फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद परिजनों के द्वारा फांसी के फंदे से उतारकर उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जब इसकी जानकारी मिली तो टीओपी वन के प्रभारी रेवाशंकर राणा टाइगर मोबाइल के जवान सारिक इरशाद, संतन कुमार परवेज खान

## पदाधिकारियों व कर्मियों को दिये आवश्यक निर्देश

# नये उपायुक्त ने समाहरणालय के कार्यालयों का किया निरीक्षण



### गंदगी देख जताई नाराजगी, सफाई के दिये निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के नये उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय भवन में अवस्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक 'ए' व 'सी' के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया और सभी कार्यालयों के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक मो. शकील सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने संबंधित कार्यालय में कार्यरत प्रधान लिपिक एवं अन्य कर्मियों से निष्पादित किए जाने वाले कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्रत्येक कार्यालय प्रधान से बात करते हुए मैन पावर की उपलब्धता, कार्यों का बंटवारा और कार्य निष्पादन से जुड़ी समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त रंजन ने विभिन्न कार्यालयों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में कार्यालय प्रधान और कर्मियों से संक्षिप्त चर्चा करते हुए कहा कि जो भी कार्य हैं उनका ससमय निष्पादन करें, इसके साथ ही उन्होंने संचिकाओ को बेहतर व व्यवस्थित ढंग से रखने पर बल दिया। उन्होंने पुराने अभिलेखों को सुरक्षित रखने की बात कही। उन्होंने ब्लॉक सी में गंदगी देख नाराजगी प्रकट करते हुए विशेष साफ-सफाई कराए जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया।

### 'इंसान पद से नहीं विचारों से होता है महान' इसकी मिसाल बने डीसी ए दोड्डे



**मेदिनीनगर।** पलामू के उपायुक्त कार्यालय में उस समय अजीबो -गरीब व अकल्पनीय दृश्य सामने आया जब जिले के निवर्तमान उपायुक्त ए दोड्डे ने कार्यालय के अनुसेवक के सामने झुककर उनके पांव छू लिए। इस दृश्य को देख वहां मौजूद अधिकारी, पदाधिकारी व अन्य लोग एकदम से स्तब्ध व भाव विह्वल हो गये। जिसके आगे झुककर श्री दोड्डे पांव छू रहे थे उस अनुसेवक की हालत देखते बन रही थी। अनुसेवक नन्दलाल की आँखों में खुशी के आंसू थे। उनके चेहरे का भाव बता रहा था कि आज वे अपनी सेवा से संतुष्ट और जीवन से धन्य हो गये हैं। उनकी आँखो से श्री दोड्डे के लिए अपार स्नेह व श्रद्धा के भाव बरस रहे थे। इस अप्रत्याशीत व अकल्पनीय दृश्य को जिसने भी देखा उनके हृदय गदगद थे। लोग बस यही सोंच रहे थे कि इतने ऊंचे पद पर बैठे किसी इंसान के मन में इतनी श्रद्धा के भाव हो सकते हैं कि सारे प्रोटोकॉल को दरकिनार कर अपने मातहत सबसे छोटे कर्मी का पैर छू सके। वर्तमान परिवेस में ऐसे लोग विरले ही हो सकते हैं। इस दौरान श्री दोड्डे ने बेझिझक कहा कि उनके पिता भी अनुसेवक रहे थे। नन्दलाल जी उनके पिता के उम्र के हैं। इन्होने अनुसेवक के रूप में जो सेवा की है वह यादगार रहेगा। इतना ही नहीं श्री दोड्डे ने कार्यालय के अन्य अनुसेवको को भी शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस दृश्य को देखने वाले लोग बस यही कह रहे थे कि इंसान अपने पद से नहीं बल्कि अपनी सोंच और व्यवहार से बड़ा होता है। जिसकी मिसाल आईएएस दोड्डे ने पेश की है।

# बंद घर से व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम मझीगाव निवासी नंदलाल प्रसाद उम्र 55 वर्ष का शव स्वर्गीय उपेंद्र महतो के घर से गुरुवार की शाम 5 बजे संदिग्ध अवस्था में पड़वा थाना की पुलिस ने बरामद किया है। शव बरामद होने के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है। अचानक घर से शव बरामद होने के बाद से गांव में सनसनी फैल गई है। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि नंदलाल प्रसाद उम्र 55 वर्ष अपने घर से लापता थे। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई परंतु उनका कही पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे ग्रामीणों ने नंदलाल प्रसाद के परिजनों को सूचना दिया कि उपेंद्र महतो के बंद घर से बदबू आ रही है। घर में बदबू आने की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच कर उपेंद्र महतो के घर को खुलवाये तो देखा कि नंदलाल प्रसाद का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ है। वहीं इस घटना को देखने के लिए आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ उपेंद्र महतो के घर पर उमड़ पड़ी। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार की शाम करीब 5:00 बजे पड़वा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं परिजनों का शक है कि स्वर्गीय उपेंद्र महतो की पत्नी सविता कुंवर ने कुछ लोगों के साथ मिलकर नंदलाल प्रसाद की हत्या की है और अपने घर का दरवाजा बाहर बंद कर दी। वहीं पड़वा थाना प्रभारी नकुल कुमार शाह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का खुलासा हो पाएगा।

### आयुक्त ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित राजपत्रित पदाधिकारियों एवं राजपत्रित कर्मचारियों की विभागीय परीक्षा आज संपन्न हो गई। परीक्षा के अंतिम दिन आयुक्त मनोज जायसवाल ने गिरिवर स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा ले रहे शिक्षकों को शांतिपूर्ण परीक्षा हेतु निर्देशित किया। यहां राजपत्रित पदाधिकारियों की प्रथम वार्षिक विभागीय परीक्षा, 2023 तथा राजपत्रित कर्मचारियों (सचिवालय संवर्ग को छोड़कर) की प्रथम अर्धवार्षिक जनजातीय भाषा की परीक्षा 24 जुलाई से चल रहा था। इस परीक्षा में 9 सेवा के 145 पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशासनिक सेवा के 13 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। वहीं चिकित्सा सेवा के 28, शिक्षा सेवा, पशुपालन सेवा एवं पेयजल एवं स्वच्छता सेवा के 3-3, खेल सेवा के 1, कृषि सेवा के 4, अभियंत्रण सेवा के 46 एवं अराजपत्रित सेवा के 44 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

# आपसी एकता की मिसाल है पलामू : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में शुक्रवार को श्रीमहावीर नवयुवक दल की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मोहर्रम को लेकर आयोजित समारोह के दौरान मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जेनरल खलीफा व पदाधिकारियों को पगड़ी और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसकी अध्यक्षता महावीर नवयुवक दल के जनरल अध्यक्ष युगल किशोर व संचालन महासचिव व सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने किया। इसमें बतौर अतिथि पुलिस कप्तान रिशमा रमेशन, सदर एसडीएम राजेश कुमार साह, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, नगर निगम के पूर्व उप महापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, मनोज सिंह आदि शामिल थे। मौके पर उपस्थित पलामू एसपी रिशमा रामेशन ने कहा कि आपसी एकता को बरकरार रखने में सबकी पहल की जरूरत है। पलामू की आपसी एकता देश



भर के लिए मिसाल है। मौके पर उपस्थित सदर एसडीओ राजेश कुमार साह ने कहा कि पलामू में मोहर्रम का त्यौहार हो या फिर रामनवमी का त्यौहार यहां पर दोनों समुदाय के लोग एक साथ मिलकर त्योहार को मनाते हैं। आज तक पलामू में दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे को सहयोग करते आ रहे हैं जो अन्य जिला के लिए एक मिसाल कायम है। मौके पर सदर सीओ जेके मिश्रा , महाबीर नवयुवक जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर चन्द्रवंशी , मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जनरल शहियार अली समेत हिन्दू - मुस्लिम समुदाय के सभी लोग उपस्थित रहे वही महाबीर नवयुवक जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर चन्द्रवंशी ने सभी अतिथियों और मुहर्रम कमिटी के सदस्यो को समानित किया।

### एसपी से कथित दुर्व्यवहार मामले में पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर दुबे बरी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के एमपी एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को एक मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। विदित हो कि चंद्रशेखर दुबे के विरुद्ध गढ़वा थाना में काशीनाथ तिवारी सहायक अवर निरीक्षक गोपनीय प्रवाचक गढ़वा के द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी । यह मामला गढ़वा थाना कांड संख्या 268/2015 दिनांक 9 जुलाई 2015 को भादवि की धारा 448,341,353,427,504,व 506 के तहत दर्ज किया गया था। चन्द्रशेखर दुबे पर आरोप था कि 9 जुलाई 2015 को समय करीब 12:30 बजे दिन में गढ़वा कार्यालय में घुसकर पुलिस अधीक्षक के साथ अभद्र व्यवहार कर उन्हें गाली गलौज कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाया था तथा धमकी दी थी। यह भी आरोप था कि श्री दूबे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रखे कागजातों को फाड़ दिया था। जिसकी जब्ती सूची भी बनाई गई थी। उपरोक्त केस में अभियोजन की ओर से आठ गवाहो की गवाही कराई गई थी, परंतु अभियोजन आरोप साबित करने में असफल रहा। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को बरी कर दिया ।

### प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कसियाडीह में एक 25 वर्षीय महिला सिंधु देवी उम्र 25 वर्ष अपने सास ससुर व पति के प्रताड़ना से तंग आकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सतबरवा थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है। इस संबंध में मृतक महिला सिंधु देवी के फूफा जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि दो वर्ष पहले सिंधु देवी का विवाह सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम कसियाडीह निवासी सत्येंद्र साव के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिन बीत जाने के बाद सास-ससुर, ननद और पति सतेंद्र साव के द्वारा उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। इसके अलावा उसके पति का किसी दूसरे महिला के साथ अवैध संबंध भी है। ससुराल के लोग हमेशा सिंधु देवी को प्रताड़ित करते रहते थे। इसी बीच गुरुवार की रात महिला का किसी बात को लेकर सास ससुर और ननद से झगड़ा हुआ और वह गुस्से में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लड़की के फूफा ने यह भी बताया कि शादी के बाद से लगातार ससुराल वाले पैसे की मांग करते थे और जब पैसा नहीं देते थे तो सिंधु के साथ वे लोग मारपीट करते थे। उन्होंने बताया कि सिंधु का 6 माह का एक लड़का भी है।वहीं इस घटना के बाद से पुलिस आत्महत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### जरूरतमंद मरीजों के मसीहा थे एसपी चंदन सिन्हा : धीरज

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में रक्त के सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को एक आवाज पर रक्त उपलब्ध कराकर जान बचाने का सराहनीय कार्य कर इंसानियत और मानवता की मिसाल कायम रखने के लिए के पलामू के पूर्व पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को पलामू वासी हमेशा याद रखेंगे। उक्त बातें पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक और प्रेरित करने के साथ ही अपने सहयोगियों के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने कही । सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संस्थापक धीरज मिश्रा ने बताया कि रक्त के जरूरतमंद थेलेसेमिया पीड़ित, कैंसर पीड़ित, दुर्घटना में घायल मरीज,गर्भवती महिलाओं को जब कहीं से भी रक्त उपलब्ध नही हो पाता था। तब अंत में निराशा में थक हार कर मरीज और मरीज के परिजनों द्वारा पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को अपनी समस्या बताकर रक्त उपलब्ध कराने की गुहार लगायी जाती थी। धीरज ने कहा कि अपने कार्यकाल में एस पी श्री चंदन सिन्हा ने खुद भी रक्तदान कर मरीजों को रक्त उपलब्ध कराकरजान बचाई थी। रक्त के जरूरतमंद लोगों की उम्मीद की किरण बन चुके एस पी साहब के पलामू जिला से ट्रांसफर हो जाने की जानकारी मिलने पर मन दुखी और उदास हो गया।

## कार्यक्रम | संवेदनशील व वैचारिक लेखन के माध्यम से साहित्य को समृद्ध बनाया

# सामाजिक कार्यकर्ता व लेखिका महाश्वेता देवी की पुण्य तिथि मनी

### पलामू से उन्हे बेहद लगाव था

### वैचारिक लेखन के माध्यम से उपन्यास तथा कहानियों से साहित्य को समृद्ध बनाया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका महाश्वेता देवी की पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम महाश्वेता देवी के तस्वीर पर फुल माला चढ़ा कर कार्यक्रम कि शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि महाश्वेता देवी भारत की प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका थी। उन्होने बंगला भाषा में बेहद संवेदनशील तथा



वैचारिक लेखन के माध्यम से उपन्यास तथा कहानियों से साहित्य को समृद्ध बनाया। अपने लेखन काल के साथ ही साथ महाश्वेता देवी ने समाज सेवा में भी सदैव सक्रियता से भाग लिया और इस में पुरे मन से लगी रहीं। स्त्री अधिकारों, दलितों तथा आदिवासीयों के हितो के लिए उन्होने जुझते हुए व्यवस्था से संघर्ष किया तथा इनके लिए सुविधा तथा न्याय का रास्ता बनाती रहीं। महाश्वेता देवी को पलामू से बेहद लगाव था। वे समय- समय पर पलामू आ कर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धीजियों को हमेशा मार्गदर्शन देती थीं। पलामू का कैसे विकास हो इस पर गहन चिंतन करती थी। कार्यक्रम में अनिल राम, विजय राम. प्रभात कुमार, नन्हक सिंह संतोष विश्वकर्मा, सतिश दुबे, मनोज सिंह, जयपाल मोची, शम्भु राम, राम नरेश महतो प्रदिप राम, राजेन्द्र पाल, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जमीन विवाद मारपीट में दोनों ओर से नौ लोग घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत मिरहियाडीह (अहमदनगर) गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई म एक ही समुदाय के दो लोगों के बीच हुई मारपीट में दोनों ओर से नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में डॉ.शिव प्रसाद मेहता, आलोक कुमार और संजू देवी का नाम शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष के अरुण मेहता, सुनील मेहता, शीला देवी, संतोष मेहता, रंजय कुमार और संजय मेहता का नाम शामिल है। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। जिसमें आलोक कुमार को प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया हैं। डॉ.शिव प्रसाद मेहता ने बताया कि उनकी खरीद की गई भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहता है। वहीं दूसरा पक्ष नये सर्वे के आधार पर उस भूमि पर काबिज होना चाहता हैं। जबकि नये सर्वे में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी हुई हैं।

## सीओ ने बालू लदे तीन ट्रेक्टरों को किया जब्त

**डंडाई (गढ़वा)।** अंचलाधिकारी व स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा शुक्रवार अहले सुबह संयुक्त रूप से बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। उस दौरान उनके द्वारा डंडई पिपरहवा यूरिया नदी बालू घाट से अवैध तरीके से बालू का उठाव कर डंडई की ओर जा रहे तीन ट्रैक्टरों को एक साथ जब्त कर थाना में लगा दिया गया है। जब्त किये गये तीन ट्रैक्टरों में दो ट्रैक्टर मुन्ना साह और एक ट्रैक्टर सिकंदर मेहता का बताया जाता है। इसी तरह मुन्ना साह के दोनों ट्रैक्टर में एक महिंद्रा कंपनी की जबकि दूसरा नई हॉलैंड कंपनी की। अंचलाधिकारी चोना राम हेम्ब्रम ने कहा कि गांव घर के ग्रामीणों के द्वारा डंडई यूरिया नदी पिपराहा बालू घाट से अवैध तरीके से बालू उठाव होने की जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में ही आज पुलिस पदाधिकारियों के साथ अभियान चलाकर बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी खनन विभाग को दे दी गई है। वहां से जो निर्देश प्राप्त होगा उसी के अनुसार आगे की कर्रवाई की जाएगी। सीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 अक्टूबर के बाद से सभी तरह के नदी बालू घाट से बालू का उठाव करने पर सरकार की ओर से प्रतिबंध लगा दिया गया है। बावजूद ये सभी बालू माफिया निर्देशों की अवहेलना कर कभी दानरो नदी तो कभी यूरिया नदी बालू घाट से अवैध तरीके से बालू का उठाव करते रहते थे।

# खरौंधी प्रखंड की लाइफलाइन तीनों नदियां सुखी, किसानों की खेती पर असर



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड में बारिश नहीं होने की वजह से प्रखंड के तीनों लाइफलाइन नदी पंडा नदी, डोमनी नदी तथा ढाढरा नदी पुनः सूख गया। प्रखंड के अधिकांश किसान खेती पर निर्भर है। प्रखंड के 80 प्रतिशत लोग खेती से ही जीवकोपार्जन चलते हैं। सबसे ज्यादा खेती इन तीनों नदियों की किनारे बसने वाले लोग करते हैं। इन तीनों नदियों से किसानों के लगभग 5 हजार एकड़ खेत सींचित होती थी। लेकिन प्रखंड में बारिश नहीं होने से तीनों नदियां पुनः सुख गई। जिससे किसानों को खेत सिंचाई करने में काफी परेशानी हो रही है। नियमित सिंचाई नहीं होने से उनके खेत में लगे फसल सूखने के कगार पर है। राजी के किसान भगवान दत्त मेहता, बसंत लाल श्रीवास्तव, सुरेंद्र गुप्ता, बीरेंद्र गुप्ता, शशि पासवान, शिवनाथ यादव, सहित आस-पास के दर्जनों किसानों ने बताया प्रखंड में तीन लाइफलाइन नदी है। इन नदियों में कभी पानी नहीं सुखती थी। लेकिन विगत कई सालो से प्रखंड में नियमित बारिश नहीं होने से तीनों नदी सुखने लगी है। इस वर्ष तो तीनों नदी जनवरी माह में ही सुख गई थी। बरसात की पहली वारिश में तीनों नदी में पानी का बहाव चालू हुआ था। लेकिन इधर कुछ दिनों से बारिश नहीं होने से पंडा नदी के साथ-साथ उक्त नदियां भी पुनः सुख गई है। इन नदियों से ही किसानों के हजारों एकड़ खेत सिंचित होते थे। लेकिन नदी के सुख जाने से किसानों को परेशानी हो गई है।

## युवती ने किया आत्महत्या करने का प्रयास

**मझिआंव (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के करकट्टा गांव निवासी दशरथ राम की पुत्री रूबी कुमारी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रूबी कुमारी को घर का कामकाज करने के लिए उसकी मां कही थी। इसके बाद रूबी कुमारी ने अपनी मां को कहीं बात को अनसुनी कर दी। इसी बात को लेकर उसकी मां ने उसे डांट फटकार किया तो रूबी ने आक्रोशित होकर चूहे मारने वाली कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज चल रहा है।

# निजी क्लिनिक में युवक की मौत आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता



**रमना (गढ़वा)।** श्याम सुन्दर प्रसाद के निरोग्यम निजी क्लिनिक में चिकित्सक और उसके पुत्र के द्वारा गलत ईलाज व लापरवाही से एक युवक के मौत से, आक्रोशित लोगों ने अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। जिसके सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ प्रमोद केशरी व थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने लोगों को समझा कर शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन लोग काफी आक्रोशित थे। जिसके कारण प्रशासन को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। वहीं स्थल पर पहुंची अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डा. सुचित्रा कुमारी के निर्देश पर निजी क्लिनिक को सील कर दिया गया। साथ ही रमना थाना पुलिस द्वारा निजी चिकित्सक डा. श्याम सुंदर प्रसाद व उसके पुत्र अविनाश कुमार को गिरफ्तार कर थाना ले गई। जिसके बाद मामला शांत हुआ। इधर रमना बगौंधा निवासी मंतोष मेहता की पत्नी व मृतक के मां सुनीता देवी ने थाना को आवेदन देकर निरोग्यम अस्पताल के संचालक डाक्टर श्यामसुंदर प्रसाद व उनके पुत्र अविनाश कुमार उर्फ हैप्पी पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कर्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में सुनीता देवी ने कहा कि गत रात 11 बजे अपने पुत्र राजु कुमार के पेट में दर्द के शिकायत के बाद बाजार स्थित निरोग्यम अस्पताल में इलाज के लिए ले गयी थी। जिसके बाद डाक्टर श्यामसुंदर प्रसाद व उनके पुत्र अविनाश कुमार के द्वारा इंजेक्शन के साथ कुछ टैबलेट खाने को दिया गया। दवा खाने के काफी देर बाद स्थिति में सुधार के बजाय बगड़ने लगा। इस दौरान डाक्टर के द्वारा हमेशा संतावना देते रहे कि आपका मरीज ठीक हो जायेगा। लेकिन लगातार स्थिति बिगड़ती गई और मेरे बेटे की आवाज बंद होने लगी और थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। मृतक की मां ने दोषी लोगो पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कर्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने दोनो आरोपियों को हिरासत में लेते हुए घटना कि जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने शुक्रवार को आधा दर्जन मतदान केंद्रों व मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले घरों का निरीक्षण, बीएलओ पर्यवेक्षक व बीएलओ के साथ किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी बीएलओ को एक अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष पूरा करने वाले योग्य व्यक्तियों से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए प्रपत्र 6 भरने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदाता सत्यापन कार्य के दौरान यदि मतदाता का नाम, पता मतदाता सूची में गलत हो तो सुधार के लिये प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। जिसके तहत मतदान केंद्रों पर रैम्प, विजली, पानी, शौचालय आदि की उपलब्धता की जांच किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने नरही पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय स्थित दो मतदान केंद्र, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मर्चवार, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलसलादी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक बिरेन्द्र कुमार सिंह, बीएलओ बबिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## शरीर पर पहने गये छोटे वस्त्र

# मानव के मर्यादा व लज्जा को भंग करते हैं : जीयर स्वामी

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री श्री जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि नैमिषारण्य की धरती पर सूत जी महाराज से शौनक ऋषि ने पूछा कि कलयुग में मानव का उद्धार कैसे होगा? जिस पर कथा सुनाते हुए सूत जी महाराज ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन और सत्संग से ही मानव का उद्धार कलयुग में होगा। सूत जी महाराज ने ऋषियों को भागवत जी के महिमा को सुनाते हुए कहा कि भागवत सभी वेद, उपनिषद एवं धार्मिक ग्रंथों का सार है। स्वामी जी ने कहा कि आज मानव धर्म भी करते हैं, कर्म भी करते हैं, लेकिन शर्म नहीं करते। मनुष्य का नैतिक स्तर बहुत गिर गया है, आज भजन कीर्तन में भी लोग आधुनिक अश्लील धुन बजा कर नाच रहे हैं, जो मयार्दा के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि एडवांस युग की दुहाई देने वाले लोग कम वस्त्र पहन कर अपने आप को एडवांस बता रहे हैं, जिससे उनके संस्कार बिगड़ रहे हैं। किसी भी परिस्थिति में मनुष्य को अपनी मयार्दा, संस्कृति और संस्कार को नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि मनुष्य के जीवन से यह सब चले जाने के बाद उनका विनाश निश्चित है। उन्होंने बिहार के



बक्सर जनपद के पावन भूमि की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह भूमि सतयुग से ही देवी-देवताओं की जन्म स्थली रही है। जहां त्रेता में भगवान राम स्वयं यहां आकर ऋषि- मुनियों की रक्षा के लिए आसुरी प्रवृत्ति के लोगों का संघार किया। उन्होंने कहा कि धरती पर केवल मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसके लिए कई ग्रंथ- पुराण, उपनिषद- वेद आदि की रचना के साथ कई अविष्कार किए गये। जबकि पृथ्वी पर पशुओं और अन्य जीवों के लिए आज तक कोई अविष्कार नहीं हुआ, फिर भी पशुओं ने अपना धर्म नहीं छोड़ा, लेकिन आज का इंसान विभिन्न प्रकार के आविष्कार और धर्म ग्रंथों के मौजूद होने के बावजूद अपनी मयार्दा से गिरता जा रहा है। प्रायश्चित द्वारा हमारा समाधान हो ही जाएगा यह कोई जरूरी नहीं है, हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता है। जिंदगी भर उल्टा पुल्टा काम किया और चार धाम का यात्रा करने से हो जाएगा। केवल यज्ञ से, पूजा से, दान से, तप से व्यक्ति को धार्मिक नहीं माना जाएगा। धर्म के 8 खम्भे होते हैं। यज्ञ अध्ययन तप, दान 8 खंभों में से चार खंभा साझी है. उसे अच्छे लोग भी करते हैं, बुरे लोग भी करते हैं। और चार धर्म का जो खंभा है वह केवल अच्छे लोग ही करते हैं। यज्ञ बाबा विश्वामित्र, वशिष्ठ जैसे अच्छे लोग भी करते हैं और यज्ञ पापी रावण कुम्भकरण जैसे लोग भी करते हैं. अच्छे लोग इसलिए करते हैं कि हमारे पास कुछ बल आ जाए कि उपकार करें। बुरे लोग इसलिए करते हैं कि दुसरे को सताएं। अन्य चार धर्म का जो खंभा है वह केवल अच्छे लोग में ही पाया जाता है। धैर्य, क्षमा, संतोष, अलोभ.साबुन, सर्फ, जल से कपड़ा की गंदगी साफ हो जाती है, परंतु और गंदगी साफ नही होती है। जो व्यक्ति धर्म करता है वह धार्मिक है। जो हठ करके धर्म करता है वह धमार्भास है।

## मोटरसाइकिल के साइलेंसर से जलकर युवक जख्मी

**मेराल (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के करकोमा गांव निवासी बबन भुइयां का पुत्र विशेष कुमार भुइयां मोटरसाइकिल के साइलेंसर से जलकर जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि विशेष कुमार भुइयां अपनी मोटरसाइकिल से मेराल किसी काम से आया हुआ था। घर वापस लौटने के दौरान रास्ते में मोटरसाइकिल लेकर गिर गया। इस दौरान साइलेंसर से उसका पैर जल गया।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक घायल

**मेराल (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के ओखर गारा गांव निवासी विक्रम शर्मा का पुत्र जितेंद्र कुमार शर्मा मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि जितेंद्र कुमार शर्मा किसी काम से गढ़वा जा रहा था। गढ़वा वापस अपने घर जाने के दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नगवा मोहल्ला स्थित पुल से नीचे गिर गया। घटना के बाद उसके रिश्तेदारों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है।

## युवक घायल

**गढ़वा (गढ़वा)।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकड़ी गांव निवासी लखन विश्वकर्मा का पुत्र अशोक विश्वकर्मा मोटरसाइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि अशोक विश्वकर्मा अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर शराब पीने गया हुआ था। वापस लौटने के दौरान शराब के नशे में मोटरसाइकिल को एक पेड़ से टक्करा दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों से घायल अवस्था में उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

## मारपीट में दो महिलाओं समेत चार घायल

**गढ़वा (गढ़वा)।** गढ़वा थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में मारपीट की घटना में दो महिलाओं समेत एकही पक्ष के चार लोग घायल हो गए। घायलों में श्याम बिहारी तिवारी, उनकी पत्नी इंदु देवी, पुत्र अजीत तिवारी एवं पतोहू चित्रलेखा देवी शामिल हैं। इनमें श्याम बिहारी तिवारी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायल श्याम बिहारी तिवारी ने बताया कि उनकी पतोहू चित्रलेखा देवी आंगनबाड़ी सेविका एवं डुमरिया गांव की बीएलओ भी है। गुरुवार की शाम को वह मतदाता सूची से संबंधित कार्य कर घर लौट रही थी। इस दौरान डुमरिया गांव के मुनेश्वर तिवारी एवं उनके पुत्र हर्ष तिवारी ने गाली गलौज करते हुए मतदाता सूची से संबंधित रजिस्टर को छिनकर फाड़ दिया तथा मारपीट करने लगे। तब वहां श्याम बिहारी तिवारी, इंदु देवी एवं अजीत तिवारी पहुंचकर बीचबचाव का प्रयास किया तो इनलोगों के साथ भी मारपीट की गई। इस घटना में श्याम बिहारी तिवारी के शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट लगी है। इस घटना को लेकर चित्रलेखा तिवारी ने गढ़वा थाना में मामला दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## महिला को सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पेंदली गांव निवासी शफीक अंसारी की पत्नी सैरून बीबी को शुक्रवार की सुबह में सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि सैरून बीबी अपने घर के बाहर खेत की ओर जा रही थी। इस दौरान उसके दायां पैर में सांप ने डस लिया। इसके पश्चात उसके स्वजनों ने सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत सैरून बीबी की हालत में सुधार हो रहा है।

## मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर मुहर्रम त्योहार में विधि व्यवस्था हेतु शुक्रवार को भवनाथपुर प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में नागरिक और पुलिस प्रशासन दोनों के अधिकारी शामिल थे। फ्लैग मार्च मे इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामशंकर श्रीवास्तव, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना मोड़ से कपूर्री चौक होते चपरी,बेलपहाड़ी, टाउनशिप, अरसली दक्षिणी, अरसली उत्तरी पंचायत, मकरी पंचायत के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए थाना परिसर पहुंचा। इसके अलावा मुहर्रम पर्व के सभी अखाड़ों का भी परिभ्रमण किया गया। यह फ्लैग मार्च पर्व के पूर्व विश्वास बहाली को लेकर निकाला गया ताकि पर्व शांति और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। गौरतलब है कि मुहर्रम का जुलूस 29 जुलाई को निकाला जाएगा। प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न अखाड़ों द्वारा इसकी तैयारी की गई है। जबकि पर्व पर स्थानीय प्रशासन भी चुस्त-दुरुस्त दिखाई दे रहा है। फ्लैग मार्च में एसआई सहदेव साव, एएसआई अभिमन्यु सिंह, रब्बुल अंसारी के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

## बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के मकरी ढेकुलिया टोला के पास शुक्रवार के सुबह अनियंत्रित होकर एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकराने से बाइंक चालक मकरी ढेकुलिया टोला निवासी अशोक विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज के लिए तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, यहां ड्यूटी पर तैनात सीएचओ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार अशोक विश्वकर्मा बाईक पर सवार होकर शुक्रवार के सुबह मकरी से किसी कार्य हेतु भवनाथपुर आ रहे थे। तभी बाइक चलाते वक्त नींद आने से तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकरा गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उसी रास्ते मकरी गांव से मरीज को घर छोड़कर जा रांची जा रही एक निजी एम्बुलेंस के चालक ने मानवता की परिचय देते हुए उसे उठाकर स्थानीय सीएचसी लाया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए उसी एम्बुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

# इंतेजामिया कमिटी बहियार ने बनाया भव्य ताजिया



**रमना (गढ़वा)।** इंतेजामिया कमिटी बहियार कला में मोहर्रम में ईमामे हुसैन की याद में भव्य एवं आकर्षक ताजिये का निर्माण किया जा रहा। सदर इस्तहार अंसारी, और बीस सूत्री क्रियान्वयन कार्यकारणी अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने बताया की ताजिया कारीगर ज्ञासुद्दीन अंसारी, इरफन अंसारी, हासिद अंसारी, नसीमुदिन अंसारी और सहीदन अंसारी के द्वारा करीब पचास हजार के लागत से ताजिया का निर्माण किया जा रहा है, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। मोहर्रम के सम्बन्ध में सदर इस्तहार अंसारी ने विस्तार से जानकारी दिया। मोहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है। यह महीना इस्लाम धर्म में शिया और सुन्नी मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना मुहर्रम इस साल 20 जुलाई 2023, दिन गुरुवार से शुरू हो रहा है। वहीं मुहर्रम की 10वीं तारीख यौम-ए-आशूरा के नाम से जानी जाती है। ये इस्लाम धर्म का प्रमुख दिन होता है। कहा जाता है कि मोहर्रम के महीने में हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। हजरत इमाम हुसैन इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे (नाती) थे। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम के 10वें दिन को लोग मातम के रूप में मनाते हैं, जिसे आशूरा कहा जाता है। आशूरा मातम का दिन होता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय मातम मनाते हैं। मुहर्रम की दसवीं तारीख को यौम-ए-आशूरा मनाया जाता है। यदि मोहर्रम की शुरूआत इस साल 20 जुलाई से हो रही है तो आशूरा 29 जुलाई को मनाया जाएगा। आशूरा इस्लाम धर्म की मान्यताओं के अनुसार करीब 1400 साल पहले आशूरा के दिन कर्बला की लड़ाई में इमाम हुसैन का सिर कलम कर दिया गया था। तभी से उनकी याद में इस दिन जुलूस और ताजिया निकालने की रिवायत है। अशुरा के दिन तैमूरी रिवायत को मानने वाले मुसलमान रोजा-नमाज के साथ इस दिन ताजियों-अखाड़ों को दफन या ठंडा कर शोक मनाते हैं।

## मुहर्रम नौजवान इंतजामिया कमिटी ने शरबत पानी का किया इंतजाम

**श्री बंशीधर नगर।** मोहर्रम का बड़की चौकी का जुलूस आपसी भाईचारे एवं अकीदत के साथ निकाला गया। प्रखंड क्षेत्र के बम्बा उतर टोला सुल्तान अंसारी के आवास के निकट मुहर्रम नौजवान इंतजामिया कमिटी (हुसैनी कमेटी) द्वारा शरबत पानी का इंतजाम किया गया। शरबत पानी के स्टॉल का शुभारंभ पिपरडीह मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम, सदर मुश्ताक अहमद शेख, बीडीसी प्रतिनिधि कृष्णा राम, ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से जुलूस में शामिल लोगो को शरबत पिलाकर किया गया। मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम ने कहा कि मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा शरबत पानी का आयोजन किया गया है। यह बहुत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पानी पिलाया गया। इसके लिए कमेटी के लोगों को धन्यवाद देता हूं। मौके पर उपमुखिया असगर अली, सदर मुश्ताक अहमद शेख, ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, उस्मान अंसारी, डॉ सुलेमान अंसारी, डॉ फिरोज आलम, डॉ शाहिद अंसारी, हाफिज अब्दुल हकीम, नेसार अली, सुल्तान अंसारी, बसीर अंसारी, सेराजुदिन अंसारी, कासिदराज, सैफुल्लाह, आसिफ फारुख, मोबिन, रसीद, मोनाजिर, अकलीम सहित बड़ी संख्या लोग शामिल थे।

## प्रशासन ने मेराल के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया

**मेराल (गढ़वा)।** मुहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शुक्रवार को बीडीओ प्रवेश कुमार साव, अंचलाधिकारी निकिता वाला, थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन द्वारा मेराल के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान थे। जिन्होंने मेराल हॉस्पिटल चौक, बस स्टैंड, डंडई रोड, स्टेशन रोड, बाजार टोला इत्यादि क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को त्यौहार की अग्रिम शुभकामना दी। बीडीओ प्रवेश कुमार साव, अंचल अधिकारी निकिता वाला, थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि मोहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन चौकस है तथा कहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे इसके लिए प्रशासन पूरा चुस्त-दुरुस्त है। थाना प्रभारी ने कहा कि इस दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। त्योहार में विघ्न बाधा तथा हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में एसआई अजीत कुमार, सुरजीत चौधरी, संजय कुशवाहा, संतोष कुमार, सुधांशु यादव, सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

## जीप सदस्य ने नाली निर्माण के लिए अनुशंसा की

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायत एवं दिनांक 10 जुलाई 2023 को प्रकाशित समाचार खबर के आलोक में भवनाथपुर मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर से तहसील भवन सब्जी बाजार तक सड़क पर पानी जाने से रास्ता चलने में राहगीरों, ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं की काफी परेशानी को देखते हुए इसे यथाशीघ्र नाली निर्माण कराना आवश्यक समझी। विदित हो कि शर्मा रंजनी के द्वारा प्रकाशित खबर एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायत के जांच के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर को पत्र लिखकर शिव मंदिर से तहसील भवन सब्जी बाजार तक यथाशीघ्र नाली निर्माण कराते हुए ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराने की अनुशंसा की है।

## कर्बला पर हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर फातिहा किया व मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी

# मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे व एकता का त्योहार है : एसडीपीओ

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** इमाम हसन हुसैन की शहादत के रूप में मनाया जाने वाला मोहर्रम के सातवीं तारीख को अनुमंडल मुख्यालय स्थित बिशुनपुर कर्बला पर हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर फातिहा किया। वहीं मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा सड़क के किनारे झालर लाइट एवं कर्बला को रंग-बिरंगे इलेक्ट्रॉनिक झालरों से सजाया गया था। मोहर्रम के सातवें तारीख पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, झामुमो वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि विक्रम सिंह, झामुमो नेत्री किरण देवी, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान ने आए हुये अतिथियों को अंग वस्त्र देकर



सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र बेमिसाल है। कई जगह पर संप्रदायिक बात होती है। लेकिन हमारे विधानसभा क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम आपसी भाईचारे के साथ त्योहार को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का त्योहार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे एवं एकता का त्योहार है। उन्होंने मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने अपील की। झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार इमाम हसन हुसैन की शहादत के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह क्षेत्र में एक दूसरे के प्रति सादगी, जिम्मेवारी एक दूसरे के प्रति समर्पण के साथ मनाते हैं। मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, सचिव श्रवण सिंह, अमरनाथ पांडेय,सुदेश्वर राम, जदयू नेता रविप्रकाश बबलू, पूर्व सदर तस्लीम खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर मुराद खान, खजांची लालबाबू खान, सरपरस्त शमीम खान,समाजसेवी आमीन खान, शोएब आलम, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, हृदयानंद कमलापुरी, मनदीप कमलापुरी, उमेश कुमार, रंजन कुमार छोटू,नायब सदर शमीम खान, इरफान खान, नेपाली खान, मेराजुद्दीन खान, तौकीर आलम, हैदर खान, अंसार खान, खुर्शीद खान, अजूबा खान, फेराजूल खान, मनउवर खान, तौवाब खान, नसरुल्लाह खान, अजहरुल खान, बाबू खान, अलाहू खान, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**श्री बंशीधर नगर।** मुहर्रम पर्व को लेकर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नगर उंटारी थाना से लेकर मुख्य बाजार, बंशीधर, सब्जी मार्केट होते हुए थाना पहुंचकर समाप्त हो गया। इस अवसर पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने कहा कि मुहर्रम पर्व को लेकर फ्लैग मार्च कर आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने आम लोगों से मोहर्रम का त्योहार मिल जुलकर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी ने समाज को विखंडित करने की कोशिश किया फिर समाज में अफवाह फैलाने की कोशिश कि तो उसपर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने आम लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। मौके पर पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह, पुअनि चंद्रदेव कुमार, राहुल कुमार, एसआई श्रीकांत पांडेय सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## पहलाम आज, भव्य जुलूस के साथ निकलेगी आकर्षक ताजिया

# मुहर्रम का त्योहार त्याग व बलिदान का प्रतीक है: एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
मोहर्रम कि नवमी को छोटकी चौकी का जुलुस निकाला गया। ताजिया और निशान के साथ शुक्रबाजार, कामता बेलवाही,कुजरी,परसाही, बुधबाजार,तिलैयाटांड से झंडा लेकर,या हसन या हुसैन का नारा लगाते हुए अकीदतमंदो ने हरैया मोड़ श्री राम चौक पर फतियाखानी की। जुलूस रेलवे फाटक के पास मिलान किया गया। मेन रोड होते हुई इंदिरा गांधी चौक पहुंचे जहां फतिहाखानी के बाद वापस जुलूस अपने अपने इमामबाड़ा शांतिपूर्वक लौट गए। शनिवार को पहलाम का भव्य जुलुस और ताजिया निकलेगी। मोहर्रम को लेकर तैयारी पुरी कर ली गयी है। चंदवा पुलिस प्रशासन मोहर्रम त्यौहार को लेकर पुरी तरह मुश्तैद है। चंदवा थाना प्रभारी बब्लू कुमार ने कहा की शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मोहर्रम का त्यौहार मनाये।



**एसपी पहुंचे चंदवा, मुहर्रम समितियों के साथ की बैठक:** शुक्रवार को लातेहार एसपी अंजनी अंजन मुहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेने चंदवा पहुंचे थे। अंजन तिलैयाटाँड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम में आयोजित विभिन्न मुहर्रम समितियों के साथ बैठक में भाग लिया। बैठक में मौजूद मुहर्रम समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए अंजन ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार त्याग व बलिदान का प्रतीक है। आप सब इस पर्व को आपसी प्रेम व भाई चारे के साथ मनाये। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दे। समाज में विद्वेष फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा। किसी अनहोनी की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। जिले की पुलिस आपकी सेवा व सुरक्षा में सदैव तत्पर है। एसपी अंजन ने लोगों को मुहर्रम पर्व की शुभकामनाएं भी दी। मौके पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार, पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद, तिलैयाटांड़ अंजुमन के सदर मो अब्दाल, झामुमो केंद्रीय सदस्य दीपू सिन्हा, माकपा नेता अयुब खान, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, वरिष्ठ समाजसेवी रामयश पाठक, बाबर खान,भोला खान,मो सरफराज समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
प्रखंड परिसर स्थित सीएचसी के सभागार में प्रखंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्यकर्मी को परिवार कल्याण कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। प्रभारी चिकित्सा डॉ. नीलमणी कुमार एवं एसीएमओ शंभू नाथ चौधरी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित एएनएम व एमपीडब्ल्यू को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पीएचसी नावागढ़, एचएससी, पेशरार, एचएससी तरवाडीह , एचएब्लूसी मोंगर के स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम ऐलीसंजिता एक्का, रेवती रमण , पूनम खलखो , कल्पना कुमारी सिन्हा, पंकज कुमार सीएचसी, राजकिशोर नगेशिया , सरोज लकड़ा , सहिया बबीता पांडेय , मंजू देवी , राधा देवी , जुलेखाबीबी को मोमेंटो एवं गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीपीएम वेद प्रकाश ,बेएम सुनील कुमार , ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर विशाल मिश्रा , एमटीएस अजय भारती , एएनएम संयुक्ता कुमारी , बंसती नगेशिया एएनएम , आशा किरण मिंज , बीणा कुमारी , सबीत कुमारी , ऊषा बाड़ा ,पप्पूकुमार एमपीडब्ल्यू ,सर्वश्री पांडेय ,रंजय कुमार , विकेश कुमार , सुनील सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद थे।





## लूट की योजना बना रहे अपराधियों ने की फायरिंग

# छापेमारी कर पुलिस ने एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरा गांव के पास छापेमारी कर पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अपराधी की पहचान खुरा गांव निवासी उपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है अपराधियों का गिरोह यहां किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। इस दौरान अपराधियों ने आपसी झड़प में फायरिंग भी की थी। दरअसल लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बरवाडीह थाना क्षेत्र के खुरा गांव के पास कुछ अपराधी लूटपाट और डकैती की योजना बना रहे थे। इस दौरान अपराधियों के बीच आपसी झड़प भी हुई। जिसमें फायरिंग की गई है। एसपी को मिली सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ दिलू लोहरा के नेतृत्व में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह व पुलिस की टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई और चारों ओर से घेरकर छापेमारी की गई।इधर पुलिस की गाड़ी को देखकर अपराधी भागने लगे।परंतु पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर एक अपराधी को धर दबोचा।जबकि वहां खड़े 4- 5 अन्य अपराधी जंगल का लाभ उठाकर भाग खड़े हुए।गिरफ्तार अपराधी की छानबीन के बाद उसके पास से एक लोडेड बंदूक और चार गोलियां बरामद हुईं। इस संबंध में एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अपराधियों के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अपराधी की निशानदेही पर अन्य अपराधियों की भी पहचान हो गई है।एसपी ने कहा कि घटना में शामिल अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अपराधी तथा फरार अपराधियों का संबंध किसी अन्य संगठन से है कि नहीं इसकी भी छानबीन की जा रही है।उन्होंने कहा कि इनमें से दो अपराधियों की पहचान हो गई है।अन्य अपराधियों के भी पहचान जल्दी हो जाएगी।सभी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी की जा रही है।बताया जाता है कि बरवाडीह थाना क्षेत्र में चार-पांच अपराधियों के द्वारा एक अपराधी गिरोह बनाने का प्रयास किया जा रहा था।परंतु पुलिस के द्वारा सही समय पर सटीक कार्रवाई किए जाने से आपराधिक गिरोह पनपने से पहले ही ध्वस्त हो गया।



## मासिक लोक अदालत में 35 वादों का हुआ निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मासिक लोक अदालत का आयोजन जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। मासिक लोक अदालत का संचालन सचिव प्रज्ञा बाजपाई के द्वारा किया गया। जिसमें कुल 35 वादों का निष्पादन किया गया एवं 9,24,745 (नौ लाख चौबीस हजार साथ सौ पैंतालीस) रुपए का सरकारी राजस्व प्राप्त हुआ। लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए 3 बेंचों का गठन किया गया था। पहले बेंच में राकेश चंद्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय, सदस्य अक्षय कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता, दूसरे बेंच में कमल रंजन अवर न्यायाधीश तृतीय सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सदस्य आशुतोष कुमार एवं शिशिर कुमार पैनल अधिवक्ता व तीसरे बेंच में अदनान अकीब अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह मुंशीफ, सदस्य राजीव कुमार श्रीवास्तव एवं प्रवीण रंजन पैनल अधिवक्ता शामिल थे। प्रथम बेंच से 5,50,000 (पांच लाख पचास हजार) का चेक मोटर दुर्घटना वाद के पीड़िता को दिया गया।

## संक्षिप्त

### जेएमएम नेता ने लातेहार उपायुक्त का स्वागत किया




**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सहित कई जेएमएम कार्यकताओं ने लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन से उनके लातेहार समाहरणालय स्थित कार्यालय में जाकर बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान श्री उरांव ने बालूमाथ प्रखंड के वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए कई जन समस्याओ का जानकारी दी । उपायुक्त ने कदम से कदम मिलाकर हर संभव उन समस्याओं का निराकरण करने की आश्वासन दिए। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष के अलावे जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोहर्रम को लेकर सीओ व थाना प्रभारी ने किया क्षेत्र का भ्रमण



**गिद्धौर(चतरा):** गिद्धौर प्रखंड में मोहर्रम त्योहार शांति पूर्ण मनाने को लेकर शुक्रवार को सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने दलबल के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गांगपुर, तिलैया, दुवारी सहित विभिन्न गांवों से निकलने वाले जुलूस व ताजिया को लेकर क्षेत्र का भ्रमण कर बैठक भी किया। भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी द्वारा मोहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस व तजीया रुट में पडने वाले अन्य स्थानों को चिन्हित किया गया। ताकि सुरक्षा के ख्याल से चिन्हित स्थानों पर ब्रेकेटिंग किया जा सके। साथी अखाड़ा के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यों के साथ बैठक कर पहले से निर्धारित रूट से ही जुलूस व ताजिया निकालने की बात कही। भाईचारे के साथ मोहर्रम पर्व सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील भी की गई।

### मोहर्रम पर्व की छोटकी ताजिया का जुलूस निकला

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को मुहर्रम पर्व के अवसर पर या हसन या हुसैन के नारों के साथ प्रखंड के विभिन्न ताजिया चौक से छोटकी ताजिया का जुलूस निकाला गया. प्रखंड के आदर्श नगर चौक से शहीदे कर्बला कमेटी , मदीने करबला कमेटी मुगीर्डीह , कादरिया नगर, ठुठा कुसुम, गुलजार बाग कमेटी द्वारा अपनी-अपनी चौक से छोटकी ताजिया का जुलूस नगर भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा जहां पर सभी ताजिया एवं झंडो का मिलान किया गया . छोटकी ताजिया जुलूस में मोहर्रम कमेटी के जनरल खलीफा अशफाक अहमद मुन्ना ,साबिर अहमद, अब्दुल बारी खान, फिरोज अहमद मुन्ना ,लकी खान ,सेफ अली खान, रुस्तम खान, मुसरत अली ,अयूब खान समेत काफी संख्या में कमेटी के सदस्य एवं अपने-अपने चौक के ताजिया दार सदस्य महिलाएं लोग शामिल थे. इसके साथ ही शनिवार को मोहर्रम का मुख्य जुलूस निकालने की तैयारी कमेटी के द्वारा सदस्यों द्वारा किया जा रहा है. वही मोहर्रम के अवसर पर एकता कमेटी द्वारा आंबेडकर चौक परिसर में सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया है।

### सोलर जलमीनार खराब, ग्रामीण परेशान

**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत पिपराडीह गाँव में घर-घर जलनल योजना अंतर्गत लगाए गए सोलर जलमीनार पिछले 15 दिनों से खराब है, जिसके कारण ग्रामीण काफी परेशान हैं ,ग्रामीण महेश यादव ,पाना यादव, मोहन राम, एतो राम, हुलसी देवी, रोशनी देवी ,शंकर यादव, बेचू यादव सहित कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिपराडीह में घर-घर जलनल योजना अंतर्गत पिएचडी विभाग से जलमीनार लगाया गया था परन्तु नव निर्मित जलमिनार पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा हुआ है. जल मीनार खराब होने से यहां के ग्रामीणों को पानी पीने के साथ-साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफी परेशानी हो रही है. ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय व पीएचडी विभाग से अविलम्ब सोलर जलमिनार को दुरुस्त करवा पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

### झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य पहुंची माता भद्रकाली मंदिर, की पूजा अर्चना

**इटखोरी(चतरा):** झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. आभा वीरेन्द्र अकिचंन ने शुक्रवार को जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत माता भद्रकाली मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। डॉ. अकिंचन सर्वप्रथम मां भद्रकाली की पूरे विधि विधान के साथ पूजा की। पूजा के दौरान पुजारियों ने बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. अकिचंन को आशीर्वाद स्वरुप माता की चुनरी भेंट की। इसके बाद हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना की।

## संत जोसेफ प्लस 2 स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में सत्र 2022-23 के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित बीडीओ अमरेन डांग एवं विशिष्ट अतिथि फादर सुरेश शामिल हुए। समारोह की शुरूवात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि तथा विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद प्राचार्य फादर दिलीप ने मुख्य अतिथि का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया। प्राचार्य फादर दिलीप ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित करने से छात्रों में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आएगी, मेधावी छात्र यह मुकाम कठिन परिश्रम से प्राप्त करते है। मेघावी छात्र सम्मान उसी का एक उदाहरण है। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए बीडीओ अमरेन डांग ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को सतत प्रयास करने की सीख दी। बीडीओ डांग ने छात्रों को बताया कि जीवन में सफल होने के लिए, आपको लक्ष्य निर्धारित करने और उसके प्रति दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन सरोज मिश्रा ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन अजय खाखा ने किया। वहीं समारोह में सम्मानित होने वाले छात्रों और उनके अभिभावक के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावा जोसा उपाध्यक्ष तनवीर अहमद, सभी मेधावी छात्रों के अभिभावक, विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे।



## कामरेड चारू मजूमदार की 51 वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
28 जुलाई को देश व्यापी कार्यक्रम के तहत भाकपा माले पार्टी संगठन की निचली इकाई पार्टी शाखा को मजबूत करने और 11वा पार्टी महाधिवेशन के आह्वान को जन जन तक पहुंचाने का केंद्र कर भाकपा माले के संस्थापक सह महासचिव कॉमरेड चारुमजुमदार का 51 वां शहादत दिवस को मोदी हटाओ लोकतंत्र बचाओ नारा को बुलंद करते हुए गांव और शाखा स्तर पर संकल्प सह श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में उकामाड , टोला - घोडाकरम में शाखा सचिव अविनाश कुमार , थूकदाहा में शाखा सचिव श्रवण कुमार सिंह , बहेराटाड़ में शाखा सचिव सुदामा राम , मुरु में शाखा सचिव राजेंद्र सिंह , चपरी में शाखा सचिव रामप्यारी प्रजापति , होरिलांग पश्चिमी में शाखा सचिव शुखलाल सिंह , होरिलांग पूर्वी में शाखा सचिव किशुन सिंह , कुटमू में शाखा सचिव प्रहलाद सिंह , आखरा में शाखा सचिव नेमिया देवी , केचकी में शाखा सचिव लुरुक सिंह एवं कचनपुर में शाखा सचिव कृष्णा सिंह के अगुवाई में कामरेड चारुमजुम्दार का श्रद्धांजलि कार्यक्रम सह संकल्प के रूप में मनाया गया. हर जगह सर्वप्रथम झंडातोलन कर एक मिनट मौन के रखा गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शाखा आधारित माले के वरीय नेता कामरेड कमलेश सिंह , सुखलाल सिंह , किशुन सिंह , दशरथ सिंह , डा० रमेश कुमार , नंदलाल सिंह , लालमोहन यादव , दुलार सिंह , डा० रविंद्र कुमार , मंजू देवी , घनश्याम राम ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधन में कहा कि आज भाजपानीत मोदी सरकार चंदमुट्ठी भर पूंजीपतियों के हाथ देश की संपत्ति को बेचकर देश को गुलाम बना रही है. श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अलावा मुरू, होरिलांग और कुटमु में मणिपुर की घटना के खिलाफ प्रतिवाद मार्च और प्रधानमंत्री का पुतला दहन भी किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल रहे।



## पड़ताल स्वामी विवेकानंद प्लस 2 स्कूल के मामलों की हुई जांच

# रिपोर्ट जल्द की जाएगी समर्पित

**मयूरहंड(चतरा)। प्रतिनिधि**
मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद प्लस 2 उच्च विद्यालय मामले में शुक्रवार को क्षेत्र शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमित कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेशानुसार जांच किया। ज्ञात हो कि प्लस 2 उच्च विद्यालय में भवन निर्माण विभाग चतरा द्वारा बिल्डिंग निर्माण कार्य की जा रही है। जिसमें जर्जर भवन को गिराया गया था और दो गोल्डमोहर पेड़ काटे जाने के साथ जर्जर भवन से निकला कबाड़ व खिड़की गेट बेच देने की शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत की जांच क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के अध्यक्ष दिलीप पांडेय एवं पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश सिंह व अन्य लोगों की उपस्थिति में की गई। जांच में भवन निर्माण विभाग द्वारा जर्जर भवन गिराने की सहमति प्रमाण पत्र संवेदक द्वारा उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा प्रबंधन समिति की बैठक में अंधड से गिरे गोल्ड मोहर पेड हटाने के लिए गए निर्णय की कॉपी प्रस्तुत की गई। जर्जर भवन गिराने में निकला रड, लोहे की खिडकी व गेट तथा टुटा बैंच डेक्स के अलावा पेड की लकडियों को सुरक्षित रखा पाया गया। कुछ कबाड बेचा गया था जिसकी राशि प्रबंधन समिति के खाते में जमा पाया। वहीं कुछ लकड़ी गांव के दो लोगों के मृत्यु उपरांत दाह संस्कार में उपयोग की गई थी, जिसे उपयोग में लाने वाले व्यक्ति द्वारा सहमति जताया गया। पदाधिकारी ने बताया की सभी जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी जाएगी। उसके बाद अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। मौके विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार सिंह, संत कुमार सिंह अधिकृत संवेदक भुवनेश्वर साव आदि उपस्थित थे।



## जीप उपाध्यक्ष ने की जनहित की योजनाओं को पूरा करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
लातेहार जिला पार्षद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने जिला पार्षद मासिक बैठक लातेहार में बालूमाथ के कई जनहित योजनाओं को उठाया गया। बता दें कि जिप उपाध्यक्ष ने पिछली बैठक में बालूमाथ में कोल्ड स्टोरेज से संबंधित मामला उठाया गया था। जिसमें जानकारी दी गई थी कि बालूमाथ में तीन चालू कोल्ड स्टोरेज है जो कि बालूमाथ, धाधू और मारंगलोईया में स्थित है। लेकिन उसकी स्थिति ठीक नहीं है, जिसे ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया है। बालू के बहेराटोली में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर , खराब जल मीनार चापाकल को चिन्हित कर पीएचडी विभाग अभिलंब ठीक करने का निर्देश, बालूमाथ प्लस टू हाई स्कूल की भूमि अतिक्रमण करने वालों को नोटिस कर हटाया जाय व अविलंब मापी करने का निर्देश , जल नल योजना में मिली ग्रामीणों द्वारा शिकायत पर विभाग द्वारा असंतुष्टि जताते हुए उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यात्री बसों का ठहराव मुख्य पथ पर होने के कारण बालूमाथ में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है बसों की ठहराव को बस स्टैंड में कराना सुनिश्चि करें,बालूमाथ को जाम से मुक्ति के लिए बालूमाथ के किनारे रिंग रोड या बाईपास पथ बनाने की हुई चर्चा, बालूमाथ में वाटर सप्लाई करने का निर्देश दिया गया।



### पॉक्सो एक्ट पर मल्टी स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन

# पॉक्सो एक्ट के माध्यम से बच्चियों से हो रहे यौन दुर्व्यवहार को रोका जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा। झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के मार्गदर्शन में सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय 'मल्टी स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन, कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानो से आए पुलिस अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, एलएडीसीएस के अधिवक्ता पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ अधिवक्ता, एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्ध न्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, पोक्सो स्पेशल जज अखिलेश कुमार तिवारी, उपायुक्त लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, बार के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी



ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन भाषण में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने डालसा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की तारीफ की और प्रतिभागियों को ज्यादा ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया। डालसा अध्यक्ष ने अपने भाषण में कहा कि प्रतिभागी ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों को पूछ कर शंकाओं को खत्म करें ताकि अधिनियम को सही ढंग से लागू किया जा सके ।

कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट, अखिलेश कुमार तिवारी ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न पहलुओं से लोगों को अवगत कराया और कहा कि पोक्सो कानून के द्वारा बच्चियों के विरुद्ध किए जा रहे यौन दुर्व्यवहार को कठोर दंड देकर रोकने का प्रयास किया जा रहा है। क्योंकि इसमें दोषी को कठोरतम सजा का प्रावधान किया गया है और यौन अपराध से संबंधित मामलों को न्यायालय प्राथमिक स्तर पर तीव्र गति से निपटारा करती है। उन्होंने प्रतिभागियों को पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल ने पोक्सो एक्ट के तहत बालकों- बालिकाओं की स्थिति एवं जूविनाइल जस्टिस एक्ट के तहत बालकों के संरक्षण संबंधी विभिन्न प्रावधानों को बताया जबकि प्रोबेशन ऑफीसर अनुरंजन कुमार ने एसआई रिपोर्ट एवं बच्चों एवं उसके माता-पिता के काउंसलिंग के महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के द्वारा किया गया। डालसा सचिव ने कार्यक्रम के गंभीरता के विषय में प्रतिभागियों को बताया। धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# मोहर्रम त्योहार को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**एसडीओ, एसडीपीओ ने शहर के सभी सीसीटीवी का लिया जायजा, कैमरा दुरुस्त करने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मुस्लिम समुदाय का प्रमुख त्यौहार मोहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और जन सामान्य को सुरक्षा का अहसास कराने को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह एवं नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार की अगुवाई में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का परिभ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर ताजा स्थिति की जानकारी ली गयी। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। तकनीकी कारणों से खराब पड़े सीसीटीवी कैमरा को तत्काल



मरम्मत कर उन्हें दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। सोमवार बाजार स्थित सीसीटीवी कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त कर्मियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा कि, असामाजिक तत्व और उपद्रवियों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। त्यौहार के दौरान चौक चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी और अतिरिक्त सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस मौके पर एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि, मोहर्रम त्यौहार को लेकर सुरक्षा का ठोस प्रबंध किया गया है। त्यौहार में गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों पर निगरानी की जा रही है। अफवाह और गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों की सूचना जागरूक नागरिक देना सुनिश्चित करें। किसी हाल पर मुहर्रम त्यौहार में गड़बड़ी नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार यादव, ट्रैफिक इंचार्ज सुजीत कुमार, नप सिटी मैनेजर विजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# सांसद ने हर घर नल जल कार्य योजना के क्रियान्वयन में अनियमितता का लगाया आरोप

***जल शक्ति मंत्री को पत्राचार कर क्षेत्र में हो रही अनियमितता से अवगत कराया***

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

हर घर नल जल कार्य योजना क्रियान्वयन में अनियमितता को लेकर लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्राचार कर संसदीय क्षेत्र में हो रही अनियमितता से अवगत कराया।

सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि देश में हर घर नल जल योजना से देश के ग्रामीण अंचल में बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं यह योजना सामान्य जन को



आधारभूत सुविधा मुहैया कराने में सफल हो रही है। परंतु इसी योजना को लेकर अपने संसदीय क्षेत्र में बढ़ती जा रही अनियमितता को देखते हुए नाराजगी जताई और कहा कि मैंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई बार शिकायतें मिली है और क्षेत्र के कई गांव में इसका प्रत्यक्ष है रूप से गड़बड़ियां पाई गई है। इसलिए विभागीय मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि आप संसदीय क्षेत्र के गुमला एवं लोहरदगा जिला एवं रांची जिले के मांडर विधानसभा अंतर्गत आने वाली सभी प्रखंडों की विस्तृत रिपोर्ट ( प्रशासन की संतोषजनक रिपोर्ट सहित) मंगवाई जाए जिसकी संपूर्ण जांच हो लापरवाही एवं अनियमितता के खिलाफ यथा योग्य कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए। इससे जनहित के लिए लाई गई एक सबसे बड़ी संकल्पित योजना और लाभार्थियों के साथ न्याय होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर स्वच्छ जल की आपूर्ति के लिए संकल्प लिया है। इस योजना का क्रियान्वयन बगैर अनियमितता का किया जाए यह सभी कार्य भविष्य से जुड़ी हुई है। इसलिए किसी प्रकार की अनियमितता विशेषकर हमारे संसदीय क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि अनिमियता पकड़ी गई तो यथायोग्य कार्रवाई निश्चित होगी और इसमें पाए गए संलिप्तता वाले लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# एसडीओ ने मुंम्बई फेमस फूड अड्डा का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहर के मैना बगीचा रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम के बगल में नवनिर्मित मुम्बई फेमस फूड अड्डा द टेस्ट ऑफ मुम्बई का भव्य उद्घाटन एसडीओ



अरविंद कुमार लाल ने फीता काटकर किया। मौके पर एसडीओ ने किचेन का निरीक्षण भी किया और निरीक्षण से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने पहला क्रीमी वाइट पास्ता, अमेरिकन कॉर्न चीज पिज्जा का ऑर्डर भी दिए। उन्होंने दुकान की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शहर में इस तरह की फास्ट फूड वेज दुकान की जरूरत थी। मौके पर दुकान के मालिक राजेश साहू ने बताया कि मुम्बई से आये प्रशिक्षित कारीगरो के द्वारा पिज्जा, मोमोस, तोसटीज, क्रंचीज, बर्गर, फ्राइज, मैग्गी, गार्लिक ब्रेड, शेक, मोकटैल, सैंडविच, पाणिनी सैंडविच, पास्ता, वेफल्स आदि बनाया जायेगा। मौके पर निदेशक राजेश साहू, डॉ टी साहू, आकाश साहू, आयुष साहू, राहुल कुमार, रमेश साहू, दिनेश साहू, मुकेश साहू, चांदनी देवी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### जेएनवी जोगना में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित




सेन्हा-लोहरदगा। जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण का कार्य किया गया. प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा फलदार व छायादार पेड़ लगाया गया. विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने बताया कि राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा को जिला स्तर पर पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है. जिला के सभी सरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को खेलकूद,सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्यालय का रख रखाव और व्यवस्था जैसी अन्य चीजों के विषय पर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जायेगा. जिसे नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ छात्र छात्राओं का शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास कार्य में सहायक सिद्ध होंगे. मौके पर विद्यालय के प्रचार्य, शिक्षक शिक्षिका और सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### आईएचएम रांची में कोर्स हेतु युवक-युवतियों की काउंसेलिंग 31 जुलाई को

**लोहरदगा।** एससीए अंतर्गत आईएचएम, रांची में विभिन्न कोर्स हेतु लोहरदगा जिला से युवक-युवतियों के चयन हेतु काउंसेलिंग का आयोजन दिनांक 31.07.2023 को जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में किया गया है। इसमें आईएचएम रांची के प्रतिनिधियों द्वारा काउंसेलिंग की जाएगी। इस काउंसेलिंग में वैसे युवक-युवतियां शामिल होंगे जिन्होंने आईएचएम, रांची से डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस या डिप्लोमा इन हाउस कीपिंग या क्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एण्ड पेस्ट्री कोर्स के लिए आवेदन किया है। डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस कोर्स के लिए 38, डिप्लोमा इन हाउस कीपिंग कोर्स के लिए 23 और क्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एण्ड पेस्ट्री कोर्स के लिए 34 युवक-युवतियों ने आवेदन दिया है। काउंसेलिंग का समय 11 बजे पूर्वाहन से निर्धारित किया गया है। चयनित युवक-युवतियों को लोहरदगा जिला से दिनांक 04.08.2023 को मध्याह्न 12 बजे आईएचएम, रांची के लिए भेजा जाएगा।

### खेलो इंडिया कार्यक्रम का चयन ट्रायल 04 एवं 05 अगस्त को

**लोहरदगा।** क्षेत्रीय निदेशक, खेलो इंण्डिया, भारतीय खेल प्राधिकरण युवा कार्यक्रम खेल विद्या के खेलो इण्डिया सेन्टर की स्थापना किया जाना है। इस क्रम में खेल विद्या हॉकी में नामांकन हेतु चयन समिति का गठन कर चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 04.08.2023 से 05.08.2023 तक लुथरन उच्च विद्यालय, लोहरदगा में समय 9:00 पूर्वाह्न से किया जाना है। इसके लिए प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयु सीमा 10 से 14 वर्ष के मध्य होना चाहिए। इस संबंध में जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा द्वारा लोहरदगा जिला के सभी मध्य विद्यालय/उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका को पत्र के माध्यम से अपने-अपने विद्यालयों के चयन ट्रायल में भेजे जाने का अनुरोध किया गया है।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार

**लोहरदगा।** जिला के सूचीबद्ध कला दलों की ओर से आज विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रज्वलित विहार लोहरदगा की ओर से सुनीता कुमारी के नेतृत्व में सदर प्रखंड के हिरही पंचायत में और अल्मा मेटर कला दल की ओर से मनीता मिंज के नेतृत्व में सेन्हा प्रखंड के अरू पंचायत में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना, वज्रपात से बचाव, सर्पदंश से बचाव, मलेरिया, हाथी से बचाव की जानकारी दी गयी।

# विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रेरणा तिग्गा बनी विजेता

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में बालिका शिक्षा विभाग द्वारा एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिवक्ता सुषमा सिंह एवं अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत विज्ञान 12वीं की बहन शशि कच्छप ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोक गायिका अंशु गिरी काव्या के द्वारा भोजपुरी गणेश वंदना से हुआ। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेरणा तिग्गा और द्वितीय स्थान रौशनी उरांव ने प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में पूनम कुमारी, पूजा कुमारी, संजीवनी साहू, कनिका



कुजूर, मंजिला कुमारी, प्रियंका उरांव, ज्योति प्रिया कुजुर, रोशनी उरांव, नेहा कुमारी का भी प्रदर्शन सराहनीय रहा। मुख्य अतिथि जे एम एस की डायरेक्टर सुषमा सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा को बाहर लाना चाहिए। निर्णायक मंडली में सीमा कुमारी,सीमा केसरी और अंशु गिरी काव्या थी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकांक्षा पांडे और धन्यवाद ज्ञापन कक्षा 12वीं की छात्रा बबली कुमारी ने किया कार्यक्रम में सचिव अजय प्रसाद, बालिका शिक्षा विभाग की प्रमुख ऋद्धि मिश्रा, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी,कविता कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं भैया बहन उपस्थित थे।

# कामरेड चारू मजूमदार का 51वां शहादत दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भाकपा (माले)लिब्रेशन के संस्थापक कॉमरेड चारू मजूमदार का 51वाँ शहादत दिवस मनाया गया। बताया गया कि गरीबों एवं उत्पीड़ित तबकों के हितों की रक्षा के लिए पार्टी के संस्थापक कॉ0 चारू मजूमदार जीवन पर्यन्त लगे रहे तथा सटीक राजनैतिक पहलकदमियों से पार्टी को जनसंघर्षों की मजबूत आवाज बनाते रहे ।यही कारण है कि आज समूचे भारत तो क्या अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भाकपा माले अपनी पहचान बना चुकी है। कॉ0 मजूमदार के 51वाँ शहादत दिवस के अवसर पर विपक्षी एकता,बौद्धिक जमात के




साथ संबंधों को घनिष्ठ करने तथा जुझारू गोलबंदियों के लिए पार्टी ब्रांचों और लोकल कमिटियों को संगठित कर अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए 2024 में फॉसीवादी मोदी सरकार को शिकस्त देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के पूर्व कॉ मजूमदार के फोटो पर पुष्पांजलि कर एवं एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित किया गया तथा फॉसीवाद मुदार्वाद का नारा लगाते हुए मणिपुरमें शांति कायम करने की मांग भारत सरकार से किया गया।। कार्यक्रम में कॉ0 महेश कुमार सिंह,पारस नाथ महतो, मोहन मिंज, एम डी आर,एम जेड आलम,एस उराँव आदि शामिल हुए।

**परामर्श** उपायुक्त से मिले महाराष्ट्र जवाहर नवोदय विद्यालय जालना के विद्यार्थी

# सिविल सर्विस में कैरियर के लिए लिया मार्गदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

महाराष्ट्र राज्य के जालना जिला के परतूर शहर में अवस्थित जेएनवी के विद्यार्थी उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिले। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त से जिला प्रशासन के कार्य और जिला में उपायुक्त के कार्य करने के तौर-तरीकों को विस्तार से जाना। साथ ही, भारतीय सिविल सेवा को कॅरियर के रूप में चुने जाने के लिए आवश्यक तैयारियों के बार में विस्तार से पूछा। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने छात्र-छात्राओं को भारतीय सिविल सेवा को कॅरियर के रूप में चुनने के लिए आवश्यक



तैयारियों की जानकारी दी। साथ ही कॅरियर के चुनाव में अभिभावकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उपायुक्त ने सिविल सेवा की तैयारी में दसवीं, 12वीं और स्नातक की शिक्षा की महत्ता को बताया। इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राधानाचार्य एसी झा, विज्ञान विषय की शिक्षिका कुमुदिनी प्रसाद और जवाहर नवोदय विद्यालय, परतूर, जालना के 18 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी छात्र-छात्राओं को कक्षा नौवीं की पढ़ाई के लिए हिंदी भाषी क्षेत्र के विद्यालय में भेजा गया है।


**जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभः**

जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा-6 में नामांकन के लिए होनेवाली प्रवेश परीक्षा के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 10.08.2023 है। चयन परीक्षा दिनांक 20.01.2024 को होगी। इच्छुक छात्र-छात्रा का जन्म दिनांक 01.05.2012 से 31.07.2014 के बीच हुआ होना चाहिए। एक अभ्यर्थी को केवल एक बार जेएनवीएसटी के लिए आवेदन करने की अनुमति है। पंजीकरण डेटा के सत्यापन के दौरान, यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने पिछले वर्षों में आवेदन किया था, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया जाएगा।

# सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में भारत बनेगा पावरहाउस : अजीत

**एजेंसी। गांधीनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गांधीनगर में महात्मा मंदिर में सेमीकॉन इंडिया 2023 का उद्घाटन किया। 'भारत के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र का उत्प्रेरण' विषयक सम्मेलन भारत की सेमी कंडक्टर रणनीति और नीति को प्रदर्शित करता है, जो भारत को सेमी कंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना है। इस मौके पर उद्योग जगत के दिग्गजों ने विचार व्यक्त किये। सेमी के अध्यक्ष और सीईओ अजीत मिनोचा ने कहा कि भारत के



इतिहास में पहली बार, भू-राजनीति, स्थानीय राजनीति और निजी गुप्त क्षमताएं भारत को सेमी कंडक्टर विनिर्माण में एक प्लेयर बनने के पक्ष में जुट गई हैं। उन्होंने कहा कि माइक्रोन द्वारा किया गया निवेश भारत में इतिहास बना रहा है जो दूसरों के अनुसरण के लिए मंच तैयार करेगा। सेमी कंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को समझने वाला नेतृत्व मौजूदा प्रणाली को अलग बनाता है। भारत अगला पावर हाउस बन जाएगा। ईवीपी और सीटीओ एएमडी के मार्क पेपरमास्टर ने घोषणा की कि एएमडी अगले 5 वर्षों में लगभग 400 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा। एएमडी अपनी अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि हम बेंगलुरु में अपना सबसे बड़ा डिजाइन सेंटर स्थापित करेंगे। सेमी कंडक्टर प्रोडक्ट ग्रुप एप्लाइड मैटेरियल्स के अध्यक्ष डॉ. प्रभु राजा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि के साथ, भारत वैश्विक सेमी कंडक्टर उद्योग में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह भारत के चमकने का समय है। कोई भी कंपनी या देश अकेले इस क्षेत्र की चुनौतियों से नहीं निपट सकता। इस क्षेत्र में सहयोगात्मक भागीदारी का समय आ गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह नया सहयोगी मॉडल हमें इस क्षेत्र में उत्प्रेरित कर सकता है। कैडेंस के अध्यक्ष और सीईओ अनिरुद्ध देवगन ने कहा कि आखिरकार भारत को सेमी कंडक्टर्स में निवेश करते देखना वास्तव में अच्छा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 182 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेत के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट का दौर जारी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स अभी 181.59 अंक यानी 0.27 फीसदी लुढ़ककर 66,085.23 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सजेंच (एनएसई) का निफ्टी भी 36.30 अंक यानी 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ 19,623.60 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयर में गिरावट है, जबकि 13 शेयरों में तेजी देखी जा रही है।

### डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइंस पर लगाया 30 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइंस पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने एयरलाइन को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। डीजीसीए ने इंडिगो को निर्धारित आवश्यकताओं और दिशानिर्देशों के अनुरूप अपने दस्तावेजों और प्रक्रियाओं में संशोधन करने का भी निर्देश दिया है। डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइंस का एक विशेष ऑडिट किया। इस ऑडिट के दौरान विमान अ321 के संचालन, प्रशिक्षण, इंजीनियरिंग और उड़ान डेटा निगरानी कार्यक्रम पर उनके दस्तावेजीकरण और प्रक्रिया की समीक्षा की।

विशेष ऑडिट के दौरान इंडिगो एयरलाइन के संचालन, प्रशिक्षण प्रक्रियाओं और इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं से संबंधित डॉक्यूमेंट्स में कुछ प्रणालीगत कमियां देखी गई। इस कारण जुमार्ना लगाया गया।

### दस्तावेजों के दुरुपयोग मामले में ट्रम्प पर लगाए नए आरोप

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद वर्गीकृत दस्तावेजों के कथित दुरुपयोग की जांच कर रहे विशेष वकील जैक स्मिथ ने मामले में पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ अतिरिक्त आरोप लगाए हैं। अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि ट्रम्प के दो सहयोगी कर्मचारियों वॉल्ट नौटा और मार-ए-लागो कार्लोस डी ओलिवेरा के रखरखाव कार्यकर्ता ने पूर्व राष्ट्रपति के पाम बीच रिसॉर्ट में सुरक्षा कैमरे के फुटेज को हटाने का प्रयास किया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इसके लिए एक सम्मन जारी किया। अभियोग के अनुसार, डी ओलिवेरा ने रिसॉर्ट में आईटी के निदेशक को बताया कि ₹बॉस' सर्वर को हटाना चाहत हैं। पहले ही 37 आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे ट्रम्प पर गुरुवार को राष्ट्रीय रक्षा जानकारी को जानबूझकर बनाए रखने के एक मामले और दो अन्य मामलों का आरोप लगाया गया। अभियोग के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति पर जानबूझकर एक शीर्ष-गुप्त दस्तावेज को बनाए रखने का आरोप लगाया गया था जो ₹एक विदेशी देश में सैन्य गतिविधि से संबंधित प्रस्तुति थी, जिसे सीएनएन ने ईरान के रूप में पहचाना था।

### अमेजन इंडिया ने श्रीनगर में डल झील पर 'आई हैव स्पेस' स्टोर की घोषणा की

**श्रीनगर।** अमेजन इंडिया ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में डल झील पर अपने पहले 'फ्लोटिंग स्पेस' स्टोर की घोषणा की। एक प्रेस बयान में अमेजन इंडिया ने कहा, हम आज श्रीनगर में डल झील पर अपना पहला फ्लोटिंग 'आई हैव स्पेस' स्टोर स्थापित करने की घोषणा करते हैं।" ऑनबोर्ड किया गया 'आई हैव स्पेस' स्टोर अपने ग्राहकों को भरोसेमंद और सुविधाजनक डिलीवरी अनुभव प्रदान करने और छोटे व्यवसायों को अतिरिक्त कमाई के अवसरों के साथ सशक्त बनाने की अमेजन इंडिया की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### भारतीय कंपनियां विदेश में हो सकती हैं सूचीबद्धः सीतारमण



**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कंपनियां अब विदेशी शेयर बाजारों के साथ ही अहमदाबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) पर सीधे सूचीबद्ध हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शहरों को अपनी रेटिंग सुधारने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ताकि उन्हें अपने बांड के लिए बेहतर मूल्य मिल सके। वित्त मंत्री ने यहां सांताक्रूज स्थित ताज होटल में कॉरपोरेट बॉन्ड रेपो रेट प्लेटफॉर्म की लॉन्चिंग के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि घरेलू कंपनियां अब विदेश में प्रतिभूतियों को प्रत्यक्ष रूप से सूचीबद्ध कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने आईएफएससी एक्सचेंज पर सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों की प्रत्यक्ष सूचीबद्धता को मंजूरी देने का फैसला भी किया है। सीतारमण ने कॉरपोरेट बांड बाजार को मजबूत करने में मदद के लिए एएमसी रेपो निपटान और कॉरपोरेट ऋण बाजार विकास कोष की शुरूआत करते हुए कहा कि यह एक बड़ा कदम है। इससे भारतीय कंपनियों को बेहतर मूल्यांकन की सुविधा और वैश्विक पूंजी तक पहुंच मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने एक नियामक प्रभाव मूल्यांकन की अपील भी किया, ताकि विनियमित संस्थाएं और बाजार अपने फैसलों के नतीजों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

### चावल निर्यात पर प्रतिबंध से छूट पाने के लिए भारत के संपर्क में सिंगापुर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर गैर-बासमती सफेद चावल के भारत से निर्यात पर प्रतिबंध से छूट पाने के लिए भारतीय अधिकारियों के संपर्क में है। सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, एसएफए विभिन्न स्त्रोतों से चावल की विभिन्न किस्मों का आयात बढ़ाने के लिए आयातकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। प्रतिबंध से छूट पाने के लिए सिंगापुर भी भारतीय अधिकारियों के संपर्क में है। भारत सरकार ने आगामी त्योहारों के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए 20 जुलाई को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सिंगापुर में भारत से निर्यात होने वाले कुल चावल में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी करीब 25 प्रतिशत है। एजेंसी ने कहा कि 2022 में सिंगापुर के आयातित चावल में भारत की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत थी।

## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला (आई०टी०डी०ए०)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना हेतु ऑनलाईन पोर्टल का निर्माण किया गया है, जिसका Web Address "https://cmegp. jharkhand. gov.in" है। वित्तीय वर्ष 2023–24 से मात्र ऑनलाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। अतः योजना का लाभ लेने के इच्छुक आवेदक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

अधिक जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय, गुमला/संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/संबंधित प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.303511 Welfare(23-24):D

## कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.06.2023 को खरवागढ़ा (भरनो), थाना–भरनो, जिला–गुमला के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 09:00 बजे पूर्वाहन 16 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 16 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 303522 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

## कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा आयुष चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायकों की Walk in Interview द्वारा नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या PR303329 Lohardaga (23-24)#D में अपरिहार्य कारणों से संशोधन किया जाता है। अब यह Walk in Interview जिला परिषद् भवन, लोहरदगा में 12.00 PM के स्थान पर 11.00 AM से आरंभ होगा। शेष यथावत् रहेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 303534 Lohardaga(23-24)#D

## कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.06.2023 को सिसई–नागफेनी मुख्य मार्ग पर रेडवा पुल के पास गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 8:00 बजे अपराह्न 15 बोरा लकड़ी कोयला सहित टेम्पू नं0 – JH07G0227 को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 15 बोरा लकड़ी कोयला सहित टेम्पू नं0 – JH07G0227 के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 303521 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक – 623/गढ़वा, दिनांक – 27.07.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R.No- 302878 Ad Received on 21.07.2023 ((WRD/MIDV/GARHWA/08-F2/2023-24) करूसना मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य प्रखण्ड– बड़गड़, जिला– गढ़वा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 303508 Minor Irrigation (23-24)_D

## कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी गुमला वन प्रमण्डल

E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.06.2023 को भरनो (मुड़कटी अम्बा), थाना–भरनो के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 08:30 बजे अपराह्न 14 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 14 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी
गुमला वन प्रमंडल

PR 303524 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### कार्यालयः जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

**आम सूचना**

गुमला जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या– 02 रा0(विभाग), दिनांक– 04.05.2023 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्ड के पंचायतों में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। माह– अगस्त 2023 में आयोजित होने वाले विशेश पशु चिकित्सा शिविर हेतु पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं की चिकित्सा, बध्यिकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ्य जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। शिविर का समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे निर्धारित है। शिविर स्थल पर कोरोना से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं मास्क अवश्य लगावें।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्ड– कामडारा | | | | |
| 1 | कोनसा | मुरूमकेला | 01.08.2023 | डॉ0 अवनीन्द्र कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, कामडारा (9431104983) |
| 2 | सालेगुटू | सालेगुटु(चंदा टोली) | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 3 | सुरहु | सुरहु | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 4 | टुरूण्डु | बेंगदा बड़का टोली | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 5 | रामपुर | रामपुर | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 6 | रेड़वा | रेड़वा | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 7 | सरीता | पीमपी | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 8 | कुलबुरू | कुलबुरू | 24.08.2023– 25.08.2023 | |
| प्रखण्ड– बसिया | | | | |
| 9 | कोनबीर | गुड़ाम | 01.08.2023 | डॉ0 सूर्यवंष ठाकुर, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बसिया (9431396407) |
| 10 | तेतरा | सोलंगबीरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 11 | कलिगा | कलिगा | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 12 | आरया | आरया | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 13 | ईटाम | ईटाम | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 14 | तुरबुंगा | तुरबुंगा | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 15 | मोरेंग | पतुरा | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 16 | ओकबा | ओकबा | 23.08.2023– 24.08.2023 | |
| 17 | ममरला | ममरला | 25.08.2023– 26.08.2023 | |
| 18 | पोकटा | पोकटा | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| 19 | लुंगटू | लुंगटू | 31.08.2023– | |
| प्रखण्ड– पालकोट | | | | |
| 20 | बाघिमा | बाघिमा | 01.08.2023 | डॉ0 कविता बाला टुटी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, पालकोट (9709041400) |
| 21 | बागेसेरा | बागेसेरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 22 | दक्षिणी पालकोट | हरिजन मोहल्ला | 05.08.2023– 06.08.2023 | |
| 23 | उत्तरी पालकोट | गांधीनगर | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 24 | उमड़ा | उमड़ा | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 25 | बिलिंगबिरा | बिलिंगबिरा | 13.08.2023– 14.08.2023 | |
| 26 | कुल्लुकेरा | कुल्लुकेरा | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 27 | बंगरू | बंगरू | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 28 | नाथपुर | सतखारी | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 29 | तपकारा | तपकारा | 23.08.2023– 24.08.2023 | |
| 30 | झिकिरमा | झिकिरमा | 25.08.2023– 26.08.2023 | |
| 31 | टेंगरिया | टेंगरिया | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| प्रखण्ड– डुमरी | | | | |
| 32 | खेतली | पंचायत भवन | 01.08.2023 | डॉ0 रूपामनी मिंज, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी (8084136098) |
| 33 | करनी | पंचायत भवन | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 34 | मझगाँव | पंचायत भवन | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 35 | जैरागी | पंचायत भवन | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 36 | अकासी | पंचायत भवन | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 37 | जुरमू | पंचायत भवन | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 38 | उदनी | पंचायत भवन | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| प्रखण्ड– जारी | | | | |
| 39 | शिशिकरमटोली | कांड़ी | 25.08.2023– 26.08.2023 | डॉ0 रूपामनी मिंज, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी (8084136098) |
| 40 | जरडा | हरिहरपुर | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| 41 | मेराल | मेराल | 25.08.2023– 26.08.2023 | डॉ0 धर्मरक्षित विद्यार्थी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चैनपुर (8709949039) |
| 42 | सोकरी | सोकरी | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| 43 | गोबिन्दपुर | गोबिन्दपुर | 31.08.2023 | |
| प्रखण्ड– बिशुनपुर | | | | |
| 44 | निरासी | बनालात | 01.08.2023 | डॉ0 मीनू खलखो, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बिशुनपूर (7739348172) |
| 45 | घाघरा | लापु | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 46 | नरमा | चटकपुर | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 47 | बिशुनपुर | रेहेटोली | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 48 | सेरका | सेरका | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 49 | चिंगरी | चिंगरी | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 50 | चिरोडीह | ओरेया | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 51 | हेलता | जेहनगुटवा | 24.08.2023– 25.08.2023 | |
| प्रखण्ड– घाघरा | | | | |
| 52 | रूकी | अजियातु | 01.08.2023 | डॉ0 अरूण उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, घाघरा (9934566365) |
| 53 | आदर | इटकिरी | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 54 | सेहल | सेहल बरटोली | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 55 | शिवराजपुर | शिवराजपुर | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 56 | बेलागड़ा | हालमाटी | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 57 | कोहीपाठ | कोहीपाठ | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 58 | डुको | पुटो | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 59 | नवडीहा | गम्हारीया | 01.08.2023 | डॉ0 सीमा एक्का, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, घाघरा (9006087716) |
| 60 | देवाकी | कोयमाटी | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 61 | सरांगो | सरांगो नवाटोली | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 62 | चपका | बनसरी | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 63 | कुगाँव | कुगाँव | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 64 | घाघरा | घाघरा | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 65 | अरंगी | अरंगी | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| प्रखण्ड– सिसई | | | | |
| 66 | घाघरा | गम्हरिया | 01.08.2023 | डॉ0 अभिनव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सिसई (9934566365) |
| 67 | पुसो | निजमा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 68 | शिवनाथपुर | पंडरानी | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 69 | सिसई | सिसई | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 70 | बोण्डों | मादा | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 71 | पंडरिया | जमगाई | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 72 | लरंगो | लरंगो | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 73 | भुरसो | पहामू | 01.08.2023 | डॉ0 स्मृति तिर्की, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सिसई (7294166795) |
| 74 | कुदरा | कुदरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 75 | नगर | नगर | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 76 | लकेया | लकेया | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 77 | रेड़वा | बिरकेरा | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 78 | मुर्गू | कागता | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 79 | ओलमुण्डा | कोडेकेरा | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| प्रखण्ड– भरनों | | | | |
| 80 | डोम्बा | अल्गोरी | 01.08.2023 | डॉ0 विजय भारती, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भरनों (9431393487) |
| 81 | दुम्बो | जूरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 82 | तुरीअम्बा | तुरीअम्बा | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 83 | भरनो(उ0) | पंडरनी | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 84 | करौंदाजोर | लोन्डरा | 01.08.2023 | डॉ0 अमरेष नारायन सिन्हा, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भरनों (9430767353) |
| 85 | सूपा | रिपीनलोंगा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 86 | अमलिया | खरका | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 87 | मारासिल्ली | मडगाँव | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| प्रखण्ड– गुमला | | | | |
| 88 | तेलगाँव | तेलगाँव | 01.08.2023 | डॉ0 अजय कुमार सिन्हा, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, गुमला (9430361122) |
| 89 | सिलाफारी | भारदा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 90 | फसिया | फसिया | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 91 | अरमई | उर्मी | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 92 | कुम्हरिया | कुम्हरिया | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 93 | असनी | असनी | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 94 | घटगाँव | लड्डाटोली | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 95 | डुमरडीह | डुमरडीह | 23.08.2023– 24.08.2023 | |
| 96 | खोरा | भकुआटोली | 25.08.2023– 26.08.2023 | |
| 97 | मुरकुण्डा | मुरकुण्डा | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| 98 | अम्बोआ | सुरसुरिया | 31.08.2023 | |
| 99 | फोरी | फोरी | 01.08.2023 | डॉ0 मयूर कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टोटो (7070118645) |
| 100 | नवाडीह | डुम्बरटोली नवाडीह | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 101 | बसुआ | बसुआ डीपा टोली | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 102 | आंजन | आंजन | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 103 | कोटाम | कोटाम | 23.08.2023– 24.08.2023 | डॉ0 अरूण उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, घाघरा (9934566365) |
| 104 | खरका | खरका | 25.08.2023– 26.08.2023 | |
| 105 | कतरी | कतरी | 28.08.2023 | |
| प्रखण्ड– रायडीह | | | | |
| 106 | सिकोई | सिकोई | 01.08.2023 | डॉ0 तेज नारायण गुरू, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, रायडीह (8002471594) |
| 107 | परसा | परसा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 108 | नवागढ़ | नवागढ़ | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 109 | केमटे | केमटे | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 110 | कांसिर | कांसिर | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 111 | सुरसांग | बिरकेरा | 01.08.2023 | डॉ0 रेखा टेरेसा कुजूर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चेकपोस्ट, रायडीह (9431751860) |
| 112 | कोंडरा | कोंडरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 113 | कोब्जा | कोब्जा | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 114 | जरजट्टा | जरजट्टा | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| प्रखण्ड– चैनपुर | | | | |
| 115 | कातिंग | टोंगो | 01.08.2023 | डॉ0 धर्मरक्षित विद्यार्थी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चैनपुर (9431326476) |
| 116 | बेन्दोरा | हर्रा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 117 | बारडीह | सिविल | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 118 | बामदा | सरगाँव | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 119 | मालम | डहुड़गाँव | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 120 | छिछवानी | छिछवानी | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 121 | जनावल | लोरम्बा | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 122 | बरवेनगर | भेलवाताला | 23.08.2023– 24.08.2023 | |

नोटः– अपरिहार्यवश निर्धारित तिथि में शिविर का आयोजन नहीं होने पर स्थानीय पशुचिकित्सक द्वारा प्रचार–प्रसार कर अगली तिथि की सूचना दी जायेगी।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
गुमला

PR 303514 Animal Husbandry (23-24)_D

**'आपको अपना व्यवहार दूसरों के साथ इस तरह रखना चाहिए कि अगर कोई तुम्हारे बारे में बुरा भी कहे तो कोई भी उस पर विश्वास ना करें।' - अज्ञात**



# अकाल की सुगबुगाहट

*झारखंड* में लगातार मौनसून की दगाबाजी से अकाल की स्थिति स्पष्ट दिखने लगी है। बारिश की आस में जुलाई गुजरने वाला है। खेत में उभरी दरारें यह बतलाने के लिए काफी हैं कि एक बार फिर सूखे की चपेट में राज्य है। पलामू की बात करें तो यहां 21प्रतिशत खेतों में ही लगी है खरीफ की फसल। लेकिन पानी के अभाव में पीली पड़ती फसलों पर कीटों का बढ़ा हमला जारी है। ऐसे में धान की बुआई अब संभव नहीं है। यह हाल समूचे झारखंड की है। कहा जा रहा है कि वर्ष 2022 में भी मौनसून की दगाबाजी से जिले में खरीफ और रबी की फसल नहीं हो पाई थी। इस बार भी मौनसून ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पानी के अभाव में खरीफ की खेती लगभग नहीं के बराबर हुई है। अब तक के बरसात का हाल देख आने वाले रबी की खेती की भी आश नहीं की जा सकती। बरसात के सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें तो जून माह में औसत 152.4 की जगह महज 55.6 मिमी वर्षा हुई है। जुलाई का महीना एक दिन शेष बचा है, जबकि अब तक जिले में औसत 344.7 की जगह करीब 102मिमी वर्षा हुई है। वर्षा के अभाव में सारे जलस्त्रोत सूखे पड़े हैं। खेतों की नमी गायब है। टांड की बात तो दूर पानी वाले जगहों पर दरार खुलने लगी हैं। ग्राउंड वाटर बरसात के महीने में भी लगातार नीचे खिसक रहा है। ऐसी स्थिति में खेत में बोई गई फसल को बचाने की राह भी किसानों को नहीं सूझ रही है। खेती के हाल के ताजे सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें तो एक लाख 35हजार 917 हेक्टेयर लक्ष्य की जगह मात्र 29हजार 687 हेक्टेयर में खरीफ की फसल लगाई गई है। इसमें भी खरीफ धान की बुआई अब तक शून्य है। लक्ष्य के विरुद्ध 55 प्रतिशत मकई,26 प्रतिशत दलहन एवं 32 प्रतिशत तेलहनी फसल लगाये जा सके हैं। इसमें भी पानी के अभाव में पीला पड़ते मक्का व दलहनी, तेलहनी फसलों को देख चिंतित किसान आसमान की ओर टकटकी लगाये इंद्र भगवान से वर्षा जल देने की गुहार लगा रहे हैं। इस बाबत भीषण सूखे की संभावनाओं की पुष्टि करते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि वर्षा हुई ही नहीं तो खेती कहाँ से होगी। जून लगभग सूखा गया। जुलाई में भी अब तक 30प्रतिशत से भी कम बारिस हुई है। इस वर्ष जाड़े के मौसम में भी बारिस नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अब खरीफ धान की खेती की भी संभावना बची नहीं है। ऐसी स्थिति में हालत की भयावहता का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। वर्षा नहीं हुई तो वैकल्पिक खेती की बात भी बेमानी होगी। राज्य का पलामू पूर्ण रूप से आसमानी मॉनसूनी वर्षा पर आधारित हैं। सीजन खरीफ की हो या रबी का वर्षा हुई तो ठीक अन्यथा खेती खत्म। कृषि विभाग के आंकड़ों को देखें तो पलामू के कृषि योग्य भूमि का करीब 60 प्रतिशत भूमि आज भी असिंचित हैं। इन खेतों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच सका है। आंकड़ों के अनुसार पलामू में खेती योग्य भूमि का रकबा 1 लाख 35हजार 917 हेक्टेयर है। इनमें करीब 34 हजार 124 हेक्टेयर भूमि तक ही विभिन्न माध्यमो से सिंचाई का पानी पहुँचता है। आंकड़े बताते हैं कि 8675हेक्टेयर भूमि कैनाल से 1220हे. भूमि की सिचाई का साधन कुआँ हैं। इसके अलावे करीब 11 हजार 446 हे. भूमि की सिंचाई विभिन्न जलस्त्रोतों से होती है। शेष बची भूमि की सिचाई मौनसून के वर्षा पर निर्भर होती होती। ऐसी बात भी नहीं है जिले में सिंचाई के साधन विकसित नहीं किये जा रहे हैं। जिले के विभिन्न प्रखंडो में विभिन्न विभागों से एक दर्जन से अधिक सिचाई की छोटी बड़ी परियोजनाओं पर काम हो रहा है, किन्तु अधिकांश परियोजनायें वर्षों से अधूरी पड़ी हैं। नतीजा जिले में सिंचित भूमि का रकबा बढ़ नहीं पा रहा है। ऐसे में सरकार को इस गंभीर विषय पर नये सिरे से समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

**पलामू की बात करें तो यहां 21प्रतिशत खेतों में ही लगी है खरीफ की फसल। लेकिन पानी के अभाव में पीली पड़ती फसलों पर कीटों का बढ़ा हमला जारी है। ऐसे में धान की बुआई अब संभव नहीं है।**

# भारत का ज्ञान क्रांति की दिशा में मार्गदर्शन



धर्मेन्द्र प्रधान



*ज्ञान शक्ति* है। भारत की समृद्ध ज्ञान क्षमता वेदों और उपनिषदों में स्पष्ट है, जो सदियों से ज्ञान के विशाल स्त्रोत के रूप में कार्य कर रहे हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ, भारत अतीत में एक अंतरराष्ट्रीय ज्ञान का केंद्र रहा है। समय के साथ, भारत की ज्ञान शक्ति और संपदा ने मुगल, मंगोल, ब्रिटिश, डच और पुर्तगालियों सहित बहुत लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने इतिहास की विभिन्न अवधियों में भारत पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत के ज्ञान संपदा की भी अत्यधिक हानि हुई। लेकिन यह सर्वविदित और स्वीकृत तथ्य है कि आक्रमणकारी हमारी भूमि को लूट सकते थे और हमारे विश्वविद्यालयों को नष्ट कर सकते थे, लेकिन वे हमारी भूमि के गुरुओं और योगियों से सदैव पराजित हुए। दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान ब्रिटेन ने दुनिया का नेतृत्व किया, जबकि तीसरी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व अमेरिका ने किया। आज जब भारत, ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तो अब समय आ गया है कि यह एक बार फिर ज्ञान का केंद्र बन जाय और नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में तेजी से हो रही वृद्धि के साथ अब चौथी औद्योगिक क्रांति में दुनिया का नेतृत्व करे। इन अपेक्षित परिवर्तनों के बीच, 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा। 260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। आम जनता सहित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के पश्चात, 34 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का शुभारंभ किया गया। जैसे-जैसे हम 29 जुलाई, 2023 के करीब पहुंच रहे हैं, हम शिक्षा पर एक 'महाकुंभ' 2-दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पिछले तीन वर्ष महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साक्षी बने हैं। भारत के इतिहास में पहली बार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया गया है, इस साक्ष्य को मान्यता देते हुए कि बच्चे के संपूर्ण मस्तिष्क का 80 प्रतिशत से अधिक विकास 8 वर्ष की आयु से पहले होता है। इसके अतिरिक्त, 3-8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बुनियादी स्तर के पहले राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस) के विकास में खेल-आधारित शिक्षाशास्त्र पर बल दिया गया है। इस रूपरेखा में बातचीत, कहानियां, संगीत, कला, शिल्प, खेल, क्षेत्रीय प्राकृतिक यात्राएं और सामग्री एवं खिलौनों के साथ इंटरैक्टिव खेल जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दृष्टिकोण के एक उदाहरण के रूप में जादूई पिटारे (जादुई बक्सा) को स्कूलों को अपनाने के लिए तैयार किया गया है। एनसीएफ-एफएस पर आधारित कक्षा 1 और 2 के लिए पाठ्यपुस्तकें जारी की गई हैं, जो 2026 तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निपुण भारत मिशन की पूरक हैं। स्कूली शिक्षा के लिए आगामी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ-एसई) के अनुरूप लगभग 150 नई पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जायेंगी। ये अमृत काल की पुस्तकें होंगी और एनईपी-2020 के तहत बहुभाषी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए इन्हें कम से कम 22 भारतीय भाषाओं में विकसित किया जायेगा। प्रधानमंत्री ई-विद्या के माध्यम से पाठ्य-पुस्तकों के डिजिटल संस्करणों को सुलभ बनाया जा रहा है, जिससे न्यायसंगत और ऑन-डिमांड पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। एनईपी की सही भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले उभरते भारत के लिए पीएम श्री स्कूल भी पूरे देश में स्थापित किये जा रहे हैं। एनईपी 2020 ने सामान्य शिक्षा के साथ अपने एकीकरण और मुख्यधारा के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया है। हम स्कूल स्तर पर कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए समग्र शिक्षा और कौशल भारत मिशन के बीच सामंजस्य बना रहे हैं। छात्रों और स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों को व्यापक कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए स्कूलों में 5000 कौशल केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। इसके अलावा, एक एकीकृत राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) पेश किया गया है जो स्कूल, उच्च और कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा को क्रेडिट रखता है। एनसीआरएफ विभिन्न स्तरों पर एकाधिक प्रवेश और निकास को सक्षम बनाता है, जिससे छात्रों को अपने जीवन में किसी भी समय उच्च शिक्षा प्रणाली में फिर से प्रवेश करने की अनुमति मिलती है। मान्यता के लिए क्रेडिट छात्र के अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में जमा हो जायेगा। प्रौद्योगिकी छात्रों को ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम हासिल करने में सक्षम बना रही है, शिक्षार्थियों को अधिक सुग्राहयता प्रदान कर रही है और विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ा रही है। अब स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से भी क्रेडिट अर्जित किया जा सकता है और जल्द ही, भारत में अपनी तरह की एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित की जायेगी। मांग-आधारित कौशल को सक्षम करने, एमएसएमई सहित नियोक्ताओं के साथ जुड़ने और उद्यमिता योजनाओं तक पहुंच की सुविधा के लिए एकीकृत इकोसिस्टम को और भी मजबूत किया गया है। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और कुशल कार्यबल के लिए विदेशी अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से 30 भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। उद्योग 4.0 की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार 330 से अधिक वर्तमान समयानुरूप पाठ्यक्रम विकसित किये गये हैं। शिक्षण में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए, कई उच्च शिक्षा संस्थान अब कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। एआई अनुवाद उपकरण विभिन्न भारतीय भाषाओं में पाठ्य-पुस्तकों के अनुवाद की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। जेईई, एनईईटी और सीयूईटी जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं अब 13 भाषाओं में उपलब्ध हैं।

**260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा शिव पुराण की

इसमें विधिपूर्वक शिवोपासना, नान्दी श्राद्ध और ब्रह्मयज्ञादि की विवेचना भी की गई है। गायत्री जप का महत्त्व तथा वेदों के बाईस महावाक्यों के अर्थ भी समझाए गए हैं।

**वायु संहिता :** इस संहिता के पूर्व और उत्तर भाग में पाशुपत विज्ञान, मोक्ष के लिए शिव ज्ञान की प्रधानता, हवन, योग और शिव-ध्यान का महत्त्व समझाया गया है। शिव ही चराचर जगत के एकमात्र देवता हैं। शिव के 'निर्गुण' और 'सगुण' रूप का विवेचन करते हुए कहा गया है कि शिव एक ही हैं, जो समस्त प्राणियों पर दया करते हैं। इस कार्य के लिए ही वे सगुण रूप धारण करते हैं। जिस प्रकार 'अग्नि तत्त्व' और 'जल तत्त्व' को किसी रूप विशेष में रखकर लाया जाता है, उसी प्रकार शिव अपना कल्याणकारी स्वरूप साकार मूर्ति के रूप में प्रकट करके पीड़ित व्यक्ति के सम्मुख आते हैं शिव की महिमा का गान ही इस पुराण का प्रतिपाद्य विषय है।

**शिवपुराण सुनने का फल :** शिवपुराण में वर्णन आया है कि जो भी श्रद्धा से शिव पुराण कथा का श्रवण करता है वह जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त हो जाता है और भगवान शंकर के परम धाम को प्राप्त करता है। अन्य देवताओं की अपेक्षा भगवान शंकर जल्द ही प्रसन्न हो जाते हैं और थोड़ी सी पूजा का बहुत-बड़ा फल प्रदान करते हैं। एक बार भष्मासुर ने भगवान शंकर की तपस्या कर इच्छित वर माँग लिया कि मैं जिसके सिर पर हाथ रखुँ वह भष्म हो जाये। भगवान शंकर इतने भोले-भाले कि बिना सोचे-समझे उन्होंनें भष्मासुर को तथास्तु प्रदान किया। भष्मासुर ने सोचा कि पहले शंकर जी को ही भष्म करके देखता हूँ। भष्मासुर भगवान शंकर के पीछे दौड़ पड़े। भगवान शंकर दौड़ते हुये भगवान विष्णु के पास जा पहुँचे।

*(क्रमशः)*

# कलम को औजार बना लेने वाले प्रेमचन्द



ललित गर्ग

*मुंशी प्रेमचंद* की साहित्यकार, कहानीकार और उपन्यासकार के रूप में चर्चा इसलिये होती है कि उनकी कहानियां-उपन्यास जीवंत, अद्भुत एवं रोमांचकारी हैं, लेकिन एक बड़ा सच यह भी है कि उनके वास्तविक जीवन की घटनाएं उससे भी अधिक विलक्षण, प्रेरक एवं अविस्मरणीय हैं। वे अपनी जिन्दगी की किताब के किरदारों में कहीं अधिक सशक्त, साहसी, आन्दोलनकारी एवं प्रेरणादायी रहे हैं। बनारस के लमही में 31 जुलाई 1880 को पैदा हुए इस महान लेखक-कहानीकार-पत्रकार ने अपनी रचनाओं के लिए ब्रिटिश हुकूमत की सजा भी भोगी, लेकिन पीछे नहीं हटे, अपना नाम भी बदला। उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके पत्रकारीय योगदान को लगभग भूला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी उन्होंने की। आजादी की लड़ाई में उनका योगदान भी कम नहीं था। लेकिन इन विविध भूमिकाओं एवं विलक्षण अदाओं के बावजूद ऐसा ही लगता है कि वे कहानियां सुनाने ही धरती पर आये थे। आज जब हम बहुत ठहर कर बहुत संजीदगी के साथ उनका लेखन देखते हैं तो अनायास ही हमें महसूस होता है कि वे अपने आप में कितना विराट संसार समेटे हुए हैं। उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाएँ अद्भुत और कालजयी हैं, उन जैसे संसार में विरले ही हुए जिन्होंने सृजन को इतनी उत्कट बेचैनी लेकर जीवन जिया। उनके शब्दों में जादू था और जीवन इतना विराट कि देश-काल की सीमाएं समेट नहीं पाईं उनके वैराट्य को। उन्होंने हिन्दी कथा-साहित्य के क्षेत्र में कथ्य और शिल्प दोनों में आमूलचूल बदलाव किया। लेखन की एक सर्वथा मौलिक किन्तु सशक्त धारा जिनसे जन्मी, वे हैं मुंशी प्रेमचन्द। इतिहास और साहित्य में ऐसी प्रतिभाएं कभी-कभी ही जन्म लेती हैं। वाल्मीकि, वेदव्यास, कालिदास, तुलसीदास, कबीर और इसी परम्परा में आते हैं प्रेमचन्द। जिनसे भारतीय साहित्य का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरू हुआ था। जिनके सृजन एवं साहित्य की गूंज भविष्य में युग-युगों तक देश और दुनिया में सुनाई देती रहेगी। आज मुंशी प्रेमचंद की तुलना दुनिया के चोटी के साहित्यकार मोरित्ज, गोर्की, तुर्गनेव, चेखब और टॉल्स्टोय आदि के साथ करते हुए हमें उन पर गर्व होता है। मुंशी प्रेमचंद ने अपने 36 वर्षों के साहित्यिक जीवन में करीब तीन सौ कहानियाँ, एक दर्जन उपन्यास, चार नाटक और अनेक निबन्धों के साथ विश्व के महान- साहित्यकारों की कुछ कृतियों का हिन्दी में अनुवाद भी किया और उनकी यह साहित्य-साधना निश्चय ही उन्हें आज भी अमरता के शीर्ष-बिन्दु पर बैठाकर उनकी प्रशस्ति का गीत गाते हुए उन्हें 'उपन्यास सम्राट्' और कालजयी कहानीकार की उपाधि से विभूषित कर रही है। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर ही बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें 'उपन्यास सम्राट्' से संबोधित किया। मुंशी प्रेमचंद सही मायने में आज भी सच्ची भारतीयता की पहचान हैं। उनका कहना था कि साहित्यकार देशभक्ति और राजनीति के पीछे चलने वाली सच्चाई नहीं अपितु उसके आगे मशाल दिखाती हुई चलने वाली सच्चाई है। यह बात उनके साहित्य में उजागर हुई है। उन्होंने कुछ महीने तक मर्यादा पत्रिका का संपादन किया और फिर लगभग छह साल तक माधुरी पत्रिका का संपादन किया।

**बनारस के लमही में 31 जुलाई 1880 को पैदा हुए इस महान लेखक-कहानीकार-पत्रकार ने अपनी रचनाओं के लिए ब्रिटिश हुकूमत की सजा भी भोगी, लेकिन पीछे नहीं हटे, अपना नाम भी बदला।**

**उपन्यास**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से




# प्रासंगिक है नव भारत साक्षरता कार्यक्रम

*राष्ट्रीय शिक्षा* नीति-2020 में निहित व्यापक और गहरे परिप्रेक्ष्य के साथ ही भविष्य के भारत के सरोकारों के संबंध में 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' की प्रासंगिकता अतिमहत्वपूर्ण है। भविष्य के शिक्षित भारत की कल्पना वास्तव में तभी साकार होगी जब भारत के सभी नागरिक सुशिक्षित और सुसाक्षर होंगे । राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पैरा-21.4 में उल्लिखित व्यवस्था के अन्तर्गत निरक्षरता के पूर्ण उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' पिछले साल एक अप्रैल को लागू किया था। उत्तर प्रदेश इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक रूप से प्रतिबद्ध है। इसके क्रियान्वयन के लिए केंद्र की गाइड लाइंस एवं प्रदेश की भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के दृष्टिगत विषयवस्तु एवं साक्षर करने के भिन्न-भिन्न कौशलों की रूपरेखा का प्रयोग किया जा रहा है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 वयवर्ग के असाक्षरों को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड से प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा पढ़ना-लिखना एवं अंक ज्ञान सिखाया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत असाक्षरों को जीवन के महत्वपूर्ण जीवन कौशल, जैसे वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्यिक कौशल ,बाल देखभाल और शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के मुद्दों पर आहार संबंधी आदतों, व्यायाम, योग, तंबाकू के उपयोग की समाप्ति, प्राथमिक चिकित्सा देखभाल और सड़क यातायात दुर्घटना के प्रबंधन, स्थानीय रोजगार प्राप्त करने की दृष्टि से व्यावसायिक कौशल विकास की सीख प्रदान की जा रही है। भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश के समस्त जनपदों में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को लागू करने के निर्देश दिए थे। इसके अन्तर्गत भारत सरकार ने प्रदेश को 17.00 लाख असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। योजनान्तर्गत ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड से कक्षाएं स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। राज्य स्तर पर एससीईआरटी, लखनऊ कार्यालय में स्थापित किये गये राज्य साक्षरता केन्द्र द्वारा अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग समस्त जनपदों को प्रदान किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन के लिए जनपद में विद्यालय एक इकाई है। जनपद स्तर पर उक्त योजना का क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण प्रदेश के राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा गठित जिला शिक्षा परियोजना समिति से ही जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के कार्य कराए जा रहे हैं। जनपद में उक्त प्राधिकरण का सदस्य सचिव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बनाया गया है। योजनान्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में एनआईएलपी सर्वे ऐप द्वारा सर्वेयर के माध्यम से 15 वयवर्ग के असाक्षरों को चिह्नित किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त जनपदों में 19 मार्च को साक्षरता परीक्षा में कुल 1,46055 असाक्षरों ने प्रतिभाग किया। इस परीक्षा में शामिल प्रतिभागियों के सापेक्ष सफल नवसाक्षरों का एनआईओएस के माध्यम से प्रमाणीकरण का कार्य कराया जा रहा है। गत वित्तीय वर्ष में जिन चिह्नित असाक्षरों को साक्षर किया गया है, उनके जीवन में जो व्यावहारिक परिवर्तन परिलक्षित होने लगा है। वित्तीय साक्षरता की दृष्टि से उनके अन्दर वाक्यों एवं अंकों का इतना ज्ञान हो गया है कि वे बैंक, पोस्ट ऑफिस एवं तहसील आदि से संबंधित कार्य अब बिना किसी दूसरे व्यक्ति की सहायता से करने लगे हैं। भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रति सजग हुए हैं। इनके लाभ के लिए अब किसी दूसरे व्यक्ति की सहायता की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा ऐसे लोगों में निजी जीवन एवं पारिवारिक जीवन में स्वच्छता से रहने का गुण विकसित हुआ है। वे अच्छे मनुष्य होने के साथ ही अच्छे नागरिक भी बन रहे हैं। छोटे-छोटे शब्दों से सरल वाक्यों का निर्माण एवं अंकों के ज्ञान की समझ विकसित हुई है। **(लेखक, उत्तर प्रदेश राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के सचिव हैं।)**

**■ गणेश कुमार**

**भारत के सन्दर्भ में न्यूजीलैंड में मंत्री के इस्तीफे का यह उदाहरण इतना ही बताने के लिए काफी है कि कानून-कायदे सख्त हों इससे ज्यादा जरूरी यह है कि कानून सबके लिए समान भी हों।**

**शिक्षा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# ये सब्जियां बढ़ायेंगी पाचन संबंधी समस्याओं का खतरा

सब्जियों का सेवन शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। इनमें मौजूद फाइबर, विटामिन, मिनरल्स शरीर को ढेरों स्वास्थ्य लाभ देते हैं परंतु आयुर्वेद के अनुसार, कुछ सब्जिों का सेवन करना शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके अनुसार, कुछ सब्जियां पाचन के लिए सही नहीं मानी जाती है।

**फूलगोभी :** आयुर्वेद के अनुसार, फूलगोभी ठंडी होती है ऐसे में इसका सेवन करने से पेट के अग्नि तत्व को नुकसान पहुंचता है। इससे शरीर में वात दोष और कफ पित्त कम भी होने लगता है। ऐसे में यदि आप फूलगोभी खाते हैं तो इसके कारण आपको पाचन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।


**टमाटर :** सब्जियों का स्वाद बढ़ाने वाला टमाटर यदि जरुरत से ज्यादा खाया जाए तो यह स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें मौजूद खटास प्रकृति पेट में एसिड बढ़ा सकती हैं। एसिड बढ़ने के कारण आपका पाचन भी खराब हो सकता है।

**शिमला मिर्च :** इसमें मौजूद फाइबर शरीर के लिए लाभकारी माना जाता है यह खाने का स्वाद बढ़ाने में भी मदद करती है। परंतु शिमला मिर्च में पाए जाने वाले हानिकारक कंपाउंड पाचन खराब भी कर सकते हैं। वहीं आयुर्वेद के अनुसार, ज्यादा मात्रा में शिमला मिर्च खाने से पित दोष पैदा हो सकता है। इसके अलावा यदि आप ब्लड प्रेशर के मरीज हैं तो इसका सेवन कम मात्रा में ही करें।

**पालक :** पालक आयरन का काफी अच्छा स्त्रोत मानी जाती है इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी मदद मिलती है। परंतु आयुर्वेद के अनुसार, इसका सेवन करना शरीर के लिए हानिकारक माना जाता है। इसे खाने से शरीर में वात दोष बढ़ता है कफ पित्त कम होने लगता है। वहीं यदि मानसून में इसका सेवन किया जाए तो पाचन संबंधी समस्याएं जैसे एसिडिटी, अपच, पेट दर्द जैसी परेशानियां होने लगती हैं।

**पत्तागोभी :** बरसात में पत्तागोभी का सेवन भी नहीं करना चाहिए। क्योंकि इस मौसम में पत्ते वाली सब्जियों में कीड़े होते हैं जो पाचन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वहीं आयुर्वेद के अनुसार, मानसून में पत्ता गोभी का सेवन पेट की अग्नि को भी नुकसान पहुंचाता है जिससे एसिडिटी, पेट दर्द, अपच जैसी समस्याएं होने लगती हैं।

# अच्छे पेरेंट्स होने के नाते बच्चे को जरुर सिखाएं ये बातें



माता-पिता को धरती पर भगवान के जितना दर्ज दिया जाता है। पेरेंट्स ही अपने बच्चों को जीवन की सही शिक्षा देते हैं और उन्हें जीवन की सही राह पर चलने की सीख देते हैं। ऐसे में पेरेंट्स के फर्ज और उनके द्वारा किए गए संघर्षों को सलाम करने के लिए को पूरी दुनिया में हर साल 22 जुलाई को नेशनल पेरेंट्स डे मनाया जाता है। आज आपको इस मौके पर बताते हैं कि आप अपने बच्चों को भविष्य में मजबूत और कॉन्फिडेंट कैसे बना सकते हैं।

**सिखाएं सच बोलना :** बच्चों को हमेशा सच बोलने की आदत डालें। उन्हें बताएं कि झूठ बोलने से उन्हें क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं। इसके लिए आप खुद भी बच्चों के सामने बिल्कुल भी न झूठ बोलें। ऐसा करने से बच्चों को भी इसकी आदत डल सकती है। इससे बच्चे भी झूठ बोलने लगते हैं। अगर आप चाहते हैं कि बच्चे हमेशा आपसे सच बोलें तो आप खुद भी उनके सामने कभी झूठ न बोलें और न हीं उन्हें झूठ बोलने की आदत डालें।

**गलती करने पर न डांटे :** अगर आपके बच्चे कोई गलती करते हैं तो उन्हें डांटे नहीं क्योंकि हर कोई पेरेंट्स अपने बच्चे को एकदम परफेक्ट देखना चाहता है इसलिए पेरेंट्स के सामने गलती करने से बच्चे और भी ज्यादा डरने लगते हैं। परंतु अगर वह गलती नहीं करेंगे तो चीजों को सीखेंगे कैसे और समझेंगे कैसे। अगर आप चाहते हैं कि बच्चे जीवन में अच्छी सीख लें तो उन्हें गलती करने दें। उन्हें बताएं कि गलतियां करना एक तरह का लर्निंग प्रोसेस है और अगर बच्चों से गलती होती है तो उसमें कुछ शर्मिंदा होने वाली बात नहीं है। गलतियों से सीखकर ही बच्चे मेंटली स्ट्रान्ग बनेंगे।

**बच्चे की सुनें बात :** अगर आप बच्चों को मजबूत करना चाहती हैं तो उन्हें खुद को एक्सप्रेस करने का एक मौका जरुर दें। चाहे आप कितने ही व्यस्त क्यों न हों परंतु अपने बच्चों के लिए 5-10 मिनट जरुर निकालें ताकि बच्चे आपके सामने खुलकर बात कर सकें। अगर उनकी बात दिल में ही दबी रहेगी तो वह मानसिक रुप से मजबूत नहीं बन पाएंगे। इसलिए उन्हें खुद को एक्सप्रेस करना जरुर सिखाएं। इसके अलावा उन्हें सिखाएं कि वह अपनी भावनाओं को अच्छी तरह व्यक्त कर पाएं।

**डर का सामना करना सिखाएं :** बच्चों अपने जीवन में किसी न किसी चीज से जरुर डरते हैं ऐसे में वह उस चीज को फेस करने से भी डरते हैं। इसलिए अगर बच्चे किसी चीज से डरता है तो पहले आप उसका आत्मविश्वास बढ़ाएं। इसके बाद उसे प्रोत्साहित करना सिखाएं। इस तरह जब एक बार बच्चा अपने डर का सामना करना सिख जाएगा तो उसे जीवन में किसी चीज को समझने में परेशान नहीं होगी। इसके अलावा वह कठिन से कठिन परेशानी भी आसानी से संभाल पाएगा।

**दिमाग बनाएं मजबूत :** फिजिकली फिट होने के साथ-साथ बच्चे का मेंटली फिट होना भी जरुर है। मेंटली स्ट्रांग बनाने के लिए आप उनके साथ कोई दिमागी गेम खेल सकते हैं। अगर फिर भी बच्चे किसी मेंटली प्रॉब्लम से गुजर रहे हैं तो उनकी हैल्थ के लिए एक बार डॉक्टर को जरुर दिखाएं। ऐसे बच्चे अपने अंदर सारे जज्बातों को अच्छे से शेयर कर पाते हैं और प्रोफेशन्ल हेल्प मिलने पर वह दिमागी तौर पर भी मजबूत बनते हैं।

# आंखों की रोशनी ले सकता है आई फ्लू

मानसून में कोई न कोई बीमारी का खतरा जरुर बढ़ता है। बारिश का पानी अपने साथ कई तरह की समस्याएं लेकर आता है। ऐसे ही दिल्ली समेत कई सारे इलाकों में इन दिनों आई फ्लू संक्रमण काफी तेजी से बढ़ रहा है। इसे पिंक आई भी कहते हैं। यह एक तरह की इंफेक्शन की बीमारी है जो संक्रमित व्यक्ति या फिर उसके आंसुओं के संपर्क में आने से फैलती है। इसके अलावा यह आई कॉन्टैक्ट बनाने और यदि संक्रमित व्यक्ति खांसता या फिर छींकता है तो भी फैल सकता है। दिल्ली में इन दिनों यह संक्रमण काफी फैल रहा है। ऐसे में अगर आपको भी लक्षण दिखते हैं तो इन्हें इग्नोर न करें।



## दिल्ली के अस्पतालों में लगी भीड़

दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल में आई फ्लू के मरीजों की गिनती बढ़ती जा रही है। भारी बारिश और बाढ़ के कारण यह इंफेक्शन बढ़ती जा रही है। यहां अस्पताल में सिर्फ 20 से 30 मरीज दिखते थे अब वहीं यह गिनती बढ़कर 400 के करीब हो गई है। वहीं अब आई फ्लू के मरीजों अस्पतालों में दिख रहे हैं। इससे सिर्फ बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी काफी जल्दी इंफेक्शन का शिकार हो रहे हैं। जिस व्यक्ति की आंखों में फ्लू होता है उसके आस-पास रहने वाले व्यक्ति भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

## घरेलू उपचार बने परेशानी का कारण

मीडिया से बात करते हुए आई फ्लू के मरीजों ने बताया कि पहले उनकी आंख में जलन हुई और फिर खुजली। खुजली के बाद आंखों में से पानी आने लगा और आंख सूज गई। इसके बाद उन्होंने कुछ घरेलू इलाज किया तो आंख और भी लाल हो गई और इसमें दर्द और चुभन जैसी समस्याएं होने लगी। जैसे उनकी आंख में यह समस्या हुई तो बाकी घर के लोग भी इससे संक्रमित हो गए।

## पिंक आई के रुप में जाना जाता है रोग

एक्सपर्ट्स की मानें तो यह एक फैलने वाला रोग है। कंजंक्टिवाइटिस को पिंक आई भी कहा जाता है। यह एक ऐसा इंफेक्शन है जिसमें कंजंक्टिवा में सूजन हो जाती है। आपको बता दें कि कंजंक्टिवा एक क्लियर लेयर होती है जो आंख के सफेद भाग और पलकों की अंदर की परत को कवर करती है। मानसून में कम तापमान, हाई ह्यूमिडिटी के कारण लोगों को बैक्टीरिया, वायरस, एलर्जी के कारण यह समस्या हो रही है।

## न करें इंफेक्शन किसी का तौलिया इस्तेमाल



इसके अलावा एक्सपर्ट्स की मानें तो अगर आपके घर में किसी को यह समस्या है तो एक-दूसरे का तौलिया, रुमाल के साथ चेहरा साफ न करें। इसके अलावा कोई घरेलू उपचार भी न करें। इससे आंखों की रोशनी भी जा सकती है। यह आई फ्लू की बीमारी छूने के कारण होती है। आंखों में इंफेक्शन और आंखों में जलन भी होने लगती है।

## लक्षण दिखने पर करें डॉक्टर को संपर्क

**आई फ्लू के लक्षण कुछ इस प्रकार हैं जैसे**

- नजला
- जुखाम
- बुखार
- आंखें लाल होना
- आंखों में से पानी निकलना
- आंखों में से सूजन होना

## कैसे करें अपना बचाव?



- थोड़े-थोड़े समय पर अपने हाथ साफ करते रहें
- आंखों को बार-बार हाथ न लगाएं
- आस-पास सफाई रखें
- यदि बाहर जाना है तो काला चश्मा लगाएं
- पीड़ित व्यक्ति के साथ आई कांटेक्ट न बनाएं
- इंफेक्शन वाले व्यक्ति का बैड, तौलिया या कपड़ा न इस्तेमाल करें
- टीवी और मोबाइल से दूरी बनाएं।

इसके अलावा इन लक्षणों के दिखने पर कोई उपचार न करें और एक बार डॉक्टर को जरुर संपर्क करें।

# मानसून में बढ़ा मलेरिया का खतरा

बाढ़ बारिश जैसे हालातों के कारण पूरे देश में चिकनगुनिया, डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में चेतावनी देते हुए सरकार ने कहा है कि बढ़ते खतरे को कम करने के लिए यदि आपको कोई भी लक्षण नजर आता है तो सावधानी जरुर बरतें। कई इलाकों में मलेरिया के केस भी दिखे हैं। जलवायु में परिवर्तन होने के कारण मच्छर बढ़ रहे हैं। ऐसे में एक्सपर्ट्स ने भी इनसे बचने के लिए अलर्ट जारी किया है। ओटावा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों और मलेरिया का अध्ययन करने वाली प्रोफेसर और शोधकर्ता मनीषा कुलकर्णी ने मलेरिया के खतरे पर चिंता व्यक्त की है।



## अध्ययन में सामने आए नतीजे

कुलकर्णा ने 2016 में सामने आए एक अध्यनन का नेतृत्व किया और उसमें यह पाया गया कि मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के लिए निवास स्थान एक दशक में सैंकड़ों वर्ग किलोमीटर तक बढ़ गया था। ऐसी ही घटनाएं देश की कई जगहों पर देखी गई हैं जिसमें पक्षियों को कम ऊंचाई वाले आवासों से भी बाहर निकाल दिया था। 2021 में मलेरिया के कारण 96% मौतें हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2021 में मलेरिया के कारण मौत के 247 मिलियन मामले दर्ज किए थे। वहीं 2002 और 2021 के बीच मलेरिया के कारण वैश्विक मौतों के कारण 29% गिरावट आई थी लेकिन अब फिर से संख्या बढ़ गई है। खासकर अफ्रीराक में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौतों के लिए मलेरिया ही 80% जिम्मेदार है।

## लंबे समय से बारिश के कारण

## पनपते हैं ऐसे मच्छर

बदलती जलवायु, बढ़ते तापमान के मध्यम से मच्छरों को फायदा नहीं होता लेकिन लंबे समय तक यदि बारिश रहे तो ऐसा मौसम मच्छरों के लिए आवास का कारण बन सकता है। यह मच्छर सिर्फ पानी में ज्यादा पनपते हैं। इसके अलावा सूखे कंटेनरों में रखा पानी भी मच्छरों के पनपने का कारण बन सकता है। शोधकर्ताओं ने 2000 के दशक की शुरूआत में इथियोपिया के हाई लैंड्स में मलेरिया के बढ़ने मामलों में कमी दर्ज की थी। हालांकि अब दोबारा से फैल रहा मलेरिया परेशानी का कारण बन सकता है।

## कई जिलों में मिले मरीज

इसके अलावा लगातार बारिश के कारण छतीसगढ़ के बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक में भी मलेरिया के मरीज पाए गए हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इनकी जांच कर रहा है। 187 मरीजों में मलेरिया के लक्षण भी दिखे हैं। ऐसे में बदलते मौसम में थोड़ी सावधानी बरतें।

## सूडोकु नवताल- 6775

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6774 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**29 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.57 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कन्या | 09.09 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 11.19 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 13.34 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 15.50 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 17.55 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 19.42 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 21.14 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 22.45 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 00.25 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मिथुन | 02.23 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 04.37 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 210 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 13.06 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 23.35 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 09.34 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 13.06 बजे तदनन्तर बव 23.55 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871689
**जूलियन दिन** 2460154.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 10
**विशेष** पद्मिनी एकादशी, कमला एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7837

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ |
| 20 | | | | 21 | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | ■ | 24 | | 25 | ■ | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
9. धावक (अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पाँव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार, आंवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

**ऊपर से नीचे**

1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2,3
10. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2
25. पथ, रास्ता, मार्ग-2

**शब्द पहेली -7836 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | च | क | न | ■ | ■ | आ | ब | रु |
| ज़ | ■ | ■ | ब | र | दा | न | ■ | ख |
| बा | ल | ■ | ■ | बा | दा | ■ | ■ | सा |
| ■ | ल | त | ■ | ना | ■ | म | ग | र |
| ■ | का | र | ण | ■ | क | ल | फ | ■ |
| ह | र | फ | ■ | आ | ■ | बा | ल | ■ |
| बा | ■ | ■ | दा | बा | ■ | ■ | त | ह |
| ला | ■ | गा | ह | ज | नी | ■ | ■ | व |
| त | मी | ज | ■ | ■ | र | स | खा | न |

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृष राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन राशि :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कर्क राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**सिंह राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कन्या राशि :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला राशि :** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मकर राशि :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कुंभ राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**मीन राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट







**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# भारत सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए बन रहा 'गुड कंडक्टर' : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए आज रेड कार्पेट बिछा रहा है। भारत के पास तकनीक, जनसांख्यिकी, लोकतंत्र और रिफार्म्स के प्रति समर्पित सरकार है। ऐसे में कहा जा सकता है कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए 'गुड कंडक्टर' बन रहा है। पीएम मोदी ने आज गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में सेमीकॉनइंडिया 2023 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभा को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की वैश्विक परिस्थिति में दुनिया के देशों को चिप मुहैया कराने के लिए एक



विश्वसनीय सहयोगी की जरूरत है। ऐसे में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से ज्यादा विश्वसनीय भागीदार कौन हो सकता है। पिछले साल सेमीकॉन के पहले संस्करण में भागीदारी को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत में निवेश के बारे में उस समय उठाए गए सवालों पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष की अवधि में प्रश्न 'भारत में निवेश क्यों करें' से 'भारत में निवेश क्यों न करें' में बदल गया है। भारत की जी20 थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र बनाने के पीछे भी यही भावना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत चाहता है कि उसके कौशल, क्षमता और सामर्थ्य से पूरी दुनिया लाभान्वित हो। उन्होंने वैश्विक भलाई और बेहतर दुनिया के लिए भारत की क्षमता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस उद्यम में भागीदारी, सुझावों और विचारों का स्वागत किया और उद्योग जगत के नेताओं को आश्वासन दिया कि भारत सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। पीएम ने लाल किले से अपने संबोधन को याद करते हुए कहा, "यही समय है। यही सही समय है। सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए। मोदी ने भारत में अपना विश्वास दिखाने के लिए उनकी सराहना करते हुए कहा, उद्योग जगत के नेताओं के प्रयासों के कारण एक दिशात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के नेताओं ने भारत की आकांक्षाओं और क्षमता को अपने भविष्य और सपनों के साथ जोड़ लिया है। उन्होंने कहा, भारत निराश नहीं करता। पीएम ने महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया को एक विश्वसनीय आपूर्ति शृंखला की जरूरत है। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र से ज्यादा भरोसेमंद भागीदार कौन हो सकता है। उन्होंने भारत के प्रति बढ़ते वैश्विक भरोसे पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि निवेशकों को भारत पर भरोसा है क्योंकि यहां एक स्थिर, जिम्मेदार और सुधारोन्मुखी सरकार है। उद्योग जगत को भारत पर भरोसा है क्योंकि हर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है। तकनीकी क्षेत्र भारत पर विश्वास करता है क्योंकि यहां प्रौद्योगिकी बढ़ रही है।

# सामूहिक प्रयास से 2030 तक हो सकता है हेपेटाइटिस का खत्मा : डॉ. मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर शुक्रवार को संसद परिसर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्यमंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, आईएलबीएस के निदेशक डॉ. सरीन सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. मांडविया ने कहा कि हेपेटाइटिस एक रोकथाम योग्य और उपचार योग्य बीमारी है। सामूहिक प्रयास से हम 2030 तक इस घातक बीमारी को खत्म कर देंगे। उन्होंने आह्वान किया कि देश को हेपेटाइटिस मुक्त भारत बनाने के लिए लोगों को साथ आना चाहिए और इसे जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में लिवर संबंधित बीमारियों से



4-5 करोड़ लोग पीड़ित हैं, इसके इलाज के लिए 700 से अधिक अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि लिवर रोग के बारे में लोगों में जागरूकता बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता जरूरी है।

हेपेटाइटिस इतनी खतरनाक बीमारी है कि अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए तो यह शरीर के हर अंग को प्रभावित करती है। यह एक संक्रामक बीमारी है, जो लिवर को प्रभावित करता है। लिवर में सूजन ही हेपेटाइटिस का कारण बनता है। कई दूसरे कारणों से भी यह रोग शरीर में लग सकता है। इसकी चपेट में आने के बाद किसी व्यक्ति की सेहत और जीवन काफी समस्याओं से भर सकता है। हेपेटाइटिस के कई प्रकार हैं जिसमें हेपेटाइटिस बी, सी शामिल है।

नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ बारूक ब्लमबर्ग ने हेपेटाइटिस बी वायरस की खोज करने के बाद इस वायरस के इलाज के लिए डायगोनस्टिक टेस्ट और वैक्सीन का भी विकास किया गया। डॉ ब्लमबर्ग के इस खोज के सम्मान में उनके जन्म दिवस 28 जुलाई को वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से वर्ष 2008 में पहली बार वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे को मनाया गया।

# लोकसभा में लगातार सातवें दिन नहीं चला प्रश्नकाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में शुक्रवार को भी प्रश्नकाल नहीं चला और विपक्षी दलों के सदस्यों की भारी हंगामे के कारण अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। बिरला ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्य आसन के सामने आकर के हंगामा करने लगे। धीर रंजन चौधरी ने कहा कि पिछले बार 2019 में जाओ अविश्वास प्रस्ताव लाया था तो उस पर उसी दिन चर्चा हुई थी इस बार ऐसा क्यों हुआ कि अब तक चर्चा शुरू नहीं हुई। अध्यक्ष ने हंगामा कर रही सदस्यों से सवाल किया, आप प्रश्नकाल नहीं चलाना चाहते। प्रश्नकाल चलाइए। मैंने सर्वदलीय बैठक में भी सबसे सदन चलाने में सहयोग करने का आग्रह किया था। सदन नियम कानून से चलता है, हंगामे से नहीं चलता। सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि 2019 में भी विपक्षी दल अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए थे और तब प्रस्ताव पर उसी दिन चर्चा शुरू कर दी गई थी। इस बार ऐसा क्यों हुआ कि प्रस्ताव पर चर्चा नहीं कराई जा रही है। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार के पास बहुमत के लिए पूरी संख्या है। वह लगातार बोलते रहे लेकिन हंगामे के कारण कुछ सुनाई नहीं दिया तो अध्यक्ष ने सदन शुरू होने के महज कुछ ही मिनट के भीतर सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी।

# क्या हरिवंश पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करेंगे या नहीं?

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

दिल्ली प्रदेश में अधिकारियों के तबादला-पोस्टिंग के अधिकार वाले केन्द्र सरकार के विधेयक को लेकर संसद के दोनों सदनों में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपने -अपने सदस्यों के लिए व्हिप जारी किया है। ताकि सभी सदस्य उस दिन संसद में उपस्थित रहें। केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने अपने सभी सदस्यों को व्हिप जारी किया है। भाजपा ने अपने सभी लोकसभा सदस्यों से 13 फरवरी तक सदन में मौजूद रहने का आदेश जारी किया है। विपक्ष गठबंधन विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के अहम घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भी अपने सभी राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी किया है। जदयू ने राज्यसभा के अपने सांसद हरिवंश (जो राज्यसभा के उपसभापति भी हैं ) सहित उच्च सदन के अपने सभी सदस्यों से दिल्ली अध्यादेश पर वोटिंग के दौरान सदन में मौजूद रहने और पार्टी के निर्देश का पालन करने के लिए कहा है। इस तरह जनता दल यूनाइटेड की ओर से व्हिप जारी किए जाने और हरिवंश को भी इसकी जद में लिए जाने को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। सवाल उठ रहा है कि क्या सभापति और उपसभापति भी व्हिप के दायरे में आते हैं? इसको लेकर संसदीय परंपराएं और नियम क्या हैं? संसदीय मामलों के जानकारों का कहना है कि व्हिप के दायरे से केवल सभापति बाहर रहता है। आसन पर कोई भी व्हिप लागू नहीं होता, क्योंकि जब कोई सांसद आसन पर होता है, तब वो किसी भी दल का नहीं होता। संसद की कार्यवाही से जुड़े नियम उपसभापति को व्हिप के दायरे से बाहर नहीं करते। हरिवंश अगर वोटिंग के दौरान आसन पर नहीं होते हैं तो वे जदयू के व्हिप को मानने के लिए नियमों के मुताबिक बाध्य होंगे। राज्यसभा में जदयू के मुख्य सचेतक अनिल हेगड़े ने कहा कि जब भी महत्वपूर्ण विधेयक आते हैं, तो न केवल जदयू , बल्कि सभी दल अपने सांसदों को व्हिप जारी करते हैं। हेगड़े ने कहा कि मैं पता लगाऊंगा कि क्या पहले भी उपसभापति को व्हिप जारी किया गया था या नहीं?

### व्हिप से कैसे बच सकते हैं हरिवंश?

हरिवंश जदयू से सांसद हैं। जेडीयू की ओर से जारी व्हिप राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पर भी लागू होगा। अब सवाल है कि हरिवंश किस परिस्थिति में जदयू के व्हिप की जद में आने से बच सकते हैं? यदि वह वोटिंग के समय आसन पर होंगे तो बच सकते हैं। लेकिन पेंच यह भी है कि हरिवंश वोटिंग के समय यदि आसन पर होते हैं, तब भी वे व्हिप का पालन कर रहे होंगे। व्हिप ये सुनिश्चित करने के लिए होता है कि पार्टी के सभी सदस्य निर्धारित तिथि, समय पर सदन में मौजूद रहें। हरिवंश आसन पर हुए तब भी सदन में मौजूद होंगे और इस तरह से व्हिप का पालन भी हो रहा होगा। और सबसे बड़ी बात यह है कि केन्द्र सरकार क्यों उपसभापति को उस विधेयक को पास कराने के लिए आसन पर लाने का रिस्क लेगी।

# भारत ने मलेशिया को रक्षा-सैन्य सहयोग देने पर प्रतिबद्धता जताई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और मलेशिया के बीच सैन्य सहयोग पर उप समिति की 10वीं बैठक में दोनों देशों के बीच वर्तमान रक्षा सहयोग की समीक्षा करने के साथ ही पारस्परिक हितों के मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। भारत ने पोत निर्माण और रखरखाव योजनाओं में मलेशियाई सशस्त्र बलों के साथ सहयोग करने पर प्रतिबद्धता जताई। साथ ही भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमताओं और योग्यताओं के बारे में मलेशिया को जानकारी दी गई। भारत और मलेशिया के बीच नई दिल्ली में हुई इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव



(अंतरराष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद ने किया, जबकि मलेशियाई पक्ष का नेतृत्व वहां के असिस्टेंट चीफ ऑफ स्टाफ, रक्षा संचालन एवं प्रशिक्षण विभाग के मेजर जनरल दातो खैरुल अनुआर बिन अब्द अजीज ने किया। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच वर्तमान रक्षा सहयोग की समीक्षा की गई और पारस्परिक हितों के मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई।

### क्या ईडी निदेशक पर विपक्षी नेताओं को तंग करने के आरोप में चल सकता है केस

# ईडी को आगे करके गिराई गई सरकारें : सिब्बल


**आरएनएम। नई दिल्ली**

तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी के केस में सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रख रहे कपिल सिब्बल और सॉलिसिटर जनरल के बीच उस वक्त गहमागहमी हो गई जब सीनियर एडवोकेट ने पीएमएलए के बेजा इस्तेमाल पर अपनी बात रखी। हालांकि उनकी बात सॉलिसिटर जनरल को अच्छी नहीं लगी। उन्होंने टोका तो सिब्बल का गुस्सा और ज्यादा भड़क गया। मामला इतना बिगड़ा कि जस्टिस को बीच में दखल देकर बीच बचाव कराना पड़ गया।

सिब्बल का कहना था कि वो चिंतित हैं, क्योंकि मनी लांड्रिंग एक्ट का बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। एडवोकेट बोले कि हम कोर्ट में अपने क्लाइंट के लिए खड़े हैं। वो जीत भी सकते हैं और हार भी। उनकी चिंता इस बात को लेकर है कि देश का भविष्य अब ईडी तय करने लगी है। ये चीज अब सवालों के दायरे में है। ये उतनी सहज भी नहीं है। उनका कहना था कि सरकार ईडी के जरिये अपने विरोधियों को निपटाने में लगी है। सॉलिसिटर जनरल ने उनकी बात को काटकर कहा कि इस मसले को पॉलिटिकल नहीं बनावें, 2002 से जब से ये एक्ट बना है तब से 300 से ज्यादा अरेस्ट कभी भी नहीं की गई हैं।

सरकार इस एक्ट का दुरुपयोग नहीं कर रही है। मेहता की इस तरह की बात सुनकर सिब्बल भड़क गए। उनका कहना था कि मैंने इस मसले को पॉलिटिकल नहीं बनाया है। लेकिन अगर वो बनाएंगे तो मैं सवाल पूछना चाहूंगा कि उन सरकारों का क्या जो ईडी को आगे करके गिराई गई हैं। उनकी बात पर सॉलिसिटर जनरल का कहना था कि अगर ईडी का कोई अफसर किसी को गलत तंग करता है तो उसे दो साल तक जेल हो सकती है। पीएमएलए एक्ट में ये प्रावधान किया गया है।

### सिब्बल ने पूछा- कितने ईडी अफसरों को सजा हुई



**सिब्बल** उनकी बात पर फिर से भड़क गए। उनका सवाल था कि क्या किसी ईडी अफसर को आज तक सजा हुई है। उनकी बात पर तुषार मेहता ने कहा कि अगर कोई गलत अरेस्ट की गई तो। सिब्बल ने फिर से तल्ख लहजे में कहा- कोई गलत अरेस्ट नहीं हुई? दोनों के बीच की तकरार को देखकर जस्टिस एएस बोपन्ना को बीच में आना पड़ गया। जस्टिस ने जब देखा कि दोनों में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं हो रहा तो उन्होंने दखल देकर कहा कि प्लीज- आप लोग कानूनी लड़ाई तक खुद को सीमित रखें।

# गोपालगंज में मोहर्रम जुलूस के दौरान करंट से 10 झुलसे, दो रेफर

**पटना।** बिहार के गोपालगंज जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपुर धर्मपुर में मोहर्रम के जुलूस के दौरान शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से 10 लोग झुलस गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें दो युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ताजिया जुलूस में हरपुर सफी टोला के युवक हाथों में डंडा-लाठी और पेड़ की टहनियां लेकर चल रहे थे। धर्मचक की ओर जाते समय युवकों के हाथों के हरे बांस ग्यारह हजार केवीए बिजली के तार के संपर्क में आ गए, जिससे 10 युवक मूर्छित हो गये। इससे वहां अफरा-तफरी मच गयी।




# 'सा रे गा मा पा' से मैंने बहुत कुछ हासिल किया : आदित्य नारायण



**सिंगर और एक्टर** आदित्य नारायण 'सा रे गा मा पा' में अपने होस्टिंग ड्यूटीज को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। आदित्य ने कहा है कि उन्होंने अपने करियर में इस शो से कई कंटेस्टेंट्स की तरह बहुत कुछ हासिल किया है, जो देश के सिंगिंग सेंसेशन बन गए हैं। आदित्य ने 'सा रे गा मा पा 2021' के 30वें सीजन को होस्ट किया था, जो 16 अक्टूबर, 2021 से 6 मार्च, 2022 तक प्रसारित हुआ था। हालांकि, ग्रैंड फिनाले के तुरंत बाद, एक्टर ने होस्टिंग ड्यूटीज को अलविदा कह दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की थी। उस सीजन की विजेता नीलांजना रे थीं। इस बीच, उन्होंने रणबीर कपूर-स्टारर 'शमशेरा' में 'जी हुजूर' गाना गाया। आदित्य और उनकी पत्नी, एक्ट्रेस श्वेता अग्रवाल ने मार्च 2022 में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया था। 2007 से शो को होस्ट कर रहे आदित्य एक बार फिर जजों - हिमेश रेशमिया, नीति मोहन और अनु मलिक - के साथ अपकमिंग सीजन के होस्ट के रूप में दिखाई देंगे।

# प्रभास का हैक फेसबुक अकाउंट किया बहाल



**पैन-इंडिया** स्टार प्रभास, जिन्हें हाल ही में 'आदिपुरुष' में देखा गया था, ने साझा किया है कि उनका फेसबुक अकाउंट हैक हो गया था, जिसके बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक बयान भी जारी किया। हालांकि, एक्टर का अकाउंट अब बहाल कर दिया गया है। अपने फॉलोअर्स को सूचित करते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, हेलो एवरीवन! मेरा फेसबुक अकाउंट पेज हैक कर लिया गया है। मेरी टीम इसपर काम कर रही है। इससे पहले फेसबुक पेज पर कुछ आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट किए गए थे। इनमें से एक वीडियो के कैप्शन में लिखा था- 'ह्यूमन बिंग अनलकी'' प्रभास की टीम ने काफी कोशिश के बाद आधिकारिक अकाउंट को पुनः प्राप्त कर लिया।

### सवाल : मुसलमानों के खिलाफ 'मॉब लिंचिंग' बढ़ने के दावे पर

# केंद्र-राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मारने की घटनाओं के मामले में सख्त कदम उठाने के अदालती आदेशों के बावजूद चिंताजनक वृद्धि का दावा करने वाली एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और अन्य कई राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन (एनएफआईडब्ल्यू) की जनहित याचिका पर विचार करने का फैसला करते हुए नोटिस जारी किये। पीठ ने केंद्र सरकार के अलावा उड़ीसा, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश और हरियाणा सरकारों (पुलिस प्रमुखों) को नोटिस



जारी कर जवाब तलब किया। याचिका में दावा किया गया है कि तहसीन एस पूनावाला फैसले (2018) में शीर्ष अदालत के स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी होने के बावजूद 'मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा के मामलों में चिंताजनक वृद्धि' हुई है। लिहाजा, इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप किया जाए। शीर्ष अदालत के समक्ष एनएफआईडब्ल्यू की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि विभिन्न उच्च न्यायालयों के क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करना व्यर्थ होगा। उन्होंने कहा कि तहसीन पूनावाला फैसले के बावजूद घटनाएं हो रही हैं। अगर याचिकाकर्ता को संबंधित उच्च न्यायालय में जाने के लिए कहा जाता है तो उससे कुछ नहीं होगा। इस प्रक्रिया में पीड़ितों को कुछ नहीं मिलेगा। पीठ के समक्ष गुहार लगाते हुए उन्होंने कहा, हम (पीड़ित मुसलमान) कहां जाएं? यह बहुत गंभीर मामला है। शीर्ष अदालत ने 2018 के पूनावाला मामले में अपने फैसले में भीड़ हिंसा को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को व्यापक दिशानिर्देश जारी की थी। अधिवक्ता सुमिता हजारिका और रश्मी सिंह के माध्यम से दायर एनएफआईडब्ल्यू की याचिका में कई घटनाओं को उजागर करने की मांग की गई है। ये घटनाएं भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मारने के खतरे को रोकने के लिए पर्याप्त निवारक और परिणामी कार्रवाई करने में राज्य मशीनरी की लगातार विफलता को दशार्ती है। याचिका में हाल की एक घटना समय पर कई घटनाओं का जिक्र किया गया है। एक घटना बिहार के सारण जिले में 28 जून 2023 को हुई थी, जहां जहरुद्दीन नाम के 55 वर्षीय ट्रक ड्राइवर को गोमांस ले जाने के संदेह में भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। दावा किया गया कि यह घटना महाराष्ट्र के नासिक में हुई (लिंचिंग) भीड़ द्वारा की गई हिंसा की दो अलग-अलग घटनाओं के बाद हुई थीं।

# मुंबई में उत्सव पोद्दार का पहला म्यूजिक वीडियो जी म्यूजिक कंपनी से लॉन्च

**रांची निवासी उत्सव पोद्दार** मुंबई में गायन एवं मनोरंजन के क्षेत्र में कदम रखा है। रांची मारवाड़ी महिला समिति की मीडिया प्रभारी सह समाजसेवी अन्नू पोद्दार एवं व्यवसायी राजू पोद्दार के पुत्र उत्सव पोद्दार ने आज मुंबई में म्यूजिकल लेबल जी म्यूजिक कंपनी से अपना पहला म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया। उत्सव पोद्दार इस म्यूजिक वीडियो के गाने के गायक है, म्यूजिक वीडियो का निर्देशन रिशव अग्रवाल द्वारा किया गया है तथा स्टार कास्ट उत्सव पोद्दार और ओनिमा कश्यप मुख्य भूमिका में है। म्यूजिकल वीडियो




वाकई बहुत ही आकर्षक एवं बेहतरीन बना है। इसका पोस्टर भी शानदार है। जी म्यूजिक कंपनी से रिलीज म्यूजिक वीडियो के लांच के अवसर बड़ी संख्या में लोग म्यूजिक वीडियो को ऑनलाइन यूट्यूब में देखें। उत्सव पोद्दार का पहला म्यूजिक वीडियो जी कंपनी से लॉन्च होने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी महिला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उत्सव पोद्दार एवं उनके परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उत्सव के उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बधाई देते हुए कहा है कि उत्सव पोद्दार गायकी एवं अदाकारी में मील का पत्थर साबित होगा।

### झारखंड को जल जीवन मिशन के लिए केंद्र ने दिए 10 हजार करोड़

# 'राशि का लाभ उठाये सरकार'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड को जल जीवन मिशन के तहत विगत पांच वर्षों में केन्द्र सरकार ने 10865 करोड रुपए की राशि आवंटित की है। इसमें सरकार सिर्फ 3065 करोड़ रुपए का उपयोग कर पाई है। सरकार को चाहिए की केन्द्र द्वारा दी गयी राशियों का भरपूर लाभ उठाना चाहिए, ताकि योजनाओं को आगे बढ़ाने में परेशानियों का सामना नहीं कर सके। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जल जीवन मिशन कार्य को पूर्ण करने के लिए भारत सरकार ने झारखंड के लिए 4722 करोड़ की राशि आवंटित की है। लेकिन इस वित्तीय वर्ष के लगभग चार माह बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से अभी तक इससे कोई राशि की निकासी नहीं की गई है। यह जानकारी केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री विशेश्वर टुडू ने शुक्रवार को लोकसभा में दी। लोकसभा सत्र के दौरान रांची के सांसद संजय सेठ ने यह सवाल पूछा था कि केंद्र सरकार के द्वारा झारखंड के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। कितनी राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा सांसद ने झारखंड में विभिन्न कारणों से प्रदूषित हुए बड़े जल निकाय और जलाशय की सफाई के संबंध में भी जानकारी मांगी थी। इसी जानकारी के आलोक में केंद्रीय मंत्री ने सदन में यह जवाब दिया है केंद्रीय मंत्री ने लिखित जवाब में बताया कि वर्ष 2019 में 267 करोड़, 2020-21 में 572 करोड़ 2021-22 में 2479 करोड़, 2022-23 में 2825 करोड़ और 2024 में 4722 की राशि आवंटित की गई है। इसकी तुलना में राज्य सरकार इन राशियों का उपयोग नहीं कर पा रही है।



#### अब तक राज्य के 20.50 लाख ग्रामीणों के घरों में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराया

जबकि 2020-21 में 143 करोड रुपए का उपयोग हुआ । 2021-22 में 512 करोड़ रुपए का उपयोग हुआ जबकि 2022-23 में 2119 करोड़ रुपए का उपयोग हुआ। चालू वित्तीय वर्ष में जारी की गई राशि में से किसी भी राशि की निकासी अब तक नहीं की गई है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया कि राज्य सरकार की ओर से जो रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई है, उसके अनुसार झारखंड में पूर्व में 20.50 लाख ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं दूसरी ओर जुलाई 2023 तक राज्य में 61.28 लाख ग्रामीण घरों में से 23 लाख घरों में नल जल से आपूर्ति होने की सूचना दी गई है। राज्य सरकार के हवाले से ही लोकसभा में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्य में पड़ने वाले बड़े जल निकायों जलाशयों को प्रदूषण मुक्त करने और साफ सफाई करने की जिम्मेदारी राज्य का विषय है।

### हेमंत सरकार में राज्य की विधि व्यवस्था की स्थिति भयावह : प्रतुल

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य में विधि व्यवस्था को ध्वस्त बताया है। प्रतुल ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में नक्सलियों का वर्चस्व फिर से स्थापित हो रहा है। शहरी इलाकों में माफिया गिरोह तांडव मचा रहे हैं। बीच में जनता पीस रही है और सरकार कुंभकरण की नींद में सोई है। प्रतुल ने कहा कि एनसीआरबी के डाटा के अनुसार जनवरी 2020 से फरवरी 2023 तक के 38 महीनों में 5225 बेटियों की इज्जत लूटी गई और 5771 लोगों की हत्या कर दी गई और 5007 अपहरण की घटनाएं हुई। प्रतुल ने कहा की अगर हत्या, दुष्कर्म और अपहरण की घटनाओं को जोड़कर देखें तो प्रतिदिन ऐसी 14 वारदातें इस राज्य में हो रही हैं। प्रतुल ने कहा की इस शासनकाल में बेटियां जिंदा जलाई गई, बेटियां फांसी पर लटकाई गई, शहीद के वंशजों की हत्या हुई, नेताओं को टारगेट किया गया।

### विधि व्यवस्था पर बोले सुदेश महतो

# आपराधिक मामलों पर अंकुश लगाये सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मानसून सत्र के पहले दिन राज्य में आपराधिक घटनाओं में हुई वृद्धि का मामला गरमाया रहा। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राज्य में आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं इसपर सरकार को अंकुश लगाने की जरूरत है। नहीं तो राज्य की स्थिति खराब हो सकती है जो बेहद ही चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं और घटना को अंजाम दे रहे हैं। सारे रिकॉर्ड सरकार के पास है इस पर आंकड़ों के साथ चर्चा कराने की जरूरत है और आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। सुदेश महतो ने कहा कि सरकार संगठित अपराध को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा पा रही है ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि अपने काम के बजाय पुलिस दूसरे काम में लगी रहती है, इस वजह से अनुसंधान के बड़े बड़े फाइल यूंही पड़ी रह जाती है। टेक्नोलॉजी के इस युग में पुलिस का तंत्र फेल होना बेहद ही चिंता का विषय है। ऐसे में पुलिस को अपना खुफिया तंत्र मजबूत करने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा 1932 आधारित स्थानीय नीति संबंधी विधेयक एक बार फिर लाए जाने की तैयारी पर सवाल खड़ा करते हुए आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा है कि सरकार की मंशा ही नहीं है कि स्थानीय नीति लाई जाए। जब राज्यपाल ने त्रुटियों को दूर करने के लिए इस बिल को वापस किया था तो उसी वक्त सरकार ने क्यों नहीं पहल की। सरकार चाहती नहीं है कि यहां के लोगों को लाभ मिले इस वजह से यहां के बेरोजगार युवाओं को भारी क्षति उठानी पड़ रही है। एक बार फिर इसकी तैयारी की जा रही है मगर सरकार के रुख से नहीं लगता है कि स्थानीय और नियोजन नीति बन पाएगी।




### मुहर्रम जुलूस को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

# आज मेन रोड में वाहनों का परिचालन रहेगा बंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में शनिवर को निकलने वाले मुहर्रम जुलूस को लेकर एक तरफ जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं ट्रैफिक व्यस्था में भी बदलाव किया गया है। शनिवार को रांची के सबसे व्यस्तम मेन रोड में वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। ट्रैफिक रुट को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। जरूरत न हो तो शनिवार को न निकले घर सेः रांची में मुहर्रम की नवमी और पहलाम का जुलूस 29 जुलाई को निकाला जाएगा। इसको लेकर राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत शनिवार को मेन रोड में सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सुबह दस बजे से जुलूस के समापन तक यह व्यवस्था रहेगी। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने आदेश जारी किया है। ट्रैफिक एसपी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कर्बला चौक और डोरंडा युनूस चौक में भी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।ए३५ ईं१ ३ट्रैफिक व्यवस्था में बदलावइन मार्गों में भी वाहनों का प्रवेश रहेगा बंदः

किशोरी यादव यौक से अपर बाजार, महावीर चौक होकर शहीद चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगाशहीद चौक से अपर बाजार, महावीर चौक के तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगासुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगाकचहरी चौक से शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगाचडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगाप्लाजा चौक से अलबर्ट एक्का चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया हैपुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगाएसएन गांगूली रोड, विष्णु गली, बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया हैचर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगावूल हाउस के पास मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया हैकर्बला चौक से रतन टॉकिज आने वाले मार्ग में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगायी गई हैकडरू से रेडिशन ब्लू होटल होकर मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया हैमेकॉन से राजेंद्र चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगातुलसी चौक से अम्बेडकर चौक आने वाले वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। राजधानी में प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर शुक्रवार सुबह से ही पुलिस की तैनाती कर दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर जिलेभर में दो हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की जा रही है।



### महंगाई की मार से आम आदमी परेशान, कीमतों से गड़बड़ा रहा बजट

**रांची।** बीते जून में थोक, ईंधन, बिजली, मैन्युफैक्चरिंग उत्पाद की महंगाई दर कम हुई। लेकिन खुदरा महंगाई दर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.81 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में तेजी से रही। मई में यह 4.31 प्रतिशत थी। वहीं, खाद्य महंगाई दर जून में 4.49 प्रतिशत हो गई, जो मई में 2.96 प्रतिशत थी। दालों की भी महंगाई दर 6.56 प्रतिशत से बढ़कर जून में 10.53 प्रतिशत हो गई। यह आंकड़ा शायद आम लोगों की समझ में न आए, पर घर के बिगड़ते बजट से उन्हें साफ पता चल रहा है कि महंगाई बढ़ गई है। जून के इन आंकड़ों के बीच झारखंड के आम लोगों पर महंगाई से पड़ने वाले असर का विश्लेषण किया गया। पांच सालों में दैनिक उपयोग की जरूरी खाद्य सामग्री व राज्य में इसी दौरान प्रति व्यक्ति आय की तुलना की गई। पता चला इन पांच सालों में जहां राज्यवासियों की आय 4.78 प्रतिशत बढ़ी, रिफाइंड की महंगाई 54.2 फीसदी बढ़ गई।

### रिर्सोट निर्माण के लिए चिन्हित भूमि का जांच प्रतिवेदन पर्यटन विभाग को समर्पित

**रांची।** जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन विभाग को रिर्सोट निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का जांच प्रतिवेदन समर्पित कर दिया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मौजा रुक्का में चिन्हित 05 एकड़ भूमि से संबंधित जांच प्रतिवेदन सचिव, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड को समर्पित किया गया है। जांच प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी, ओरमांझी द्वारा सूचित किया गया है कि भूमि का जल पथ प्रमण्डल, रांची (जल संसाधन विभाग) और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से अनापत्ति के पश्चात रिर्सोट निर्माण हेतु पर्यटन विभाग को हस्तांतरित किया जा सकता है। वर्तमान में चिन्हित भूमि खाली/परती है, साथ ही भूमि को पर्यटन विभाग को हस्तातंरण हेतु ग्राम सभा भी कर लिया गया है। झारखंड सरकार द्वारा विकास को बढ़ाने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग को रिर्सोट निर्माण हेतु मौजा रुक्का, थाना नंबर-31 में कुल पांच एकड़ भूमि चिन्हित की गयी है, जिसकी विवरणी निम्न है : खाता संख्याः- 52, प्लॉट संख्याः- 1577, रकबाः- 0.20 एकड़, खाता संख्याः- 04, प्लॉट संख्याः- 1578, रकबाः- 0.96 एकड़, खाता संख्याः- 04, प्लॉट संख्याः- 1579, रकबाः- 0.45 एकड़, खाता संख्याः- 87, प्लॉट संख्याः- 1661, रकबाः- 3.39 एकड़ हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**सीएम ने पर्यटन स्थालों...**

निकट हो, ताकि स्टेडियम का पूर्ण रूप से उपयोग हो सके।

**इनके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने पलामू के जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर स्टेडियम पुनर्स्थापना, गोड्डा के पोड़ैयाहाट में इंडोर स्टेडियम निर्माण, मसलिया प्रखंड स्तरीय स्टेडियम, दुमका स्थित ए टीम ग्राउंड में स्टेडियम निर्माण, डुमरिया प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण, पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया प्रखंड के माइदाबांध, जमशेदपुर के सरजामदा और पटमदा के लावा में फुटबॉल स्टेडियम निर्माण, साहेबगंज में सिदो -कान्हू स्टेडियम के गैलरी विस्तार एवं अन्य कार्य तथा राजमहल में आउटडोर स्टेडियम निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश खेल विभाग को दिया है।

**विकास कार्य व पर्यावरण में...**

प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों द्वारा घरों को क्षतिग्रस्त किया जाता है, नुकसान पहुंचाए गए घरों की क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा राशि में भी वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों के भागीदारी से ही हाथियों को भी संरक्षित करने में सफलता मिल सकेगी।

रांची पहले समर कैपिटल के रूप में जाना जाता था : हेमन्त सोरेन ने कहा कि रांची कभी समर कैपिटल के रूप में जाना जाता था। एकीकृत बिहार के समय गर्मी के महीनों में रांची में ही विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाता था। रांची के इर्द-गिर्द क्षेत्र में आज भी सर्दी के महीनों में बर्फ जमता है। रांची के आसपास कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां वो पेड़ मिलते हैं जो बर्फीले पहाड़ों में पाए जाते हैं। इस प्रदेश में एक समय था जब चाय के बागान हुआ करते थे लेकिन यह सभी चीजें धीरे-धीरे लुप्त होते गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में मैंने वन विभाग के पदाधिकारियों से कहा था कि जंगलों की कटाई और अवैध खनन की शिकायत हेतु एक टोल फ्री नंबर जारी करें जिस पर आम जनता शिकायत दर्ज करा सके। मुझे इस बात की खुशी है कि विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया गया और हजारों की संख्या में शिकायतें दर्ज हुई तथा उन शिकायतों पर विभाग द्वारा कार्रवाई भी की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को हरा भरा रखने के लिए हमारी सरकार ने कानून बनाया है कि शहरी क्षेत्र में जो परिवार अपने घरों के कैंपस में पेड़ लगाएंगे प्रति पेड़ उन्हें पांच यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। यह तो सरकार की एक नीति है परंतु हमें इससे हटकर भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने पड़ेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अलग होने के समय कुछ लोगों ने इस राज्य का नाम झारखंड नहीं बल्कि वनांचल रखे जाने की वकालत की थी। हमारे आदिवासी एवं मूलवासी आंदोलनकारी नेतृत्वकताओं ने आंदोलन के शुरूआती दिनों से ही इस प्रदेश का नाम झारखंड के रूप में ही रखे जाने के लिए लम्बी लड़ाई और संघर्ष की थी। आदिवासियों एवं मूलवासियों ने लम्बे समय तक आंदोलन किया। अलग झारखंड राज्य आंदोलन में ना जाने कितने लोगों की शहादत और कुबार्नी के बाद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में वर्ष 2000 में हमें अलग झारखंड राज्य मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मोबाइल एप्लीकेशन आधारित हाथी विचरण निगरानी प्रणाली ऐप, वन विभागीय वेबसाइट, राष्ट्रीय ट्रांजिट पास प्रणाली का उद्घाटन तथा जलवायु परिवर्तन अनुकूलन से संबंधित बुकलेट का विमोचन गया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यावरण एवं वन संरक्षण पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्तियों के बीच पारितोषिक वितरण किया। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा ट्रेनिंग ग्राउंड खोजाटोली नामकुम में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश राजेश कच्छप ने मानव का विकास एवं जलवायु परिवर्तन में समन्वय बनाने तथा प्राकृतिक संतुलन को लेकर अपने संबोधन में विस्तृत प्रकाश डाला।

**राजधानी के 50 भू माफिया...**

नंबर, पूरे परिवार और रिश्तेदारों के चल अचल संपत्ति का ब्यौरा , इनकम टैक्स फाइल करने की क्या स्थिति है. अगर शहर या शहर से बाहर में उनकी कोई कंपनी है तो उसकी जानकारी.

**हाईकोर्ट को सीलबंद रिपोर्ट सौंपी गई :** वहीं हाईकोर्ट के आदेश पर रांची पुलिस ने जमीन माफियाओं की एक लिस्ट बनाकर सीलबंद लिफाफे में हाई कोर्ट को सौंप दी है जानकारी के अनुसार उस लिस्ट में कुल 75 जमीन माफियाओं के नाम शामिल हैं. हाईकोर्ट ने पूर्व चीफ जस्टिस स्वर्गीय इकबाल की जमीन पर कब्जा किए जाने वाले घटना के बाद मामले में स्वत संज्ञान लेते हुए रांची पुलिस से शहर के सभी भू माफियाओं की लिस्ट मांगी थी।

# अनवर आर्केड से निकला मातमी जुलूस, मस्जिद जाफरिया में सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नवी मोहर्रम को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सैयद फराज अब्बास और उनके घर वालो की उपस्तिथि में अनवर आर्केड में मजलिस ज़िक्र शहीदाने कर्बला का आयोजन किया गया। मजलिस में पेश खानी अशरफ हुसैन, कासिम अली, हाशिम अली ने किया। मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य व मस्जिद जाफारिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि इस्लाम तलवार से नहीं अच्छे किरदार से फैला है। आज के जमाने में लोग तकरीर को ही इस्लाम समझ लेते हैं, जबकि तकरीर इस्लाम नहीं है, किरदार इस्लाम हैं। आज जमाने में जिस तरीके से फूट डाली जा रही है और समाज को तोड़ने की साजिश की जा रही है ये यहूदी साजिश का नतीजा है। हजरत इमाम हुसैन कर्बला की जंग तलवार से नहीं किरदार से जीती है। जंगे कर्बला की रात वह कयामत कि रात है जब इमामे हुसैन के 72 साथियों ने इस्लाम को बचाने की खातिर शहादत देने को तैयार हैं। इस हौसले से हमें पता चलता है कि हक बात पर जान निछावर करना जिंदगी है। मजलिस के बाद मातमी जुलूस अनवर आर्केड से निकाला।



### कारो नदी में हो रहे बालू के अवैध खनन से पुल पर संकट

**रांची।** बालू तस्कर और नक्सली गठजोड़ से तोरपा के कारो नदी का हाल बेहाल है। नदी से अवैध बालू का उठाव आम हो गया है। खनन विभाग और पुलिस को चकमा देकर सरकार को राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। इसके साथ ही लगातार बालू के अवैध खनन से कारो नदी पर बने पुल पर भी खतरा मंडराने लगा है। लगातार बालू के उठाव से पुल के पिलर खोखले होने लगे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पेयजल स्वच्छता विभाग के एसडीओ सुनील खलखो ने बताया कि कई बार विभाग से लेकर जिले के वरीय अधिकारियों को पत्रचार और टेलीफोनिक सूचना दी जाती है कि अवैध खनन पर रोक लगाएं नहीं तो समस्या होगी।

# मथुरा महतो ने पारा शिक्षक की पत्नी की नौकरी के लिए सीएम से मिले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टुंडी के झामुमो विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा उनसे समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया की धनबाद नगर निगम के लिए ठोस अवशिष्ट प्रबंधन योजना को लेकर बलियापुर प्रखंड के रघुनाथ मौजा 179 खाता संख्या 220 से 1934 एकड़ भूमि नगर विकास एवं आशा आवास विभाग को स्थानांतरण करने के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि यह जमीन ग्रामीण क्षेत्र में आता है और जमीन के आसपास ग्रामीण निवास करते हैं और पशुओं का चारा का पेड़ पौधा एवं विद्यालय अवस्थित है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से विद्युत तार के स्पशार्घात से मरने वाले पारा शिक्षक दिनेश मरांडी की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नियोजन एवं मुआवजा राशि देने की मांग भी की है।



### सोनाहातू में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किया जागरूक

**रांची।** प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को प्रमुख विक्टोरिया देवी की अध्यक्षता में खरीफ सह मिलेट्स वर्ष 2023 का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड कर्मियों के साथ प्रगतिशील किसान एवं कृषक मित्र शामिल हुए। प्रमुख ने कार्यशाला की शुरूआत करते हुए लोगों को निर्देश दिए कि वर्तमान परिस्थिति में किसानों को उचित परामर्श और सहायता मिलना जरूरी है। ऐसी स्थिति में किसानों को वैकल्पिक कृषि को प्राथमिकता देनी होगी। इसके बाद बीडीओ सुचित्रा मिंज ने कहा कि जमीनी स्तर पर किसानों को उचित परामर्श और जानकारी पहुंचाने का दायित्व सभी कर्मियों का होना चाहिए। किसानों समय के अनुकूल अपनी फसलों का चयन करते हुए कृषि कार्य करें। इसके लिए कृषि विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं से सहयोग लें, ताकि किसान भाइयों को कम से कम नुकसान हो सके। बीएओ विष्णु खंडित ने किसानों को मिलेट्स आधारित मोटे अनाजों की खेती करने का सुझाव दिए। बीटीएम दीनानाथ भगत द्वारा खरीफ मौसम में बोयी जानेवाली फसलों और इससे होनेवाली मौसमी बीमारी और बचाव के उपाय बताए।

### आस्था | चिन्मय मिशन सप्ताह के षष्टम दिवस की श्रीमद भागवत का आयोजन

# श्रद्धा पूर्वक जप से अन्तःकरण साफ होता है : स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चिन्मय मिशन, रांची द्वारा आयोजित भागवत सप्ताह के षष्टम दिवस की कथा भी परंपरानुसार भागवत व व्यास पीठ के पूजन से प्रारंभ हुई। पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द जी ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान जीवन में आए, रास जीवन में आए, इसके लिए अन्तः करण को साफ करना जरूरी है। श्रद्धा पूर्वक जप करने से उपासना से अन्तःकरण साफ होता है। भगवत्कृपा से ही हम सब का अन्तःकरण हृदय में परिवर्तित होता है जिसमें भगवान विराजते हैं। रासलीला का मर्म सामान्य बुद्धि या स्थुल बुद्धि से समझना संभव नहीं है । गोपियों का कृष्ण से निस्वार्थ प्रेम था जैसे माता पिता का अपने बच्चों से, गुरू का अपने शिष्यों से प्रेम होता है। गोपियां कहती हैं कि कृष्ण के आने से वृंदावन बैंकुठ हो गया है। भगवत धाम हो गया है। जीव का आवरण हटने से ही ईश्वर के साथ महारास संभव है। अक्रूर जी का उद्धव जी का भगवान के गुरूकुल जाने का प्रसंग स्वामी जी मर्म सहित बताया। रूक्मणी विवाह के प्रसंग में स्वामी जी ने कहा रूक्मणी जी ने भगवान का वरण किया है। उन्होंने रूक्मणी का हरण नहीं उनके दुःखों का हरण किया था। कथा में श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विशेष उपस्थिति संतोष अग्रवाल, सुशील वर्मा एवं डा. राजेन्द्र शर्मा की थी। प्रसाद परोसने में कुशल जालान, नंदकिशोर, श्याम सुंदर, बसंत शर्मा, जितेंद्र भदानी जी, प्रेम अग्रवाल, राजेश, कन्हैया शर्मा जी, चेतन शर्मा, मुरली मुरारी जोशी, कार्तिक सोनी जी, रमाशंकर बगड़िया, सुनील कुमार सोनी आदि स्वयंसेवियों की एक बड़ी टीम लगी हुई है।



### डोरंडा कॉलेज में 62वां स्थापना दिवस मनाया गया

**रांची।** डोरंडा कॉलेज का 62वां स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा व वित्त पदाधिकारी डॉ कुमार एएन शाहदेव थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने की। कुलपति ने स्थापना के छह दशक से अधिक का सफर सफलतापूर्वक तय करने के लिए बधाई दी। कहा कि कॉलेज ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास किया है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व विद्यार्थियों को हर तरह की अकादमिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। डॉ मेहता ने विश्वास व्यक्त किया कि डोरंडा कॉलेज देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों शामिल होगा। डॉ झा बोले, कॉलेज में परीक्षाएं बेहतर ढंग से हो रही हैं। वित्त पदाधिकारी डॉ कुमार एएन शाहदेव ने कहा कि छात्रों व शिक्षकों को निरंतर कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि कॉलेज उच्चतर स्थिति को बनाए रखे। प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा बोले, महज 60-62 विद्यार्थियों से शुरू हुए डोरंडा कॉलेज में आज करीब 20,000 विद्यार्थी हैं।

# अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होता है : कुलदीप

**एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज पर भारत की पांच विकेट की जीत के दौरान शीर्ष श्रेणी के स्पिनर के गुणों का प्रदर्शन किया और 6 रन देकर 4 विकेट लिए। 28 वर्षीय बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज के सामने कई चुनौतियां हैं। दमदार प्रदर्शन के बावजूद वह टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। कुलदीप ने खेल के तीनों प्रारूपों में प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाए हैं। हालांकि, भारत में स्पिन संसाधनों की प्रचुरता के कारण, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से उन्हें कई मैचों से बाहर रखा गया है। फिर भी, कलाई का स्पिनर इस तरह के उतार-चढ़ाव से अप्रभावित रहता है और अपने खेल के उन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है जिन्हें वह नियंत्रित कर सकता है। कुलदीप ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आपको अक्सर स्थिति या संयोजन के कारण बाहर बैठना पड़ता है। यह एक सामान्य बात है। मैं इतने लंबे समय से क्रिकेट खेल रहा हूं - छह, साढ़े छह साल हो गए हैं (मेरे पदार्पण के बाद से) और बहुत सी चीजें सामान्य हो गई हैं।" मुझे जब भी मौका मिलता है मैं उस काम पर और अपनी गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देता हूं जो मुझे करना होता है, (ताकि



मैं प्रदर्शन कर सकूं)। जब मैं नहीं खेलता तो मैं बहुत शांत रहता हूं क्योंकि मेरे ऊपर प्रदर्शन करने का कोई दबाव नहीं होता है।" जब आप खेलते हैं तो दबाव होता है, लेकिन साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने का भी दबाव होता है। आप एक बड़ी टीम के लिए खेल रहे हैं, आप भारत के लिए खेल रहे हैं, बहुत सारे लोग आपको देख रहे हैं, आपका अनुसरण कर रहे हैं, इसलिए आप चाहते हैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे। कुलदीप यादव ने लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के साथ मिलकर सफेद गेंद क्रिकेट की गतिशीलता में क्रांति ला दी। कुलचा के नाम से मशहूर इस दुर्जेय जोड़ी ने स्पिन विभाग में प्रभावशीलता और कौशल का एक नया स्तर पेश किया, जिसने भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। स्पिन जोड़ी इंग्लैंड में आयोजित 2019 विश्व कप का हिस्सा थी। हालाँकि, ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत की सेमीफाइनल हार के बाद उनकी साझेदारी को झटका लगा। तब से, उन्होंने केवल कुछ ही मैच एक साथ खेले हैं। लेकिन कुलदीप ने कहा कि उनके रिश्ते को उस झटके से कोई नुकसान नहीं हुआ है और वे एक-दूसरे की सफलता का आनंद लेना जारी रखते हैं। उन्होंने बताया, हम बहुत निश्चिंत हैं। हम जानते हैं कि संयोजन बहुत मायने रखता है। कभी वह (चहल) खेलते हैं, कभी मैं खेलता हूं और हमारी समझ बहुत अच्छी है। हम बहुत सामान्य हैं। जब मैं खेलता हूं तो वह मेरी बहुत मदद करते हैं कि मैं क्या कर सकता हूं, क्या बदल सकता हूं।" कुलदीप ने कहा, वह हमेशा चाहते हैं कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूं। जब वह खेलते हैं तो मैं भी वैसा ही करता हूं, ताकि जब वह खेलें तो टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करें। शायद यही कारण है कि कुल-चा साझेदारी ने वर्षों से इतना अच्छा काम किया है। हम एक दूसरे का समर्थन करते हैं। " कुलदीप ने अपनी हालिया सफलता का श्रेय सीनियर रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी दिया। उन्होंने कहा, सीनियर बड़ी भूमिका निभाते हैं। जब मैं अपने खेल में बदलाव लाया, तो विराट भाई और रोहित भाई ने मेरा बहुत समर्थन किया। उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया है। वे मेरा समर्थन कर रहे हैं।

# लक्ष्य जापान ओपन के सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग, प्रणय बाहर

**एजेंसी। टोक्यो (जापान)**

कनाडा ओपन 2023 के विजेता लक्ष्य सेन ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर अपने लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन भारत को शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय और फॉर्म में चल रही पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की हार से दोहरे झटके लगे। दोनों शुक्रवार को जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गए। 16 जुलाई को यूएस ओपन के सेमीफाइनल में ऑल-इंग्लैंड 2023 चैंपियन ली शी फेंग से हारने वाले लक्ष्य ने कोर्ट 2 पर 47 मिनट के संघर्ष में जापान के कोकी वातानाबे को जापानी राजधानी में योयोगी प्रथम जिम्नेजियम में सीधे गेम में 21-15, 21-19 से हराया। वहीं प्रणय पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में 15-12 की बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रहे और क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से



कड़ी टक्कर में 21-19, 18-21, 8-21 से हार गए। पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के ली यांग और वांग ची-लिन से तीन गेमों में 15-21, 25-23, 16-21 से हार गई। दुनिया के 13वें नंबर के लक्ष्य सेन जिन्होंने कुछ हफ्ते पहले कनाडा ओपन जीतने के लिए फाइनल में चीन के ली शी फेंग को हराया था, उन्होंने कोकी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के साथ इस बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट में भारतीय ध्वज को फहराया।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ने दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और शिखर मुकाबले में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न और इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के मुकाबले के विजेता से होगा।

## रवि दहिया के घुटने की सर्जरी, छह महीने के लिए मैदान से बाहर



**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया की गुरुवार को घुटने की सर्जरी हुई, जिससे वह इस साल के किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। दहिया को फरवरी में दाहिने घुटने में एसीएल और एमसीएल चोटों का पता चला था और वह पुनर्वास के बाद भी ठीक नहीं हो सके। वह पिछले हफ्ते एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल (57 किग्रा) में क्वालिफिकेशन राउंड में आतिश टोडकर से हार गए और दर्द के कारण मैट छोड़ दिया। वह एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले पाएंगे। सर्जरी मुंबई में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने की।

वेस्टइंडीज बनाम भारत का दूसरा वनडे -2023

# भारत की निगाहें सीरीज जीतने पर

**एजेंसी। बारबडोस**

भारतीय टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे वनडे के लिए फिर अपने निर्धारित बल्लेबाजी क्रम पर वापसी कर सकती है ताकि वह बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बना ले। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ को पहले वनडे में मध्यक्रम बल्लेबाजों को दूसरे सत्र में टर्न लेती पिच पर आजमाने में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा लेकिन लक्ष्य महज 115 रन का था तो टीम ने आराम से इसे हासिल कर लिया। कोई भी पक्के तौर पर कह सकता है कि अगर भारत को फिर इतने छोटे लक्ष्य का पीछा करना पड़े तो भी रोहित खुद शुभमन गिल के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे और विराट कोहली तीसरे



नंबर पर खेलेंगे।

पहले वनडे में अर्धशतकीय पारी से प्रभावित करने के बावजूद ईशान किशन को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी होगी और अगर केएल राहुल वापसी करते हैं तो उन्हें श्रीलंका में एशिया कप के दौरान इस जगह को खाली करना होगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में आठ अक्टूबर (मौजूदा कार्यक्रम के अनुसार) को शुरूआती विश्व कप मैच से पहले बस 11 और मैच बचे हैं तो भारत का लक्ष्य एक संतुलित संयोजन पर अडिग रहने का होगा इसलिये ज्यादा प्रयोग करने पर शायद जोर नहीं दिया जाए।


बारबडोस में केनसिंगटन ओवल दिवंगत मैलकम मार्शल और जोएल गार्नर का घरेलू मैदान है जिस पर दौरा करने वाली टीम के बल्लेबाज 'बिग फोर' (एंडी रॉबर्ट्स और माइकल होल्डिंग) का सामना करने की बात सोचकर ही दबाव में आ जाते थे। लेकिन गुरुवार को केनिसंगटन ओवल की पिच स्पिनरों के लिए फायदेमंद दिखी जिसमें रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की टर्न और उछाल लेती गेंदों के सामने कैरेबियाई बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। यहां तक कि हार्दिक पंड्या नयी गेंद से उमरान मलिक के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने में सफल रहे। मलिक ने काफी गेंद तेज रफ्तार से डालीं। वेस्टइंडीज क्रिकेट के अब वो स्वर्णिम दिन गुजर गए हैं और भारत में वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद से क्रिकेट की लोकप्रियता भी निचले स्तर पर पहुंच गई है। दूसरे वनडे में शायद उसी पिच का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा लेकिन इसकी प्रकृति भी वैसी ही हो सकती है इसलिये भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी करने की चुनौती से दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

गुडाकेश मोती की बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी और यानिक कारिया की लेग ब्रेक गेंदों को खेलना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा, हालांकि यह इतना आसान भी नहीं होगा। भारतीय बल्लेबाजों टर्न लेती पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ धाकड़ बल्लेबाजी करके बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन अगर पहले वनडे जैसी परिस्थितियों में ऐसा करना पड़े तो यह टीम के लिये इतनी खराब परीक्षा भी नहीं होगी। चेन्नई और लखनऊ जैसे स्थल स्पिनरों के लिये मददगार होंगे और विदेशी हालात में इसी तरह की पिचों पर कुछ अभ्यास करना हमेशा अच्छा ही साबित होगा। घरेलू मैदान पर इसी तरह की पिचों की उम्मीद कर सकते हैं।

# झांसी की ज्योति दिखाएगी जर्मनी में हॉकी का हुनर

**एजेंसी। झांसी**

नगर की उभरती हॉकी स्टार ज्योति सिंह का भारतीय जूनियर टीम में चयन हुआ है। झाँसी की ज्योति सिंह जर्मनी में हॉकी का हुनर दिखाएंगी। उन्हें 4 देशों की अंडर 21 गर्ल्स हॉकी चैम्पियनशिप में भारतीय जूनियर महिला टीम के लिए चुना गया है। ज्योति सिंह ने अभी हाल ही में राउरकेला में सम्पन्न हुई 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा प्रतियोगिता में 5 गोल कर अपनी टीम को चैम्पियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ज्योति ने खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से वार्ता में बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भारत सहित इंग्लैंड, स्पेन, तथा मेजबान जर्मनी चार देशों की हॉकी टीम भाग लेंगी। वह वर्तमान में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ग्वालियर में देश के लिए कई खिलाड़ी को तैयार कर चुके ख्याति प्राप्त हॉकी कोच परमजीत सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। विगत माह में हॉकी इंडिया की कोर टीम के साथ



बेंगलुरु साई सेंटर में जूनियर भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख कोच तुषार खंडकर के दिशा निर्देशन में गहन ट्रेंनिग ले रही है। खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से ज्योति के पिता अंतराष्ट्रीय रेलवे एथलीट धीरज परिहार ने बताया कि ज्योति सिंह पूर्व में भी इंडियन जूनियर महिला टीम दक्षिण अफ्रीका 2023, इंडियन जूनियर महिला टीम 5 देशों का टूर्नामेंट आयरलैंड में सिल्वर मेडल, हॉकी एकेडमी नेशनल चैंपियनशिप 2022 गोल्ड मेडल, प्रथम हॉकी वूमेन एकेडमी नेशनल चैंपियनशिप 2021 सिल्वर मेडल, जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप राउरकेला 2023 गोल्ड मेडल की उपलब्धियों में शामिल रही हैं।

# ज़िम एफ्रो टी10 : जोबर्ग बफेलोज ने हरारे हरिकेंस को 9 विकेट से हराया

**एजेंसी। हरारे**

जिम एफ्रो टी10 के उद्घाटन संस्करण के लीग चरण के अंतिम मैच में जोबर्ग बफेलोज ने शानदार प्रदर्शन किया और हरारे हरिकेंस को 22 गेंद शेष रहते 9 विकेट से हरा दिया। विल स्मीड ने सर्वाधिक नाबाद 44 रन बनाए, जिससे जोबर्ग अंक तालिका में डरबन कलंदर्स के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। केप टाउन सैंप आर्मी और हरारे हरिकेंस तीसरे और चौथे स्थान पर रहे, जबकि बुलावायो ब्रेव्स तालिका में आखिरी स्थान पर रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए, हरारे हरिकेंस की शुरूआत धीमी रही, क्योंकि उन्होंने अपने भारतीय सलामी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा को 6 रन पर ही जल्दी खो दिया। एविन



लुईस 1 रन बनाकर आउट होने वाले अगले खिलाड़ी थे, क्योंकि शुरूआती आदान-प्रदान में जॉबर्ग बफेलोज को बढ़त हासिल थी। इसके ठीक बाद, रेगिस चकाब्वा (10) अपनी शुरूआत को अच्छे स्कोर में बदल नहीं सके, जिसके बाद फॉर्म में चल रहे डोनोवन फरेरा और मोहम्मद नबी ने मोर्चा संभाला। दोनों ने 19 रन जोड़े, क्योंकि वे पारी को स्थिर करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन, 7 वें ओवर में, बफेलोज ने ब्लेसिंग मुजारबानी के माध्यम से फिर से हमला किया। इस समय परेशानी की स्थिति में, नबी, जिनके साथ इरफान पठान भी शामिल थे, ने कमान संभाली। नबी के 19 रन पर आउट होने से पहले इस साझेदारी ने 20 रन जोड़े और ल्यूक जोंगवे शून्य पर आउट हो गए।

## जापान के ताकाहाशी आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के दोषी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुष टी20 विश्व कप ईस्ट एशिया पैसिफिक (ईएपी) क्वालीफायर में पापुआ न्यू गिनी में फिलीपींस के खिलाफ आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम के बगल की दीवार तोड़ने के लिए जापान के बल्लेबाज इब्राहिम ताकाहाशी को दोषी पाया है। ताकाहाशी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि ताकाहाशी को शुक्रवार को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है।

# बुमराह पूरी तरह फिट, जल्द करेंगे वापसी...

## बीसीसीआई सचिव जय शाह ने किया कंफर्म

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आयरलैंड में होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत दूसरे दर्जे की टीम भेजेगा लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कहा कि उम्मीद है कि पूरी तरह फिट हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मालाहिडे में होने वाले तीन मैचों के दौरान खिलाया जा सकता है। बुमराह अपनी पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' की सर्जरी के बाद इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और उनके अंतिम फैसला लिये जाने से पहले कुछ अभ्यास





मैच खेलने की उम्मीद है।

शाह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा, बुमराह पूरी तरह फिट हैं और वह आयरलैंड जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले 12 वनडे ही बचे हैं और प्रयास इस बात पर होगा कि चयन में निरंतरता बरती जाये। शाह ने यह साफ किया कि वापसी करने वाले बुमराह को छोड़कर विश्व कप टीम के सीनियर खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के खत्म होने के छह दिन के अंदर शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए नहीं चुना जायेगा जिसमें टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। शाह ने कहा, आयरलैंड दौरे के अलावा चयन में निरंतरता होगी। शाह ने यह भी कहा कि यह देखना बीसीसीआई का कर्तव्य है कि अन्य क्रिकेट बोर्ड भी अच्छी स्थिति में रहें इसलिये इतना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला जा रहा है। उन्होंने कहा, अन्य बोर्ड के अस्तित्व के लिए हमें हर जगह दौरा करना होगा। इतना ज्यादा क्रिकेट होने के कारण चोट भी लगेंगी। हमें अन्य बोर्ड का ध्यान भी रखना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट मैच खेलने होंगे जो भारतय टीम का हिस्सा नहीं हैं। शाह ने कहा, हाल में सीनियर खिलाड़ी जैसे चेतेश्वर पुजारा और सूर्यकुमार यादव दलीप ट्राफी में खेले थे। जो भी खिलाड़ी एनसीए में नहीं हैं और भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, उसे घरेलू क्रिकेट में खेलना होगा। 80 प्रतिशत खिलाड़ियों ने फिटनेस जांच पास कर ली है।

एशियाई खेल | महिला फुटबॉल टीम के कोच थॉमस डेनेरबी ने कहा

# गोलपोस्ट के पास मौकों को भुनाना होगा

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य को थॉमस डेनेरबी ने कहा कि टीम को एशियाई खेलों और एशियाई क्वालीफाइंग चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मौकों को गोल में बदलने के साथ एटैकिंग थर्ड (गोल पोस्ट के सामने) में अपने खेल में सुधार करना होगा। डेनेरबी ने कहा, हमें गोल पोस्ट के करीब अपने मौके को भुनाना होगा। हमने हाल के मैचों में गोल करने के बहुत सारे मौके बनाये अधिक गोल नहीं कर पाए। डेनेरबी ने एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) की वेबसाइट से कहा कि उनकी टीम को भी अपनी रक्षात्मक संरचना को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमें रक्षापंक्ति को मजबूत करने के लिए भी कड़ी मेहनत करते रहने की जरूरत है। हमारी रक्षापंक्ति अभी अच्छा काम कर रही है और हमने ओलंपिक



क्वालीफिकेशन में दो मैचों के लिए कोई भी गोल नहीं होने दिया। जब हम ओलंपिक क्वालीफिकेशन की तैयारी कर रहे थे तो हमने मैत्री मैचों में गोल करने के आसान मौकों को गंवा दिया था। यह टीम के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि टीम को जवाबी हमला करने के मामले में बेहतर करना होगा। उन्होंने कहा, अगर की रक्षापंक्ति मजबूत रहती है तो हम जानते हैं कि हम मजबूत टीमों के खिलाफ भी हमेशा मौके बनाते हैं। हमें जवाबी हमला तेज करना होगा लेकिन ऐसा तभी होगा जब हम अनुशासित होकर काम करेंगे और अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत रखेंगे। मुझे लगता है कि अगर थोड़ा सा किस्मत का साथ मिला तो यह टीम क्वालीफिकेशन में आगे बढ़ सकती है। भारत को एशियाई खेलों के ग्रुप बी में चीनी ताइपे और थाईलैंड के खिलाफ रखा गया है, ओलंपिक क्वालीफायर में उसका मुकाबला उज्बेकिस्तान से होगा, जबकि जापान और वियतनाम इस ग्रुप में अन्य टीमें हैं। डेनेरबी ने कहा कि भारतीय टीम मुश्किल ग्रुप में है और उसके लिए ग्रुप चरण से आगे बढ़ना आसान नहीं होगा।

## डेनमार्क को मात देकर इंग्लैंड नॉकआउट चरण के करीब

**सिडनी।** यूरोपीय चैंपियन इंग्लैंड ने शुक्रवार को डेनमार्क को 1-0 से हरा दिया, जिससे वह मौजूदा फीफा महिला विश्व कप के नॉकआउट चरण के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सिडनी में जीत खिताब की प्रबल दावेदार मानी जाने वाली इंग्लैंड की टीम के लिए एक महत्वपूर्ण नुकसान लेकर आई होगी। मध्यांतर से ठीक पहले स्टार खिलाड़ी केइरा वॉल्श के घुटने में गंभीर चोट लग गई। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना की मिडफील्डर एक पास को रोकने की कोशिश करते समय अजीब तरह से मुड़ गई और वह काफी व्यथित दिखाई दे रही थी, क्योंकि उसे स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। हैती के खिलाफ 1-0 की निराशाजनक शुरूआती जीत के बाद, जहां पेनल्टी किक ही एकमात्र अंतर था, बोर्ड पर अंक लगाने की इंग्लैंड की क्षमता पर संदेह था। लेकिन एक सक्रिय इंग्लैंड ने आलोचकों को एक उच्च-ऊर्जा शुरूआत के साथ जवाब दिया, और छठे मिनट में लॉरेन जेम्स ने जबरदस्त शॉट से गोल दाग दिया। इंग्लैंड ने बेहतरीन पासिंग कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें जेम्स ने निशाना साधा, लेकिन डेनमार्क ने उसे बेकार कर दिया।



